फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 345, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16
'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 15

## एक नजर

### आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'आप' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

### आठवें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातन धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा-संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी

# रिश्वत के मामलों में सांसदों-विधायकों को नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी



- वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

### संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी



फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

### स्वच्छ राजनीति सुनिश्चत करने वाला फैसला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।

### पांच जजों की पीठ ने आपराधिक मुकदमे से दी थी छूट

पांच जजों की संविधान पीठ ने 1998 में 'पी वी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है।

लालू प्रसाद के परिवार संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी का पलटवार

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा।'



### यह चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सवः मोदी

प्रधानमंत्री ने मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास के अवसर पर कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं।

### कांग्रेस का कटाक्ष- टेनी और बृजभूषण हैं मोदी के असली परिवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

### भाजपा नेताओं ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

# वीडियो के बाद भाजपा सांसद का चुनाव लड़ने से इनकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश

**अमृत विचार :** बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है। कयास लगने लगे हैं कि भाजपा अब किसे प्रत्याशी बनाएगी?



सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। रावत का कहना है कि उनका वायरल वीडियो एआई तकनीक से बनाया गया है। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था।

रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।

# तेंदुए के हमले में महिला सहित सात ग्रामीण घायल, दो की हालत गंभीर

संवाददाता, बुरावली (अमरोहा)

- तड़के करीब तीन बजे लालापुर में घुसे तेंदुए ने मचाया आतंक
- पुलिस ने घायलों को सीएचसी में कराया भर्ती, गांव में दहशत

**अमृत विचार :** अमरोहा जिले के गांव लालापुर में तड़के करीब तीन बजे तेंदुए ने सात लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इनमें दो की हालत गंभीर है। गांव और क्षेत्र में दहशत है। जानकारी पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दो घायलों को मेरठ रेफर किया गया है।

रहरा थाना क्षेत्र का गांव लालापुर जंगल से घिरा है। सोमवार तड़के करीब तीन बजे एक तेंदुआ गांव में घुस आया। उसने एक के बाद एक कई घरों में घुसकर लोगों पर हमला कर दिया। हमले में अनिल त्यागी, राजीव त्यागी, हरिराम, दीपक जाटव, सुमित जाटव, भूरा सिंह और सोमवती घायल हो गए। सीताराम व इरफान की बकरी को तेंदुए ने निवाला बना लिया। जिन घरों में तेंदुआ घुसा उनकी चारदीवारी में दरवाजे नहीं थे। घरों में सो रहे सात लोगों पर तेंदुए के हमले से गांव में चीख-पुकार मच गई। थोड़ी देर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल की तरफ खदेड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और घायलों को रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर घायल 60 वर्षीय अनिल को परिजन मेरठ ले गए, चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताते हुए उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। हरिराम सिंह की हालत भी गंभीर है। वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा व जाल लगाया जा रहा है।



राजीव त्यागी



भूरा सिंह

# पूर्व सांसद जयाप्रदा अदालत में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। अब छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। जो कोर्ट में विचाराधीन हैं। कई तारीखों से वह पेश नहीं हो रही थीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। उनकी गिरफ्तारी के भी आदेश दिए थे।



जयाप्रदा अपने अधिवक्ता के साथ एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया फिर जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी ने बताया कि पूर्व सांसद मेडिकल ग्राउंड पर तारीखों पर पेश नहीं हो सकी थीं, तबीयत में सुधार होते ही पेश हुईं।

# सरकारी नल पर पानी भरने के लिए गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- गांव के ही दो किशोरों पर है आरोप, एक गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज
- बेहोशी की हालत में तड़के घर से कुछ दूरी पर डाल गए आरोपी

**अमृत विचार :** सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम घर से कुछ दूर सरकारी नल पर पानी भरने गई 13 वर्षीया किशोरी को दो किशोरों ने दबोच लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ी तो उसके घर से कुछ दूर बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की 13 वर्षीया पुत्री रविवार की शाम करीब सात बजे घर से कुछ दूर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। जहां से गांव के ही 15-17 साल के किशोरों ने उसे दबोच लिया। गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग नल पर पहुंचे तो उसकी बाल्टी रखी मिली। गांव के आसपास अक्सर बाघ की चहलकदमी के कारण घरवालों को आशंका हुई। इस पर उसकी ग्रामीणों के साथ तलाश की, सोमवार तड़के करीब तीन बजे पुत्री बेसुध हालत में घर से कुछ दूर पड़ी मिली। होश आने पर किशोरी ने पूरी घटना बताई। उसे लेकर घर वाले थाना सिंगाही पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया गांव पहुंचे और पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

> दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। मंगलवार को पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। – **पवन गौतम**, एएसपी (पूर्वी)

# पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आदित्य एल-1 की लॉंचिग के दिन चला था पता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।



सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

# बिजनौर से चंदन चौहान बने रालोद के उम्मीदवार

**लखनऊ।** भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक हैं। सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

मिसाल | पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

# खेत न मिट्टी, सब्जी-फलों से 80 लाख का सालाना कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार :** न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।



तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

### रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

### पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।

## ' अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में हनुमान चालीस का पाठ प्रात : 5 :30 बजे।

☞ हाईस्कूल की प्रथम पाली में गृह विज्ञान की परीक्षा सुबह 8 :30 बजे।

# निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृतविचार :** सैदनगर ब्लॉक क्षेत्र के घाटमपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सोमवार को कक्षा छह, सात और आठ के गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा हुई। इस दौरान छात्राओं ने निर्वाचन के प्रति जागरूक किया।

कक्षा आठ की छात्राओं ने चूल्हे में लकड़ियां जलाकर पकौड़ी बनाईं। उन पकौड़ी से बटर पेपर पर (स्वीप रामपुर) लिखकर निर्वाचन के प्रति जागरूक किया। छात्राओं के इस प्रयास को सभी शिक्षकों ने सराहा। कक्षा सात की छात्राओं ने सलाद की प्लेट में चुकंदर, गाजर, खीरा, टमाटर, मिर्च, बंद गोभी से स्वीप रामपुर लिखकर निर्वाचन के प्रति जागरूक किया। गृह विज्ञान की प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं में अलीजा, पुष्पा, रानी, खुशी, राखी, सानिया, रुबीना, बुशरा, रजब नूर, मुंतहा, अदीबा, अलीशा, मरियम, समरीन, उजाला, संजना, प्रियांशी, राधिका, सोनम, अरीबा, आशी, सफिया, दीपिका, संजीवनी, त्रिछा, पिंकी, फायजा, रोशनी , रूशदा, कामिनी, उपस्थित रहीं।



गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में पकौड़ी बनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- कंपोजिट विद्यालय में हुई गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा
- पकौड़ी से स्वीप रामपुर लिखकर किया जागरूक

### सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए शासन की ओर से एक लाख रुपये हुए जारी

# विद्यार्थी इमारतों और धरोहरों का करेंगे भ्रमण

दीपक सोलंकी, रामपुर

**अमृत विचार :** अब सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी एक दिन के भ्रमण पर जा सकेंगे। शासन की ओर से शिक्षा विभाग को आदेश जारी कर दिए गए हैं। शिक्षा विभाग छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक स्थलों पर ले जाने की तैयारी में जुट गया है।

शासन की ओर से सरकारी स्कूलों को इंग्लिश मीडियम की तर्ज पर बनाने की कवायद तेजी के साथ चल रही है। ताकि बच्चों को होनहार बनाया जा सके। आगे चलकर वे अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन कर सके। सरकारी स्कूलों के बच्चे भी स्कूल ट्रिप पर जा सकेंगे। निजी स्कूलों की तरह ही सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी ट्रिप पर ले जाया जाएगा। इसके लिए शासन की बच्चों को भ्रमण कराने के लिए एक लाख रुपये विभाग को मिले हैं। यह धनराशि खर्च ऐतिहासिक इमारतों और धरोहरों का भ्रमण करने वाले बच्चों के लिए खर्च होगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 200 बच्चों का चयन किया है।



स्कूल कक्षा में शामिल छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

> शासन की ओर से बच्चों के भ्रमण के लिए एक लाख रुपये मिले हैं। इसमे छह मार्च को 200 बच्चों को भ्रमण के लिए ले जाया जाएगा। उनको कई स्थानों पर जाकर ऐतिहासिक स्थल दिखाए जाएंगे।
> – सुनील कुमार सक्सेना, जिला समन्वयक, सामुदायिक सहभागिता

### सभी ब्लॉक क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं चयनित

इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तर्ज पर बच्चों को घूमाने का आदेश आने के बाद विभाग सक्रिय हो गया है। नगर सहित सभी सात ब्लॉकों से कुछ दिनों पहले बच्चों का चयन किया गया था। इसमें 200 बच्चों को चुना गया। इन सभी बच्चों को छह मार्च को किसी वाहन से घुमाने के लिए ले जाया जाएगा। इस दौरान इन बच्चों की देर रेख के लिए 20 शिक्षक भी चुने गए हैं। ताकि बच्चों को सही से ध्यान रखा जाए सका। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों के बारे में महत्वपर्ण जानकारी मिलेगी। जिससे उन्हें शिक्षा ज्ञान में लाभ होगा।

## एक नजर

### पदयात्रा की तैयारियों में जुटी रहीं भाजपा नेत्रियां

**बिलासपुर,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को निकलने वाली नारी शक्ति वंदन पदयात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा जुटा रहा। सोमवार को मोर्चा की नगर अध्यक्ष मधुबाला गुगलानी के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने कई स्थानों पर जा-जाकर महिलाओं के साथ बैठकें कीं। पदयात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। यह पदयात्रा कल पूर्वान्ह 11 बजे शिव बाग मंडी से निकाली जाएगी, जिसका पुरानी रामलीला मैदान पर समापन होगा। अनुराधा प्रकाश, नेहा कश्यप, नेहा यादव आदि काफी कार्यकत्रियां संपर्क अभियान में शामिल रहीं।

### पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** जनशक्ति दल के महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने सोमवार को समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। अन्तोदय कार्ड बनवाने व अन्य समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम गंगवार के नेतृव में महिला कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचीं। इस दौरान सुहाना बेगम, अकीला बेगम, रूबीना बेगम, सुरइया बेगम, नूरजहां, मकसूदन, अफसाना रहीं।

# समाज और राष्ट्र की ताकत हैं युवा : डॉ. दीपा

## रजा डिग्री कॉलेज में हुए युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने गीत, गजल और स्वागत गान प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने छात्रों से कहा, समाज और राष्ट्र की ताकत युवा हैं। युवा शक्ति का जागरूक और सशक्त होना ग्लोबल संदर्भ में आज की जरूरत है। महाविद्यालय में आयोजित हो रहा युवा महोत्सव उमंग युवाओं को एक प्लेटफार्म देता है। ताकि युवा कल के मजबूत समाज का निर्माण कर सके।

कॉलेज सभागार में तीन दिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव उमंग का रंगारंग का आरंभ छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं महाविद्यालय कुलगीत की मधुर प्रस्तुति के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल, चीफ प्रॉक्टर डॉ. जागृति मदान और डॉ. मीनाक्षी गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर तीन दिवसीय युवा महोत्सव उमंग के पहले दिन चार्ट एवं पोस्टर निर्माण, सामूहिक परिचर्चा, एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विषय उभरता भारत, पर्यावरण, स्वच्छ भारत, सड़क सुरक्षा, डिजिटल भारत एवं जी-20 विश्व शांति में भारत का योगदान रहे। संचालन हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अब्दुल लतीफ ने किया। चार्ट एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के आयोजन मंडल में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. ब्रह्म सिंह, डॉ. राजीव पाल, डॉ. घनश्याम शामिल रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. विनय कुमार शर्मा, डॉ. सुमन लता, डॉ. राजेश कुमार रहे। चार्ट पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आलिया, खुशी सैनी एवं आम्रपाली रहीं।



कॉलेज में स्वागत गीत प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



युवा महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और प्रवक्ता। ● अमृत विचार

### सामूहिक परिचर्चा में समूह पंचम प्रथम

सामूहिक परिचर्चा प्रतियोगिता देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सामूहिक परिचर्चा के विजेता छात्रों में प्रथम स्थान पर समूह पंचम रहा। समूह में समूह में अजहर, रमशा, सिदरा शाहिद, राबिया नाज, नाम खान, फास्का, कयूम, एवं काशिफा शाहिद शामिल थे दूसरे स्थान पर समूह चतुर्थ के मोहम्मद नवेद, इंतखाब, अनस अली, मोहम्मद आदिल जबकि, तीसरे स्थान पर समूह अनीसा, अफीफा अनम, फरहाना बी, तैयबा, राबिया बी रहे। सामूहिक परिचर्चा आयोजन मंडल में डॉ. हितेंद्र कुमार, डॉ. नितिन चौधरी, डॉ. राजू, डॉ. विशाल कुमार आदि रहे।

### सोनिया श्रीवास्तव प्रथम

आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सोनिया श्रीवास्तव, साहिल अली खान, तरुणा जोगेश रहे। प्रतियोगिता के आयोजन मंडल में डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. सुरेंदर कुमार गौतम, डॉ. मुदित सिंघल, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. राहुल कुमार, निर्णायक मंडल में डॉ. हितेंद्र, डॉ. राजकुमार, डॉ. सोमेंद्र सिंह शामिल रहे। इनके अलावा भी अनेक छात्रों को सम्मानित किया गया।



परीक्षा कक्ष में जाने से पहले छात्राओं की तलाशी लेतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# हाईस्कूल के 1909 विद्यार्थियों ने छोड़ दी अंग्रेजी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को पहली पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी में पंजीकृत संस्थागत के 25816 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 23907 ही परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 1909 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। व्यक्तिगत के पंजीकृत परीक्षार्थी 163 में से 135 ही परीक्षा देने पहुंचे। 28 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

यूपी बोर्ड की पहली पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा सुबह 8:30 से लेकर 11:45 तक हुई। पहली पाली में इंटरमीडिएट की कृषि विज्ञान द्वितीय की परीक्षा भी थी। संस्थागत के पंजीकृत 97 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 92 परीक्षार्थियों ने पांच परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी जिसमें पांच परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। संस्थागत का पंजीकृत एक परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचा। सारी परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की देख रेख में हो रही हैं। अंग्रेजी का पेपर होने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली भी जिले भर में टीम के साथ छापेमारी करते रहे। उधर, दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से भैतिक विज्ञान की परीक्षा 71 केंद्रों पर हुई।संस्थागत के पंजीकृत 13718 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 12946 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 772 गैर हाजिर रहे। व्यक्तिगत के पंजीकृत 896 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 761 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान 135 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

# महिलाओं के उत्थान के लिए स्थापित किया गया सरस हाट

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सरस हाट बनने से इस स्थल का कायाकल्प हुआ है। इसे आकर्षक रूप दिया गया है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए यह सरस हाट स्थापित किया गया है।

विकास खंड चमरौआ क्षेत्र के गांव शंकरपुर में प्रदेश के पहले सरस हाट का कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी और मंडलायुक्त मुरादाबाद आन्जनेय कुमार सिंह ने फीता काटकर आरंभ किया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रत्येक दुकान और स्टॉल का भ्रमण किया। उनका संचालन करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि कुछ समय पूर्व इस जमीन पर गंदगी के ढेर थे। आज यहां आकर्षक रूप दिया गया है। जिले में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार प्रत्येक जनमानस के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी जमीनें आमजन की जरूरतों की पूरक बनें, इस दिशा में यह एक शुरूआत है। सरकार विकास और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। सरस हाट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्थाई जगह देकर उन्हें अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री करके आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। यह सरस हाट अपने संसाधनों से तैयार प्रदेश में पहला सरस हाट है और इस दिशा में कदम बढ़ाया है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल तैयार हो रहे हैं, जो भी अपने आप में बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में विकास नए रूप में आया है। देश का पहला अमृत सरोवर और देश का सबसे बड़ा पीएम स्वनिधि गलियारा स्थित है। ऐसे ही विभिन्न विकास और उन्नति के क्षेत्रों में रामपुर को नई दिशा दी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सरस हाट से लोगों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सृजित होंगे।



उद्घाटन करते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी वअन्य।

### 2586700 रुपये की धनराशि से हुए कार्य

सरस हॉट में क्षेत्र पंचायत निधि से 2586700 रुपये की धनराशि से कार्य, मनरेगा से 1790833 रुपये के कार्य कराए गए हैं। चारदीवारी, गेट, आन्तरिक पथ, सैट, विद्युत, पेयजल और शौचालय का निर्माण नए सिरे से कराया गया है। बेबी फीडिंग की सुविधा है साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इस सरस हाट में सखी स्वयं सहायता समूह को पराग प्रोडक्ट, नीति महिला स्वयं सहायता समूह को आयुर्वेद दवाइयां, सेवा स्वयं सहायता समूह को पिज्जा बर्गर, एफपीओ को कृषि उत्पाद, राम स्वयं सहायता समूह को हर्बल गुलाल, दीपक स्वयं सहायता समूह को गजक और रबड़ी, कृष्णा स्वयं सहायता समूह को ब्यूटी पार्लर, वायलिन, टोपी है। इसके अलावा चाकू, शिव स्वयं सहायता समूह को जन सेवा केंद्र, शंकर स्वयं सहायता समूह को रामपुरी टोपी, दीपक स्वयं सहायता समूह को पतंग और गजक, आशा स्वयं सहायता समूह को फोल्डिंग मैट और कृष्णा स्वयं सहायता समूह को टेडी बियर खिलौने के लिए दुकाने आवंटित की गई हैं।



भावाधस के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम। ● अमृत विचार

# वाल्मीकि धाम में मनेगा झंडा दिवस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तोपखाना रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती में सोमवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक हुई। इसमें भीम के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि आठ मार्च को झंडा दिवस भगवान वाल्मीकि धाम कोसी मंदिर रोड पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें पंजाबी भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

भीम अनार्य ने कहा कि आसमानी झंडे की स्थापना आठ मार्च 1992 को रामपुर में ही की गई थी, जो अब पूरे देश में वाल्मीकि एकता की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वज यात्रा निकाली जाएगी, जो वाल्मीकि धाम पर सम्पन्न होगी। यहां दलित महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद घनश्याम सिंह लोधी आदि रहेंगे।

# आज डूंगरपुर बिजलीघर के बंद रहेंगे सभी फीडर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर बिजलीघर के सभी फीडर मंगलवार को बंद रहेंगे। पूर्वान्ह 11 से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। चार बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होगी। आरडीएसएस योजना के अलावा बिजलीघर के तारों की मरम्मत कराई जाएगी।

शहर में इन दिनों पुरानी बिजली के तारों और खंभों को बदलने का कार्य कराया जा रहा है। मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से शाम पांच बजे तक डूंगरपुर बिजलीघर में जर्जर तारों को सही कराए जाने और बिजली के पैनलों की मरम्मत कराई जाएगी। उपभोक्ताओं को बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए बिजलीघर में कार्य कराया जाएगा। सभी फीडरों से नौ हजार उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति मिल रही है यह कार्य होने से रोज रोज के फॉल्ट से उपभोक्ताओं के साथ विद्युत निगम को भी काफी राहत मिलेगी। रविवार और सोमवार के मध्य रात्रि हुई बारिश होने से सिविल लाइंस, अस्तबल रोड की बिजली पांच घंटे तक गुल रही। सुबह सात बजे आपूर्ति सुचारू हुई। विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि बारिश होने से 11 हजार की लाइन में खराबी आ गई थी। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए सुबह सात बजे बाधित आपूर्ति को सुचारू करा दिया गया है।

> डूंगरपुर बिजली घर में सात फीडर हैं, जिसमें आसरा कालोनी, नवीन मंडी, खुसरो बाग, जेल रोड, वाटर वर्क्स, अस्तबल और डिग्री कालेज के फीडरों को पूर्वान्ह 11 से शाम चार बजे तक बंद रखा जाएगा। ताकि, तारों और अन्य उपकरणों की मरम्मत कराई जा सके।
> – प्रद्योमन्न सिंह, एसडीओ द्वितीय

**तैयारी** जिलाधिकारी बोले– श्रद्धालुओं को नहीं हो असुविधा, सीसीटीवी कैमरों से असमाजिक तत्वों की होगी निगरानी

# रठौंडा मेले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर करें फोकस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि रठौंडा मेला परिसर में लगे खंभे और तारों को दुरुस्त किया जाए। साथ ही जगह-जगह साइनेज भी लगे होने चाहिए। ताकि आम जनमानस को पार्किंग सहित विभिन्न निर्धारित स्थलों के बारे में जानकारी रहे। मेले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा की टीमों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जाएगी।

छह से 23 मार्च तक आयोजित होने वाले किसान मेला रठौंडा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष खाली राम लोधी और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मेला परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने मेला आयोजन को लेकर तैयारियों के बारे में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व एसडीएम मिलक से जानकारी ली।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य ने बताया कि मेला मजिस्ट्रेट की तरफ से आवश्यकता अनुरूप ड्यूटी लगा दी गई है। आम जनमानस को जरूरत पड़ने पर त्वरित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए भी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करा लिए गए हैं। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इनसे प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रहेगी। मेला परिसर में खाद्य सामग्री तैयार करने वाले लोग सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर का ही उपयोग करेंगे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए बेहतर प्रबंधन बहुत जरूरी है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त हेम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मेले का चार्ट देखते जिलाधिकारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

# नई ट्रेन का रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग उठाई

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** लालकुआं से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेन 15015 का ठहराव स्थानीय स्टेशन पर कराने की मांग को लेकर व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा।

सोमवार दोपहर उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल व नगरध्यक्ष सुदर्शन मदान के नेतृत्व में एकत्र हुए और जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए केमरी रोड स्थित कोटा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंनें मंगलवार से शुरू हो रही लालकुआं-अमृतसर नई ट्रेन का ठहराव स्थानीय स्टेशन पर कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद वह सभी स्टेशन अधीक्षक विपिन कुमार सिन्हा से मिले और उन्हें रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि कल से नई ट्रेन लालकुआं से अमृतसर चलाने की घोषणा की गई है,मगर उसका स्टोपेज रामपुर स्टेशन या बिलासपुर स्टेशन पर नहीं है। स्थानीय क्षेत्र सिख पंजाबी बहुल्य क्षेत्र माना जाता है और कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की विधानसभा क्षेत्र भी है।

अमृतसर जाने वाले श्रद्धालुओं और लोगों को जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग है कि इस ट्रेन का ठहराव दोनों ही स्टेशनों पर किया जाए। जबकि मंगलवार को इसी रास्ते पर जालंधर तक जम्मू गरीब रथ पहले से ही चल रहा है जिसका दिन बदला जाए। प्रदर्शन करने वालों में राजीव अग्रवाल, गुरमीत सिंह, जोगपाल सिंह,शीतल बंसल, गिरिराज किशोर अग्रवाल, चंद्र मोहन भाटिया आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रॉली में घुसी बाइक युवक की जान गई

रामपुर,अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ट्रॉली में पीछे से बाइक टकराने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बजरंग बिहार निवासी नितिन कुमार उर्फ लक्की(40) बाइक से माला रोड स्थित एक गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। रास्ते में राम-रहीम पुल पर बाइक आगे चल रही ट्राली से टकरा गई। हादसे में लक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, युवक की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### करीब ढाई घंटे तक कोर्ट में रहीं पूर्व सांसद, कार्रवाई के बाद दिल्ली रवाना, धारा 82 की कार्रवाई की गई निरस्त

# जयाप्रदा बोलीं- स्वास्थ्य में सुधार हुआ तो कोर्ट में हुईं पेश

कार्यालय संवाददाता,रामपुर



कोर्ट के बाहर पत्रकारों से बातचीत करतीं पूर्व सांसद जयाप्रदा।

अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा अपने अधिवक्ताओं के साथ सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कागजी कार्रवाई होने के बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान उनके साथ कई समर्थक भी मौजूद रहे। पूर्व सांसद ने कहा कि वह तबीयत खराब होने के कारण कोर्ट में पेश नहीं हो पा रही थीं। स्वास्थ्य में सुधार होने पर वह कोर्ट में पेश हो गई हैं।

पूर्व सांसद जयाप्रदा ने वर्ष 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ा था। आरोप है कि उन्होंने केमरी और स्वार में आचार संहिता का उल्लंघन किया था। उसके बाद निगरानी टीम ने दोनों मामलों में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

इसके बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इन मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। कुछ तारीखों पर ही पूर्व सांसद कोर्ट आईं थीं। इसके बाद वह कोर्ट में पेश नहीं हुई थीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे। लेकिन फिर वह पेश नहीं हुईं। सात बार वारंट जारी हो गए थे। आठवीं बार पेश नहीं होने पर कोर्ट ने उनके खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को लिखा था।

आदेश दिया था कि सीओ के नेतृव में एक टीम बनाकर जयाप्रदा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें। हालांकि इससे पहले ही जयाप्रदा अपने अधिवक्ताओं के साथ सोमवार को अपराह्न करीब 2:30 बजे मीडिया से बचते हुए कोर्ट में पहुंच गईं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी और प्रवीण आर्य की दलीलों के बाद गैर जमानती वारंट और धारा 82 की कार्रवाई को कोर्ट ने निरस्त कर दिया। इस दौरान करीब ढाई घंटे जयाप्रदा कोर्ट में रहीं। करीब सवा चार बजे कोर्ट से बाहर आईं। कुछ समर्थकों से उन्होंने मुलाकात की।

मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देने के बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।

#### चुनाव के नाम पर बदनाम करने की कोशिश

कोर्ट से बाहर आने के बाद पूर्व सांसद जयाप्रदा पत्रकारों से रूबरू हुईं। उन्हेंने कहा कि सड़क का बनाना गलत है, तो मैं सड़क बनाऊंगी, जनता की मांग है तो सड़क बनाऊंगी। इसमें मेरा कुसूर नहीं है। अदालत से मैं विनम्रता से कहती हूं, अगर गलती हो गई है तो मैं माफी चाहती हूं। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान होता है, भाजपा में आने के बाद में सम्मान महसूस करती हूं। हम लड़ सकते हैं। चुनाव के नाम से जो मुझे बदनाम करने की कोशिश की गई तो यह नहीं हो पाया।

#### जमानतियों को भी मिले थे नोटिस

जयाप्रदा के कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण कोर्ट ने कड़ा रूख अपनाते हुए पूर्व सांसद के जमानतियों को भी पिछली तारीखों पर नोटिस जारी कर दिए गए थे। हालांकि अब सोमवार को जयाप्रदा के पेश होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। जयाप्रदा दिसंबर से कोर्ट में नहीं आ रही थीं।

### पत्नी को पीटने वाले पति का शांति भंग में चालान

मसवासी, अमृत विचार : पत्नी को पीटने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति का शांति भंग में चालान कर दिया। वहीं एसडीएम कोर्ट ने आरोपी पति को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

गांव बिजारखाता निवासी महिला ने अपने पति कृष्ण गोपाल वर्मा के खिलाफ मारपीट करने के संबंध ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह से शिकायत की थी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर चौकी पुलिस ने आरोपी कृष्ण गोपाल वर्मा का शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश कर दिया। जहां एसडीएम अवनीश कुमार के आदेश पर पत्नी से मारपीट के आरोपी कृष्ण गोपाल वर्मा को जेल भेजा है।

# विवाद में सीआरपीएफ जवान को लगी गोली, मौत

### गांव रहमत गंज की घटना, एक सप्ताह पहले छुट्टी पर घर आया था छत्तीसगढ़ में तैनात धर्मेंद्र

संवाददाता, रामपुर/मसवासी



मृतक के भाई को समझाते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मसवासी थाना क्षेत्र के गांव रहमतगंज में दो भाइयों के बीच विवाद निपटाने पहुंचे सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत हो गई।



घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

गांव रहमतगंज में कृष्ण कुमार पुत्र हरस्वरुप का अपने भाई राजेश से विवाद चल रहा था। सोमवार शाम 7 बजे दोनों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान गांव निवासी ब्रजकिशोर बीच-बचाव कराने पहुंच गया। कुछ देर में ब्रजकिशोर का भतीजा सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा (24) पुत्र जोगेंद्र बाइक से मौके पर आ पहुंचा। यहां पत्थरबाजी होती देख धर्मेंद्र अपने चाचा ब्रजकिशोर को बचाने लगा। इस दौरान दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने लाइसेंसी दो नाली बंदूक से फायरिंग कर दी। इस दौरान धर्मेंद्र की कनपटी पर गोली लग गई। लोग घायल जवान को काशीपुर स्थित हायर सेंटर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस व उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दो भाइयों के विवाद में बीच-बचाव के दौरान गोली लगने से सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र की मौत हुई है। दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मृतक के परिजनों ने तहरीर दी है।

#### अलग-अलग रहते थे कृष्ण कुमार और राजेश

सगे भाई कृष्ण कुमार और राजेश कुमार के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। दोनों परिवार के साथ अलग-अलग रह रहे हैं। सोमवार को ऐसा विवाद हुआ कि सीआरपीएफ के जवान की जान चली गई।

#### दूर के रिश्तेदारों के बीच-बचाव में सीआरपीएफ जवान ने गंवा दी अपनी जान, परिवार में मचा कोहराम

रामपुर/मसवासी, अमृत विचार : रहमतगंज गांव में दो सगे भाइयों के बीच झगड़ा देख सीआरपीएफ जवान से रहा नहीं गया। वह दोनों पक्षों को शांत कराने चला गया। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग लाइसेंसी हथियार निकाल लाए और बंदूक से गोली चला दी। बीच-बचाव के प्रयास में सीआरपीएफ के जवान धर्मेंद्र की जान चली गई। गोली चलने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। गांव रहमत गंज निवासी जोगिन्दर सिंह के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा पिता के साथ खेती करता है। दूसरा बेटा धर्मेंद्र (24) उर्फ भूरा की दो साल पहले ही सीआरपीएफ में नौकरी लगी थी। इस समय वह छत्तीसगढ़ में तैनात था। वह एक सप्ताह पहले ही छुट्टी लेकर घर आया था। छुट्टी के दौरान अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिता रहा था। इस दौरान उसके दूर के रिश्तेदार कृष्ण कुमार और उसके सगे भाई राजेश के बीच किसी बात को लेकर सोमवार शाम विवाद हो गया था। इसके बाद हंगामा होने पर धर्मेंद्र वहां चला गया। वह दोनों भाइयों को शांत कराने लगा। तभी किसी ने गोली चला दी, जो धर्मेंद्र की कनपटी पर जाकर लग गई। गोली चलते ही भगदड़ मच गई। मारपीट में बंदूक टूट गई। पुलिस ने बंदूक जब्त कर ली है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी पहुंच गए। उन्होंने पूछताछ की। बाद में पुलिस ने सीआरपीएफ जवान का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

#### धर्मेंद्र को कल जाना था छत्तीसगढ़

सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र को मंगलवार को डयूटी पर लौटना था, लेकिन उसे किया पता था कि वह अब कभी ड़्यूटी नहीं कर सकेगा। दो वर्ष पूर्व धर्मेंद्र भर्ती हुआ था। वह अपने भाइयों में मझला था। ग्रामीण उसे भूरा कहकर बुलाते थे। अचानक हुई गोली लगने से उसकी जान चली गई। उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। पिता जोगेंद्र सिंह ने कृषि पर निर्भर रहकर उसकी पढ़ाई कराई थी। उसे इस मुकाम तक पहुंचाया था। भर्ती के बाद परिवार के लिए वह सहारा बन गया था।

### बाइक और स्कूटी में भिड़ंत, युवक की मौत

भोट, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर बाइक और स्कूटी की टक्कर में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया है। शव भी मोर्चरी में रखवाया गया है।

सोमवार शाम करीब छह बजे नेशनल हाईवे में खूंटाखेड़ा गांव स्थित मोंगा ढाबे के पास बने कट पर एक बाइक और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों पर सवार युवक हाईवे पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि बाइक सवार अजीमनगर थाना क्षेत्र के नगला खुर्शीदनगर गांव निवासी सलमान को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

हादसे में जान गंवाने वाले गंज थाना क्षेत्र के जेल रोड निवासी आसिफ का शव मोर्चरी में रखवा दिया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट में गवाहों ने दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार बचाव पक्ष के दो गवाहों ने बयान दर्ज कराए। इस मामले में 11 मार्च की तारीख नियत की गई है।

अब्दुल्ला के खिलाफ दो पासपोर्ट का मामला भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि अब्दुल्ला ने अलग-अलग जन्म तिथि से दो पासपोर्ट बनवाए हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है। अब बचाव पक्ष गवाह पेश कर रहे हैं। सोमवार को अनवर खान और जकी उल सफर दोनों गवाही पूरी हो गई है। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि अब इस मामले में 11 मार्च को सुनवाई होगी।

**डूंगरपुर के एक मामले में हुई बहसः** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में पत्रावली अंतिम बहस में लगी हुई थी। इसमें बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी कर ली गई। अब इस मामले में मंगलवार को सुनवाई होगी।

2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें पूर्व मंत्री आजम खां पर मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी ध्वस्त कराने का आरोप लगाया था। इन मामलों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, समेत अन्य कई आरोपी हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई।

#### पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा

रामपुर,अमृत विचार : फरार चल रहे आरोपी को पुलिस पकड़ने के बाद थाने ले आई। जहां उस पर सख्त कार्रवाई कर दी है। थाना शाहबाद पुलिस द्वारा वांरटी शिव सिंह पुत्र गेंदनलाल निवासी मोहल्ला खेडा थाना शाहबाद धारा 4/25 आर्म्स एक्ट को उसके मसकन से गिरफ्तार करने के बाद कार्रवाई कर दी है। पुलिस आरोपी को काफी समय से तलाश रही थी।

# युवती से दुष्कर्म और गर्भपात कराने में चार लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : युवती को शादी का झांसा देकर उसे एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसका गर्भपात करा दिया। बाद में प्रेमी ने उसके साथ शादी से इनकार कर दिया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती के अनुसार, वर्ष 2021 में उसकी जान पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से मूंढापांडे के गांव पैपटपुरा निवासी मनोज से हुई थी। उस वह मनोज ने युवती को देखकर कहा था कि वह उसे पसंद करता है और शादी करनी है। आरोप है कि मनोज उसे ज्वालानगर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में अपने भाई श्रीपाल और हरिबाबू के घर ले गया। जहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने अपनी भाभी से भी मिलवाया। युवती गर्भवती हो गई तो सभी लोगों ने उसका गर्भपात करा दिया। युवती ने बताया कि एक साल पहले युवक उसे एक होटल में भी ले गया था। 10 नवंबर 2023 को जब युवती ने शादी करने की बात कही तो मनोज ने जल्द ही शादी करने का आश्वासन दिया। आरोप है कि वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। युवती ने 24 फरवरी 2024 को थाने में तहरीर दी। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। बाद में उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसपी के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी मनोज, श्रीपाल, हरिबाबू व सुष्मिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भाकियू की पंचायत में उठा फसलों का मुद्दा

बिलासपुर, अमृत विचार : भाकियू अराजनैतिक की मुंडिया कलां गांव में हुई पंचायत में किसानों को फसली नुकसान का मुआवजा देने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि बेमौसम बारिश व हवा ने किसानों की गेहूं, लाही आदि फसलों का बहुत नुकसान किया है। इससे किसानों पर आफत जा गई है। सरकार व प्रशासन तत्काल मुआवजा देकर मदद पहुंचाएं। उन्होंने सरकार से किसानों के कर्जों की माफी की भी मांग की। पंचायत में मंगलवार को लखनऊ के शक्ति भवन पर होने जा रहे यूनियन के विशाल प्रदर्शन के लिए आज देर शाम कूच करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि भारी संख्या में रवाना होना है। नंदन प्रसाद पटेल, केहरी सिंह, लखविंदर गंगवार, अमित गंगवार, धर्मवीर, सत्यवीर, अबरार अंसारी, राम किशोर रहे।

# महाशिवरात्रि पर बंद रहेंगी मांस की दुकानें

संवाददाता, स्वार



कोतवाली में बोलते उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार। ● अमृत विचार

अमृत विचारः महाशिवरात्रि और अतिक्रमण से लग रहे जाम को लेकर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने संभ्रांत नागरिकों और दुकानदारों के साथ बैठक की। नगर में निकलने वाली शिव शोभायात्रा के बारे में जानकारी की। उन्होंने लोगों से महाशिवरात्रि एवं कांवड़ के मद्देनजर मंदिर की ओरे जाने वाले मार्गों पर मांस की दुकानें बंद रखें। दुकानदार दुकानों के बाहर सामान नहीं रखें।

सोमवार को महाशिवरात्रि को लेकर कोतवाली सभागार में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें उप जिलाधिकारी ने महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव शोभायात्रा एवं कांवड़ के मद्देनजर मार्गों की जानकारी ली। कोतवाल संदीप त्यागी को रास्तों से गुजरने वाले कावंड़ियों व शिव शोभायात्रा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

कोई भी नई परंपरा न डालने की अपील की। उन्होंने कोतवाल से महा शिवरात्रि पर नगर समेत क्षेत्रों में मांस की दुकानों को बंद करवाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों मंदिरों पर पुलिस तैनात करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने मौजूद व्यापारियों दुकानदारों से अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखने के निर्देश दिए। इस दौरान शोभायात्रा के संचालक धर्मेन्द्र शर्मा, शहर इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, कारी शब्बन खां, लक्ष्मीकांत सैनी, अनवर अली, महेन्द्र सैनी, प्रशांत शर्मा,अतीक अहमद अंसारी, शमीम शमसी, इस्लाम अंसारी,नाहिद खां, जमील अंसारी, अजेंद्र राठौर, शावेज खां, दीप गोयल, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# टीम ने रोडवेज बस अड्डे से रेलवे स्टेशन तक हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ कार्रवाई से दुकानदारों और फल विक्रेताओं में मची खलबली

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की टीम ने रोडवेज बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटवाया। टीम को आता देख कई दुकानदारों ने स्वयं सामान समेटना शुरू कर दिया। टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा से हाईवे पर अतिक्रमण मिला तो जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी के निर्देश पर पालिका की टीम ने सड़कों पर उतर आईं। टीम ने हाईवे किनारे खड़े फल विक्रेताओं को पीछे हटवाया। इसके बाद रोडवेज बस अड्डे के दूसरे गेट कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है जिससे रोजाना हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रहती है। कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक द्वारिका नाथ टीम के संग रेलवे स्टेशन की ओर बढ़े, तो यहां पर दुकानों के आगे अतिक्रमण मिला। उन्होंने यहां से अतिक्रमण हटवाया। पूर्वान्ह 11 से दोपहर एक बजे तक चलाए गए अभियान से लोगों को खलबली मची रही। ईओ ने बताया कि हाईवे किनारे दुकानदारों ने कई फिट बाहर तक सामान सजा रखा है सामान को अंदर रखवाया गया। अन्य दुकानदारों को निर्देशित किया कि सड़क पर अतिक्रमण दिखाई दिया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सिविल लाइंस कोतवाली, ट्रैफिक पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

## व्यवस्था

### गभर्वतियों और नौनिहालों को मिलेगी सुविधा, शाहबाद में जगह हो चुका है चिह्नित

# टांडा, शाहबाद सीएचसी में बनेगी मेटरनिटी विंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 50 बेड की मेटरनिटी विंग बनेगी। इसके बनने से महिला एवं शिशु को सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विंग में ऑपरेटर थिएटर, सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट, लेबर रूम, परामर्शदाताओं के चैंबर और पीडियाट्रिक वार्ड बनाए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, टांडा और शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मेटरनिटी विंग बननी है। टांडा सीएचसी की विंग का निर्माण कार्य 40 फीसद तक हो चुका है। शाहबाद सीएचसी में विंग बनाने के लिए कार्यदायी संस्था 1500 मीटर जगह का चिहांकन कर चुकी है। सीएचसी में कई आवास पुराने हैं।

संस्था पुराने आवासों को तोड़कर मेटरनिटी विंग बनवाएगी। विंग के बनने से गर्भवतियों को प्रसव के लिए यहां लाया जाएगा। रात में प्रसव के दौरान होने वाली परेशानी भी खत्म होगी। टांडा में यूनिट भी निर्माणाधीन है। बच्चों के लिए अलग वार्ड बनाने का प्रस्ताव है। बताया कि मिलक सीएचसी में जगह नहीं मिलने की वजह से शाहबाद में निर्माण कराया जाएगा।

#### अधर में है मेडिकल सर्जिकल एवं एक्सीडेंटल इमरजेंसी यूनिट

वर्ष 2024 का दो महीने से अधिक समय बीत गया है लेकिन मेडिकल सर्जिकल एवं एक्सीडेंटल इमरजेंसी यूनिट निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। अधर में लटके हुए यूनिट के बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यूनिट बनवाए जाने के लिए सिर्फ 24 लाख रुपये की एक किस्त जारी हुई है। इसका निर्माण सीएनडीएस कार्यदायी संस्था करा रही है। इस यूनिट को बनाने का मकसद यह है कि सड़क हादसे में घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद, बरेली, मेरठ और दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। यहां उन्हें बेहतर उपचार मिलेगा। यूनिट को चादरवाला बाग स्थित विकलांग बोर्ड के सामने खाली जमीन पर बनवाया जा रहा है। यूनिट को बनवाने के लिए 1 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत आएगी। लेकिन अभी तक सिर्फ 24 लाख रुपये की एक किस्त मिली है। निर्माण कराए जाने के लिए सीएनडीएस की कार्यदायी संस्था को एक साल का समय दिया गया था। लेकिन इसके बाद मेडिकल सर्जिकल एवं एक्सीडेंटल इमरजेंसी यूनिट अभी तक नहीं बन पाई हैं।

▶▶ विंग में ऑपरेटर थिएटर, सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट, लेबर रूम परामर्शदाताओं के चैंबर बनेंगे

> शासन के आदेशानुसार टांडा-शाहबाद सीएचसी में 50 बेड की मेटरनिटी विंग बननी है। टांडा में तो कार्य 40 प्रतिशत तक कार्य हो चुका है। शाहबाद में भी 1500 मीटर जगह का चिहांकन कार्यदायी संस्था ने कर लिया है। इसके बनने से महिला एवं शिशु को बेहतर तरीके से उपचार मिलेगा।
>
> -डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को मारी टक्कर

मसवासी, अमृत विचार : तेज रफ्तार गैस वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घायल को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में उसे बाजपुर उत्तराखंड के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

सोमवार को अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव मुरसैना निवासी सद्दाम पुत्र छुट्टन बाइक से अपनी बहन के साथ उपनगर मसवासी में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। दोपहर के समय जब सद्दाम वापस जाते समय मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग चौराहे पर पहुंचा। मुरादाबाद मार्ग से आ रहे तेज रफ्तार गैस कैप्सूल ने सद्दाम की बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक पर सवार सद्दाम की बहन तो दूर गिर कर बाल-बाल बच गई, लेकिन सद्दाम बुरी तरह चोटिल हो गया। दुर्घटना देख चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गैस के वाहन को घेर लिया।

# अभियान चलाकर तोड़े स्लैब और चबूतरे

संवाददाता, बिलासपुर



घर के आगे बने चतूबरे तोड़ते कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर की बस्तियों में सड़कों और गलियों में फैले अतिक्रमण पर पालिका टीम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। अतिक्रमणकारियों को पुनः अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

नगरपालिका की टीम स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रूपेश सक्सेना के नेतृत्व में सोमवार को मोहल्ला बाजार कलां में वार्ड नंबर 11 में पहुंची। जहां टीम ने बस्ती में नालियों व सड़क को घेरकर नागरिकों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर हथौड़ा चलाकर ध्वस्त करा दिया।

कार्रवाई देख दुकानदार व मकान स्वामियों की भीड़ लग गई लेकिन टीम ने किसी की नहीं सुनी। हालांकि अभियान के दौरान कुछ नागरिक अपने मकानों व प्रतिष्ठानों के बाहर फैला अतिक्रमण स्वयं ही ध्वस्त करते भी देखे गए। नोडल अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर के प्रत्येक वार्डों में मरम्मत चलाया जा रहा है,इसको लेकर इसमें सबसे ज्यादा नालियों व सड़कों पर फैला अतिक्रमण ही मुसीबत बनता जा रहा है। इसी क्रम में यह अभियान माठखेड़ा पर डॉ. पीके जैन वाली गली और इसके बराबर वाली गली में चलाया गया। इसके तहत मकानों व प्रतिष्ठानों के बाहर नागरिकों द्वारा निर्माण कराए स्लैब व चबूतरों पर हथौड़ा चलाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर विजय अनार्य, विमल पुष्पद, आसिम खां, अनिल राठौर, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### घनश्याम सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर जताया हर्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** वाल्मीकि धर्म समाज का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष हनी कठेरिया के नेतत्व में सांसद घन श्याम सिंह लोधी से मिला। भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष जताया। फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सांसद ने कहा, अपने दो साल के कार्य काल में उन्होंने जनता के विकास के लिए कार्य किए हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में वह जीत दर्ज कर पुन : जनता की सेवा करेंगे। इस दौरान संगठन संचालक नीरज चौहान, रामनाथ राजोरिया मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**मिलक,अमृत विचार :** मकान की छत पर कार्य कर रहा युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी गुड्डू के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार को वह छत पर लकड़ी की बल्ली उठा रहा था। इस दौरान बल्ली मकान के पास से गुजर रही ग्यारह हजार की हाईटेंशन लाइन जा टकराई। जिससे गुड्डू को करंट लग गया। परिजन गुड्डू को बरेली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन बीईओ के प्रतिनिधि को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर में प्रदर्शन किया। महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन बीईओ चमरौआ के प्रतिनिधि को देकर समस्याएं बताईं।

प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर सोमवार शाम को शिक्षक एकत्र होकर बीआरसी शंकरपुर पहुंचे। यहां समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री चरन सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भावनाओं व समस्याओं से लगातार शासन व विभाग नित नए प्रयोग कर परेशान कर रहा है। कहा कि शिक्षक संघ धरना व प्रदर्शन के माध्यम से शासन को अपनी समस्याएं बताता रहा है।

लेकिन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता नही दिखाई जा रही है। इस समय टेबलेट से अभिलेखों के डिजिटाइजेशन के लिए विभागीय अधिकारी दबाव बना रहे हैं और कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। अपने मान-सम्मान की रक्षा और टेबलेट प्रणाली से मुक्ति के लिए एकजुटता का परिचय दिया जा रहा है। कहा कि टेबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराए। शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार का अवकाश व अर्ध आकस्मिक अवकाश दिए जाए। इस दौरान जिला मंत्री चरन सिंह, तरुण उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार, सौरभ शर्मा, प्रसन्न प्रकाश, मोहम्मद अकरम, मोनिका मलिक,दीपा सैनी, प्रदीप मिश्रा, अस्मत खान, दीपक, गौतम कुमार, सिद्धार्थ गौतम, राजबाला लता पाल, अनुसेंद्र सिंह अमितेश झा, पूनम आनंद, रामवती देवी, सविता कंवर,दिलीप सक्सेना, तबस्सुम बी, देवराज, अफरोज मियां, मेजर सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, विनोद कुमार, दीपमाला चौहान, भावना शर्मा, सुरमीत सिंह, अशोक रावत, वीरबाला आजाद, शिव कुमार, दीपा राणा, मोहम्मद शुएब आदि उपस्थित रहे।



खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

# अधिकारियों के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया है कि वे अपने रवैये में सुधार लाएं। यदि अधिकारियों का ऐसा ही रवैया रहा तो शिक्षक धरना प्रदर्शन करेंगे।

ब्लॉक इकाई के बैनर तले पदाधिकारी व शिक्षक बीआरसी पर इकट्ठा हुए। उन्होंने बीआरसी पर ज्ञापन सौंपा। कहा कि चार माह पहले शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए लखनऊ स्तर से समिति का गठन किया गया था, लेकिन अभी तक कोई समस्या हल नहीं हुई। ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग उठाई है कि सरकारी सिम उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही अन्य राज्य कर्मचारियों की भांति साल में शिक्षकों को 31 दिन का अवकाश और हर माह के द्वितीय शनिवार के अवकाश के साथ ही अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, ब्लॉक मंत्री प्रताप सिंह सैनी, मुनेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मद खालिद खां आदि रहे।



शाहबाद में ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी।

### शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, भेजा ज्ञापन

**बिलासपुर,अमृत विचार :** मोहल्ला शीरी मियां स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र में सोमवार को शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने अध्यक्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मांगों के समर्थन में नारे लगाए। खंड शिक्षाधिकारी के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक मंत्री प्रभजोत सिंह समेत संगठन से जुड़े शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### शिक्षकों के साथ हो रहा अमर्यादित व्यवहार

**रामपुर, अमृत विचार :** बीआरसी खौद में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार के नहीं होने पर उनके स्टॉफ को ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने कहा कि टेबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति व मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव अधिकारी बना रहे हैं। अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने की कार्रवाई की जा रही है। इससे शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। इस मौके पर रहमत अली, संजय सिंह, डॉ. सरफराज अहमद, अमरपाल सिंह यादव, मोहम्मद सलीम, मरयम बी, गजाला परवीन, मोहम्मद अकरम, राहुल कुमार यादव, नाजिया अब्बास, मुर्तजा अली, जबर सिंह, फहमीना जैदी, मधु शर्मा, छवि त्यागी आदि रहे।



हरी झंडी दिखातीं शहर विधायक की पत्नी गुंजन सक्सेना। ● अमृत विचार

# दौड़ में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा, नारी शक्ति का संदेश

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व विधायक बीना भारद्वाज और शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इसमें महिलाओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई।

सोमवार को शक्ति वंदन के तहत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से दौड़ का आयोजन किया गया। स्टार चौराहे पर पूर्व विधायक बीना भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ का समापन गांधी समाधि पर हुआ। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने नारी शक्ति का संदेश दिया। बताया कि महिलाएं अब किसी से काम नहीं हैं। इस मौके पर जिला संयोजक हरीश गंगवार, जिला संयोजिका शकुंतला लोधी,नगर संयोजक प्रमोद आहूजा, नगर संयोजक पूनम सागर और अन्य महिला मोर्चा की पदाधिकारी रही।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

कार्यालय संवददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलक तहसील क्षेत्र के गांव सिलईबड़ा प्रकरण को लेकर बसपाइयों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

सोमवार को बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। बसपाइयों ने सिलईबड़ा मामले के आरोपियों की गिरफ्तार करने के लिए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकरण में जो मामला दर्ज किया है, उसमें एसडीएम की भूमिका संदिग्ध है। कहा कि मृतक सुमेश के परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में परिवार को एक करोड़ रुपये, घायलों को पांच लाख रुपये देकर आर्थिक सहायता की जाए। इसके अलावा पीड़ित के परिजनों में किसी को नौकरी दी जाए। ज्ञापन देने वालों में सरजू भास्कर, महेंद्र सागर, हबीबुर रहमान, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, अर्जुन सागर, शाकिर रजा खान, राकेश सागर, राजकुमार सागर, दिलीप सागर, ज्ञान प्रकाश, सोनू सागर, दिनेश कुमार जाटव, सुशील कुमार सागर, नेम चन्द सागर आदि शामिल रहे।



पुलिस अधीक्षक से वार्ता करते बसपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी।

**सिलईबड़ा प्रकरण**

▸▸ **कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन बोले- न्याय दिलाया जाए**

## सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराएं विभाग

**मिलक, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष तरुण पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन भेजा है।

इस ज्ञापन में कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में जो टेबलेट उपलब्ध कराए हैं। टेबलेट के साथ सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराए हैं। मांग की है कि टेबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाए। शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त मांगों को शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है, शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्ष निदेशालय लखनऊ मुख्यालय पर धरना देने को बाधित होंगे। इस दौरान बृजपाल सिंह, गंगवार, राजीव पांडेय, जाकिर रजा खान, सोमेंद्र देव, भोपाल सिंह रहे।



पेटी में पत्र डालते भाजपाई। ● अमृत विचार

# लोगों से पेटी में सुझाव पत्र मांगें

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के अंतर्गत चमरौआ और मिलक क्षेत्र में कार्यक्रम हुए। इसमें सुभाष बाबू गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोगों के आवास पर जाएं और उनसे संपर्क करें। लोगों से आग्रह करें कि पेटी में वे अपने सुझाव पत्र डालें। हम आने वाले समय में अपने देश को विश्व गुरु कैसे बना सकते हैं। चमरौआ में हुई बैठक में ओम प्रकाश सैनी, करतार लोधी, सुरेश सिंह लोधी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। मिलक में हुई बैठक में कुंवर पाल यादव, महेश चंद्रवंशी, धर्मपाल सिंह, जमुना प्रसाद लोधी, दिनेश पाल, राकेश गुप्ता अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फसलें कटने तक रोकी जाए वसूली

संवाददाता,शाहबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने गेहूं की फसल कटने तक वसूली अभियान पर रोकने की मांग की है। कहा कि बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है। किसानों के पास फसल के अलावा अन्य कोई आय का स्त्रोत नहीं है। किसानों ने चेताया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

सोमवार को प्रदेश सचिव दरियाव सिंह की अगुआई में भाकियू टिकैत से जुड़े किसान तहसील पहुंचे। एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को सौंपा। बताया कि ऊंचा गांव फीडर के अंतर्गत ओवरलोड दर्शाकर भेजे गए नोटिसों का जल्द निस्तारण किया जाए। बर्बाद हुईं फसलों का आकलन कर किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए।

कहा, यदि प्रशासन ने वसूली अभियान नहीं रोका और अन्य मांगों को नहीं माना तो वे तहसील में आंदोलन करेंगे।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव दरियाव सिंह यादव, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, जिला सचिव नवेद खान, युवा जिला संयोजक विपिन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष डा. फूल सिंह, सरफराज हुसैन एवं लटूरी सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

**ज्ञापन**

▸▸ **मांगें नहीं मानी गईं तो भाकियू करेगी आंदोलन**

## अवैध रूप से चल रहे डंपरों पर लगाए रोक

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने अवैध रूप से चल रहे डंपरों पर रोक लगाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि डंपरों से रोड ध्वस्त हो रहे हैं। साथ ही आए दिन हादसे भी होते हैं।

सोमवार को सरकारी गेस्ट हॉउस में भाकियू भानू की पंचायत में क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान ढकिया-आसफपुर मार्ग पर चल रहे डंपरों का मुद्दा भी उठा। पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर इंस्पेक्टर ओमकार सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि ओवरलोड रोड डंपरों को रोड बिलारी-चंदौसी होकर जाने का है। लेकिन यह ढकिया-आसफपुर मार्ग से होकर गुजरते हैं। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां, ग्राम प्रधान छुट्टू खां, विद्याराम, महावीर, नंदकिशोर, शौकत मलिक, हनीफ, शादाब खां, हारून खां, ताहिर नबी आदि रहे।



कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# फसलों का मुआवजा मांगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि किसानों को एमएसपी का अधिकार, खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाया जाए।

मंडल उपाध्यक्ष खलील अहमद के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। जिसमें उनका कहना है कि किसानों को एमएसपी का अधिकार मिलना चाहिए, जो आज तक नहीं मिल पा रहा हैं। कहा कि किसानों पर जो कर्ज है उसे माफ कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में राहुल यादव, शांति प्रसाद, राजीव कुमार, मोहम्मद अली, अवधेश कुमार, शाहनवाज अली, मुशाहिद हुसैन, जुबैद खां आदि शामिल रहे।

# रमजान में शहर के लोगों को दी जाए 24 घंटे बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने रमजान को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर को 24 घंटे बिजली दिलाई जाए। रोजा इफ्तार करने के बाद मस्जिदों में नमाज तरावीह होती है, रात में दो बजे से सहरी की तैयारी शुरू हो जाती है। कहा कि शहर की सड़कों और गलियों में स्ट्रीट लाइटों को सही कराया जाए। जो ट्रांसफार्मर खराब है उनको सही कराया जाए।

सोमवार को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष सैयद शुऐब मियां के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दस सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। रमजान में बाजारों में काफी भीड़भाड़ रहती है जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को खराब हो जाती है इससे जाम लग जाता है। आने-जाने में लोगों को काफी परेशानियों सामना करना पड़ता है। जामा मस्जिद में कुरआन पाक का पाठ होता है भारी संख्या में लोग रात को जामा मस्जिद आते है मस्जिद के तीनों दरवाजों पर पुलिस व्यवस्था की जरूरत होती है, इसीलिए यहां पर पीकेट को तैनात किया जाए। अंत में कहा कि आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज जामा मस्जिद में अदा की जाती है। जामा मस्जिद और उसके पास की सड़कों को गड्ढामुक्त कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां,इंतजामिया कमेटी के सचिव मुकर्रम रजा खां इनायती, अध्यक्ष सैयद शुऐब मियां, मौलाना शाहिद अली खां, अहमद मियां कमेटी सदस्य, फहीम कुरैशी आदि रहे।

**आयोजन** आवास–विकास कॉलोनी में हो रही भागवत कथा

# मनुष्य की संगति से मिला है अच्छा आचरण

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति के तत्वावधान में आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को बताया कि भक्ति ज्ञान है। वैराग्य का बड़ा सुंदर वर्णन भक्ति की व्याख्या बताई।

नई आवास-विकास कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा यज्ञ समिति की ओर से भागवत कथा हो रही है। आचार्य मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री ने बताया कि संसार के प्रति वैराग्य न हो और ईश्वर प्रेम जागृत न हो तो ऐसी कथा श्रवण से क्या लाभ। जैसे मक्खन सबका सार है। उसी प्रकार श्री कृष्णा सब तत्वों का सार है, ईश्वर प्रकाश मान है। कलि काल में जीवों को कॉल रूपी सर्प के मुख से छुड़ाने के लिए सुखदेव ने भागवत कथा को कहा है। राजा परीक्षित के रूप में सुखदेव ने कहा कि कथा सुनाकर कलयुग में जीव के उधार की बात कही। कथा व्यास ने द्रौपदी चरित्र हरण धुंधली धुंधकारी गोकर्ण आदि की कथा का वर्णन किया।

मनुष्य को अच्छे लोगों की संगति करने पर जोर देकर बताया। अच्छे मनुष्य की संगति से अच्छा आचरण उत्पन्न होता है। जैसी संगत से सद्‌गुण आता है। कुसंगत से गुण जाता है, लोहा जड़ा जहाज में पानी संग उतरात, कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में राजेश कुमार पत्नी अनीता देवी एवं सह यजमान के रूप में सूर्यनाथ यादव पत्नी नीलम यादव मौजूद रहे। तेजवीर यादव ने प्रसाद वितरण किया।

इस दौरान रविंद्र गुप्ता,राधेश्याम यादव, पीयूष कुमार, कृष्ण गोपाल शर्मा, अंकित कुमार, दिनेश कुमार,नरेश चंद्र शर्मा, विष्णु शरण अग्रवाल, सुनीता सिंघल, विजय सिंघल, अजय कुमार, मंजू गुप्ता, प्रभा सक्सेना, सुभाष सक्सेना, विकास दीक्षित, सीमा गुप्ता, गंगा चरण यादव आदि अधिक संख्या में भक्त उपस्थित रहे।



आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री।

**कथा**

▸▸ **कथा वाचक ने किया वैराग्य का वर्णन, भक्ति की व्याख्या बताई**

## शादी में मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,अमृत विचार :** शादी समारोह में मारपीट करने वाले एक आरोपी को केमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

जनपद के ही थाना अजीमनगर के गांव खंडिया निवासी आरोपी का नाम रवि पुत्र रामौतार है। उसके विरुद्ध स्वार थाने के गंगावला गांव निवासी केवलराम पुत्र चेतराम ने 29 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का कहना था कि 28 फरवरी को वह केमरी के पिपलिया घाट गांव में एक शादी समारोह में आया हुआ था।

वहां किसी बात पर हुए विवाद के बाद आरोपी रवि, उसके भाई रोहित तथा साथी शिवम ने उसके साथ मारपीट की थी, जिससे वह घायल हो गया था। थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी का चालान करके उसे सम्बंधित कोर्ट में भेजा गया है।



## एक नजर

### 15 केंद्रो पर हुई सीबीएसई के भौतिक विज्ञान की परीक्षा

**रामपुर,अमृत विचार :** सोमवार को 15 केंद्रों पर सीबीएसई की इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। जिसमे 1467 परीक्षार्थियों में 1437 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 30 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल,लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, केद्रीय विद्यालय रामपुर,सनवे स्कूल,सेंट एंथोनी,सेंट मैरिज, और सेंटपॉल्स स्कूल में हुई। इसके अलावा दयावती मोदी एकेडमी, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल,आरएन पब्लिक स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल,न्यू ऐज पब्लिक स्कूल,और बी दत्ता सरस्वती विद्या मंदिर बिलासपुर में परीक्षा हुई।

### खाने के विवाद में वेटर को पीटा, हुआ हंगामा

**रामपुर,अमृत विचार :** पसियापुरा गांव निवासी सुनील वेटर का काम करता है। रविवार रात वह नबीगंज में एक लगन कार्यक्रम में काम करने गया था। इस दौरान खाना देने को लेकर विवाद हो गया। वहां मौजूद लोगों ने वेटर के साथ मारपीट कर दी। सुनील ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महेंद्र,अमर सिंह और देवी सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जनपद में हुई 48.5 मिलीमीटर बारिश

## बिलासपुर में सर्वाधिक बरसे बादल, मिलक क्षेत्र में 11.6 मिमी वर्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गरज-चमक के साथ रविवार और सोमवार मध्यरात्रि हुई झमाझम बारिश से गेहूं और सरसों की फसलों में नुकसान हो गया है। जिले में कुल वर्षा 48.5 मिमी हुई है। बिलासपुर में सबसे अधिक 15.2 मिमी जबकि, मिलक में 11.6 मिमी वर्षा हुई। शहर की सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ और मामूली जलभराव होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार अपराह्न 2:30 बजे जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने शहजादनगर क्षेत्र में बारिश से खेतों में गिरी फसलों का जायजा लिया।

रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि तेज गरज चमक के साथ हुई बारिश सुबह करीब 8 बजे तक हुई। बारिश से शहर की सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ पसर गई और गड्ढों में जलभराव हो गया। मिस्टन गंज, पुराना गंज, गांधी समाधि रोड, कचहरी रोड, ज्वालानगर, गुरुद्वारा रोड पर जगह-जगह कीचड़ होने से लोगों को परेशानी हुई। नालों की तली झाड़ सफाई नहीं होने से शहर में जलभराव की समस्या हो जाती है। पूरी रात बारिश होने से किसान चिंतित हैं। खेतों में गेहूं और सरसों की फसलें गिर गई हैं। फसलों के खेतों में गिरने से किसानों की मत्थे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। किसान मोहम्मद अहमद बताते हैं कि उन्होंने बैंक से फसली ऋण लेकर गेहूं और सरसों की फसल बोई थी। फिलहाल खेत में फसल गिर गई है जबकि, दो चार दिन में सरसों की फसल कटने वाली थी और एक सप्ताह बाद गेहूं की फसल पककर तैयार हो जाती। बताते हैं कि बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया है। सोमवार को जिलाधिकारी ने खेतों में गिरी हुई फसलों को जायजा लिया। जिलाधिकारी के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त हेम सिंह और उप जिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह मौजूद रहीं।


गांव शहजादनगर में फसल का जायजा लेते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

**सोमवार को जिले में हुई इतने मिमी. वर्षा**

| तहसील क्षेत्र | वर्षा मिमी |
|---|---|
| सदर | 06.2 |
| बिलासपुर | 15.2 |
| स्वार | 08.4 |
| शाहबाद | शून्य |
| मिलक | 11.6 |
| कुल | 48.5 |
| औसत | 8.08 |
| स्त्रोत | आपदा विभाग |

“जिले में बेमौसम बारिश के दौरान हुए फसल के नुकसान का सर्वे शुरू करा दिया गया है। सभी उप जिलाधिकारियों की देखरेख में 189 टीमें गठित कर दी हैं। इन टीमों में राजस्व, विकास और कृषि विभाग के कर्मचारी शामिल किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह और एसडीएम सदर मोनिका सिंह से फसल नुकसान के आकलन की जानकारी ली है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि फसल नुकसान के सर्वे का कार्य नियमानुसार यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।

– जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी

### चक्का जाम करेगी बहुजन मुक्ति पार्टी

**मिलक, अमृत विचार :** सोमवार को बहुजन मुक्ति पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशा मेश्राम के नेतृत्व में सिलई बड़ा गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से बातचीत की। घटना पर अत्यंत दुख जताया। कहा कि एक सप्ताह बीत चुका है,लेकिन आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होना योगी सरकार के लिए बहुत ही शर्मनाक है।

प्रदेश सरकार को पीड़ित परिवार की सभी मांगों को शीघ्र पूरी करे तथा शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी करवाए। दोषियों को शख्त से शख्त सजा दिलवाए।यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो उनकी पार्टी पूरे प्रदेश में चक्का जाम करेगी।यदि इसके बाद भी कोई करवाई नहीं हुई तो पूरे देश में चक्का जाम किया जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र प्रताप सिंह,मुकेश कुमार,सुशील शास्त्री, अनिल कुमार, अमृत सिंह, शेर अली, मित्रपाल, राम बहादुर, चांद मोहम्मद, नीरज कुमार, डा. पृथ्वी सिंह,कृष्णा, विजय कुमार,सुखदेव लाल आदि उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग का शव फेंकने में दंपती समेत तीन लोगों को जेल भेजा

संवाददाता, शाहबाद

- 25 फरवरी को गांव हरियाल के बुजुर्ग की हादसे में हुई थी मौत
- फंसने के डर से उदयपुर जागीर के जंगल में नाले में फेंका था

**अमृत विचार :** हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत के बाद शव नाले में फेंकने में बाइक सवार दंपती और ई-रिक्शा चालक फंस गए हैं। पुलिस ने तीनों को आरोपियों को हत्या और षड्यंत्र की धाराओं में गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

25 फरवरी को पटवाई थाना क्षेत्र के हरियाल गांव निवासी हेमराज (62) सैफनी थाना क्षेत्र के गांव सागरपुर गांव साइकिल से जा रहे थे। इसके बाद वह लापता हो गए। शाम तक कोई सुराग न लगने पर चिंतित परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया, तो उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस ने कई स्थानों के सीसीटीवी खंगलवाए तो राणा मिल के कैमरे से हेमराज का सुराग मिल गया। राणा मिल के पास उनके साथ हादसा कैमरे में कैद हुआ। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से हादसा करने वाले बाइक सवार शाहबाद के मोहल्ला हकीमान निवासी प्रेमशंकर को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी ने बताया कि वह घायल को सीएचसी लेकर गया, लेकिन फंसने के डर से वह खुद को बेटा बताकर सिर्फ प्राथमिक उपचार कराकर वहां से ले आया। ई-रिक्शा में बैठाकर ले गया।

पुलिस के मुताबिक इसके बाद प्रेमशंकर ने साक्ष्य छुपाने के लिए अपनी पत्नी नीता और रुस्तमपुर गांव निवासी ई-रिक्शा चालक रामधुन के साथ मिलकर घायल बुजुर्ग को उदयपुर जागीर के जंगल में नाले में फेंक दिया। जिससे उनकी मौत हो गई।

आठ दिन तक छानबीन के बाद रविवार को पुलिस ने बुजुर्ग के शव को बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने हादसे के मुकदमे को हत्या और षडयंत्र कर साक्ष्य छुपाने की धाराओं में मुकदमा कायम कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल रही एचएफ डीलक्स बाइक और ई-रिक्शा को भी कब्जे में ले लिया।


फसल में क्षति का सर्वे करते एसडीएम। ● अमृत विचार

## बारिश से गेहूं की फसल में हुई क्षति का सर्वे शुरू

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में हुई क्षति का सर्वे शुरू कर दिया गया है। एसडीएम ने पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सर्वे करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को एसडीएम ने सर्वे की निगरानी भी की। बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान हुआ है। इसका सर्वे शुरू किया गया है। एसडीएम सुनील कुमार प्रथम ने बताया कि जिन किसानों की तैंतीस फीसदी से अधिक फसल खराब हुईं, उन्हें लाभ देने का प्रावधान है। सोमवार को सर्वे कराया गया। इसमें गेहूं, लाही आदि फसलों नुकसान हुआ है। लेखपालों को सर्वे में लगाया है।

### राधा-कृष्ण मंदिर में हुई शिव परिवार की स्थापना

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर में बिलारी मार्ग पर गैस एजेंसी गोदाम परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शिव परिवार की स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुवार को शुरू हुए चार दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को चौथा दिवस था।

प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया। नगर के नगर में बिलारी मार्ग पर गैस एजेंसी गोदाम परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शिव परिवार की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई। प्राण प्रतिष्ठा नरवर के विद्वान आचार्य नितिन भारद्वाज द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण से की गई। प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान प्रबल गुप्ता ने बताया कि आचार्य ने संपूर्ण अधिवास की प्रक्रिया को पूर्ण करके मूर्ति को शीतलता, पुष्टता, मधुरता आदि प्रदान करके हवन किया।इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, प्रबल गुप्ता, संध्या गुप्ता, अल्का अग्रवाल रहे।


डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## विधानसभा क्षेत्र प्रभारी बने डॉ. चन्द्र प्रकाश, हर्ष जताया

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** पूर्व क्षेत्रीय सह-संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ पश्चिम उप्र और अल्पसंख्यक मंत्रालय में हिंदी सलाहकार डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा को चमरौआ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी घोषित किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

मंडल अध्यक्ष मिलक मनोज पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा का स्वागत किया। डॉ. चन्द्र प्रकाशशर्मा ने कहा कि वह अपने दायित्व का निर्वाह पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय, डॉ. विकास शुक्ला, देवेन्द्र सिंह राजपाल, प्रमोद सक्सेना, योगी पांडेय, रामकिशोर पांडेय, राजीव गंगवार, टेक चन्द गंगवार आदि मौजूद रहे।

## अधिकारियों पर दर्ज हो हत्या का मामला

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** कम्प्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड सुभाषिनी अली सहगल ने प्रदेश की योगी सरकार में निहत्थे बच्चों व महिलाओं पर बर्बरतापूर्वक गोली चलाने का आरोप लगाया। कहा कि यह ही मोदी योगी का रामराज्य है। दलितों और महिलाओं पर अत्याचार किया जाता है।


पीड़ित परिवार से मिलने जातीं पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल। ● अमृत विचार

सोमवार को मिलक के साजन बैंक्वट हाल में पत्रकार वार्ता हुई। कम्प्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) की पोलित ब्यूरो की सदस्य कामरेड सुभाषिनी अली सहगल केन्द्रीय कमेटी के सदस्य कामरेड डॉ. विक्रम सिंह के साथ सोमवार को सिलईबड़ा गांव में पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के साथ दौरे पर आई थीं। गांव में पीड़ित परिवार से मिलने के बाद पार्टी की पूर्व सांसद ने प्रेसवार्ता में कहा कि पुलिस प्रशासन को आमतौर पर गोली अथवा आंसू गैस आदि का प्रयोग तभी करना पड़ता है, जब हालात बेकाबू हो जाते हैं। लेकिन सिलई बड़ा गांव में ऐसी तो कोई स्थिति नहीं थी जो पुलिस को गोली चलानी पड़ी। उन्होनें मिलक एसडीएम, कोतवाल व चौकी इंचार्ज के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की। पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा और उसे न्याय दिलाने के लिए घटना की उच्च स्तरीय जांच करके दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की भी मांग की। कहा कि पार्टी इस मुद्दे को राष्ट्रीय मुद्दा बनाकर देश में बड़ा आन्दोलन खड़ा करेगी। राज्य कमेटी के सदस्य कामरेड थान सिंह, प्रभारी कामरेड शब्बू खां, ऑल इण्डिया लायर्स यूनियन के प्रदेश सह सचिव, वरिष्ठ अधिवक्ता कामरेड विक्रम सिंह, एसपी सिंह, शरीफ अहमद, कासिम अली, काशीराम गंगवार, हरीराम, नब्बू खां, जावेद मिया आदि रहे।

## 71 हाफिजों की हुई दस्तारबंदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया में 75वां सलाना जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन हाल में हुआ। जलसे का आगाज कारी मोहम्मद फुरकानी, तसनीफ हुसैन खां ने तिलावत कुरआन से किया। इस वर्ष मिस्टन गंज स्थित मदरसा फुरकानिया में 71 हाफिजों की गुलपोशी कर दस्तारबंदी की गई। उनको प्रमाण पत्र दिए गए।

शहर के व्यस्तम बाजार मिस्टन स्थित मदरसे में सोमवार को हुए जलसे में मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद रेहान खां ने मदरसे की इल्मी और समाजी खिदमात का खाका पेश करते हुए कहा कि हमेशा से उलमा के खिलाफ साजिशें होती रही हैं और आज भी उलमा से आवाम को बदजन किया जा रहा है। कहा कि मुसलमान दीन ए इस्लामी से रगबत पैदा करें। तलबा को नसीहत फरमाते हुए कहा कि खिदमात जो भी करनी है, वह अपने मौला की मंशा और रजा के लिए करनी है। शहर इमाम मुफ्ती मौलाना महबूब अली ने कहा कि यह मदरसा फुरकानिया जिन बुलंदियों को छू रहा है। यह सब सदका और तुफैल हजरत किबला मुर्शद गिरामी खतीबे आजम मौलाना शाह वजीहुद्दीन अहमद खां साहब कादरी मुजद्दी का है। इस दौरान मुकर्रम रजा खां इनायती, सज्जादा नशीन शाह अहमद अली भटपुरा, मुस्तफा खां, एजाज हुसैन, इमाद उल्लाह, अब्दुल मन्नान खां, शकील खां, ताहिर आदि रहे।


मदरसा फुरकानिया में आयोजित जलसे शामिल मुफ्ती ए आजम व अन्य।

**इनकी हुई दस्तारबंदी**

मदरसा फुरकानिया में आयोजित जलसे में 71 की दस्तारबंदी हुई। जिसमें दौरा ए हदीस शरीफ से फारिग होने वाले आठ, शोबा ए हिफ्ज से फारिग होने वाले 29, दर्जा इफ्ता से फारिग होने वाले 12 तलबा, शूबा तजवीद व करात से फारिग होने वाले 22 तलबा है।

### कुर्मी महासभा ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

**मिलक, अमृत विचार :** सोमवार को सिलई बड़ा गांव प्रकरण में मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कुर्मी महासभा ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार राकेश कुमार को सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जो लोग घटना के समय गांव में मौजूद नहीं थे ऐसे लोगों के नाम भी दर्ज अभियोग में शामिल हैं। निर्दोष लोगों को अनावश्यक फंसाया जा रहा है जो कि अनुचित है। निर्दोष परिवारों के नाम उक्त प्रकरण में शामिल किए गए हैं। 30 दिन के अंदर सीबीआई जांच कराकर प्रकरण को उजागर किया जाए जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। ज्ञापन में सूरज पटेल,दुर्वेश, लालता, जिवेंद्र, उमेश, विनोद, मनोज, हिमांशु आदि के हस्ताक्षर हैं।

## 17 को सिलई बड़ा में होगी भीम आर्मी की महापंचायत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** सिलई बड़ा गांव में हुई छात्र की मौत के जिम्मेदारियों के खिलाफ करवाई न होने पर भीम आर्मी जय भीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष भड़क गए। आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी न होने पर 17 मार्च को महापंचायत का ऐलान किया।

सोमवार को भीम आर्मी जयभीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मृतक सुमेश के गांव पहुंचे। पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेने के बाद उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। कहा कि अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते अत्यंत दुर्दांत घटना को अंजाम दिया गया है। कार्रवाई के नाम पर प्रशासन पीड़ित परिवार को गुमराह कर रहा है। संविधान निर्माता के नाम के लगे बोर्ड को लेकर दलितों पर गोलियां चलाना पूर्व नियोजित साजिश है। महिलाओं और बच्चों पर लाठियां बरसाकर गोलियां चलाना और फिर खुद ही मृतक का अंतिम संस्कार करना बहुत बड़े अपराध की श्रेणी में आता है। जिले के अधिकारी दोषियों को बचाने में जुटे हुए हैं।

दोषियों को बचाने की गाथा बुनी जा रही है। आठ मार्च को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन देकर दोषियों की गिफ्तारी की मांग की जाएगी। यदि इसके बाद भी दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है,तो 17 मार्च को सिलई बड़ा गांव में महापंचायत की जाएगी। जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना, प्रिया गौतम, एडवोकेट राजीव कुमार,हरिओम रवि, सुरेश कुमार, संजय भारती, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, भीमेश कुमार, मुकेश कुमार गौतम, राजकुमार आदि रहे।

## सार-संक्षेप


मृतक की पत्नी को चेक देते जिलाधिकारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

### मृतक होमगार्ड की पत्नी को मिला 30 लाख का चेक

**रामपुर, अमृत विचार :** हादसे में जान गंवाने वाले होमगार्ड की पत्नी को एचडीएफसी बैंक की ओर से 30 लाख का चेक दिया गया। यह चेक जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सौंपा। बिलासपुर थाने में तैनात होमगार्ड मोहम्मद शाह की ड्यूटी के दौरान हादसे में 5 जून 2023 को मौत हो गई थी। उनका बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में है। इसमें प्रत्येक माह उनका ड्यूटी भत्ता भेजा जाता था। बैंक के नियमों के तहत वह होमगार्ड स्वयं सेवक जिनका बैंक खाता एचडीएफसी बैक में हैं। उसमें 30 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा से कवर्ड है। इसमें मृतक की पत्नी अंजुम रहबर को दुर्घटना बीमा के 30 लाख रुपये के भुगतान के लिए प्रस्ताव एचडीएफसी बैंक को भेजा गया था। बैंक से धनराशि स्वीकृत कर दी गई थी। सोमवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से महिला को चेक दिलवाया। इस दौरान जिला कमांडेंट होमगार्डस केएस पांडेय और एचडीएफसी बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा विभाग की ओर से पांच लाख रुपये महिला को दिए गए।

### सतनाम सिंह मट्टू ने रालोद से दिया इस्तीफा

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय सचिव, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को पत्र भी भेजा है। पत्र में कहा है कि वह तीन वर्ष पहले किसान आंदोलन के दौरान चौधरी अजीत सिंह ने किसानों के लिए कार्य को देखकर प्रभावित हुए। उनकी देखरेख में किसानों की लड़ाई लड़ना शुरू की। कुछ ही समय में रालोद मेरे लिए राजनैतिक दल से बढ़कर एक परिवार की भांति हो गया। लेकिन कुछ तस्वीरें सहज कर भाजपा के एनडीए गठबंधन से जुड़ने की सूचना जारी की। इससे मन को काफी ठेस पहुंची। महंगाई और बेरोजगारी अपने चरम पर है किसानों ने उनके फसलों को सही दाम नहीं मिल रहे। खाद, कीटनाशक बीज की कीमतें बढ़ती जा रही है। इन सभी को देखते हुए सरकार किसान विरोध है, मैं भी किसान का बेटा हूं, किसानों के खिलाफ जाना संभव नहीं होगा। इसीलिए मैंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

### महिला को नशा सूंघाकर आभूषण ठगे, तहरीर दी

**मिलक, अमृत विचार :** नगर में महिला को नशा सुंघाकर ठग छह लाख के आभूषण लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने कोतवाली में ठगों के खिलाफ तहरीर दी है। मोहल्ला आर के मंडप निवासी गुरुशरन कौर का कहना है कि वह सोमवार को सरकारी अस्पताल में दवा लेने गई थी। दोपहर डेढ़ बजे उसे अस्पताल में तीन अज्ञात व्यक्ति मिले। दो लोगों पर बाइक थी उनमें एक व्यक्ति पैदल था। तीनों के पास अपने निजी बैग भी थे। तीनों महिला के पास आए और कहा कि वे लोगों की मदद करते हैं। तीनों ने अपनी झूठी मनगढ़ंत बातों में महिला को लगााकर उसका ध्यान भटका दिया। कहा कि वह परेशान लग रही है। आपके परिवार की सभी समस्याएं दूर कर देंगे। उसके बाद महिला उन तीनों की बातों में आ गई। उसके बाद तीनों लोगों ने एक राय होकर कहा कि उनके एक माने हुए गुरु हैं जो चेहरा देखकर समस्या पढ़ लेते हैं। तीनों लोगों ने महिला से कहा कि हमें अपने घर ले चलो। उसके घर के पास पहुंचकर ठगों ने महिला से जेवरात मंगाए। उसके बाद महिला अपने घर के सारे जेवरात लाल कपड़े की पोटली में बांधकर ले आई। जेवरातों में उसकी दो चूड़ी सोने की, 1 कड़ा सोने का 1 गिन्नी सोने की 2 सोने की अंगूठी सभी जेवरात का वजन लगभग 10 तोला था।जिनकी बाजारी कीमत लगभग छह लाख रुपये है।

**बागवानी** | बौर को बचाने के लिए मेन्कोजेब के साथ कार्बेन्डाजिम का करें छिड़काव, आम की फसल का रस चूसता है भुनगा

# समय से पहले आम के पेड़ों पर आ रहा बौर, झुलसा रोग का खतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इस वर्ष समय से पहले आम के पेड़ों पर बौर आना शुरू हो गया है। पेड़ों पर बौर और फल आते समय सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है, अगर इस समय फसल बचा ली तो किसान नुकसान से बच सकते हैं। बताया कि इस समय बौर में खर्रा रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

10 प्रति से अधिक पुष्पगुच्छों पर खर्रा रोग दिखे तो टेबुकोनाजोल और ट्राइफ्लॉक्सीस्ट्रोबिन 0.5 ग्राम एक लीटर पानी में या हेक्साकोनाजोल 0.1 मिली एक लीटर पानी में या सल्फर 0.2 ग्राम प्रति लीटर का छिड़काव किया जा सकता है।

मिलक तहसील क्षेत्र के गांव इमरतपुर मझरा जसमोली पोस्ट बबूरा निवासी डॉ. विशाल गंगवार ने आम बागबानों से कहा कि इस समय आम के बागों में बौर आने लगा है। पेड़ों पर बौर आते ही कई तरह के कीट व रोग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। अगर आम के बागों में बौर पर थ्रिप्स का प्रकोप देखा जाता है तो मोनोक्रोटोफॉस 1.5 मिली प्रति लीटर या थायामेथोक्साम 0.03 ग्राम प्रति लीटर के स्प्रे कर इसका प्रबंधन करें। फल वैज्ञानिक ने बताया कि आम की फसल को भुनगा कीट, जिसे फुदका या लस्सी कीट भी कहा जाता है, बौर, पत्तियों और फलों के मुलायम हिस्सों से रस चूस लेता है। जिससे अच्छी गुणवत्ता के फलों की उपज प्रभावित होती है। इस कीट के नियंत्रण के आवश्यकतानुसार, इमिडाक्लोप्रिड का छिड़काव करें।

मिज कीट का प्रकोप जनवरी महीने के अंत से लेकर जुलाई महीने तक कोमल प्ररोह तनों और पत्तियों पर होता है। सबसे अधिक नुकसान मिज कीट बौर, छोटे फलों को पहुंचाते हैं। इसका कीट के लक्षण बौर के डंठल, पत्तियों की शिराओं पर धब्बे के रूप में दिखते हैं। इनके नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार डायमेथोएट 30 प्रतिशत सक्रिय तत्व का छिड़काव करें।


आम के पेड़ों पर आ गया बौर।

“इस वर्ष आम के बागों में अगेती बौर आ रहा है। इस पर झुलसा रोग का प्रकोप हो सकता है। आम के बौर के विकास काल में फफूंदी द्वारा उत्पन्न झुलसा रोग का संक्रमण फूलों और अविकसित फलों के झड़ने की स्थिति उत्पन्न करता है। ऐसी स्थिति में अगेती बौर को बचाने के लिए मेन्कोजेब के साथ कार्बेन्डाजिम का 2.0 ग्राम प्रति लीटर पानी या ट्राइफ्लोक्सीस्ट्रोबिन टेबूकोनाजोल 50 प्रतिशत 0.025 प्रतिशत घोल 0.25 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए।

– डॉ. विशाल गंगवार, असिस्टेंट प्रोफेसर,फल विज्ञान विभाग

**फसल**

- रोग लगने से अच्छी गुणवत्ता के फलों की उपज होती है प्रभावित

### जल जीवन मिशन के तहत प्रचार वाहन किए रवाना

**स्वार, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन परियोजना के अंतर्गत पियोर लाइफ सोसायटी के प्रचार वाहन को खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को खंड विकास अधिकारी ऋषि कुमार एवं एडीओ सुरेश कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन हर घर जल की टीम के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाई। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार की पेय जल योजनाओं में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर जल को नल से जल देने की कवायद स्वार ब्लाक के अधिकतर राजस्व ग्रामों में पूरी हो गई है। सोसायटी के डीसी अमर पाल ने बताया कि सभी राजस्व ग्रामों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। पियोर लाइफ सोसायटी ने जल जीवन परियोजना का मिलक खानम, अहमद नगर, टाह कलां, भगवंत नगर मे वाहनों से प्रचार किया गया।

## एक नजर

### मिलेट्स आधारित जनपद स्तरीय प्रदर्शनी कल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत 2023-24 की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके क्रम में जनपद स्तरीय प्रदर्शन (रोड शो) किया जाएगा। जिसके माध्यम से मिलेट्स की खेती विभिन्न प्रकार के उत्पादों के उपभोग और उनसे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ के बारे में कृषकों एवं उपभोक्ताओं का जागरूक किया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि कृषि निदेशालय उप्र (बीज एवं प्रक्षेत्र अनुभाग), कृषि भवन लखनऊ के आदेश के क्रम में मिलेट्स आधारित जनपद स्तरीय प्रदर्शन (रोड शो) छह मार्च को दोपहर में 12 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली जाएगी। जो पीलीकोठी होते हुए पंचायत भवन कम्पनी बाग में आकर समाप्त होगी।

### निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने सोमवार को निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को जल्द से जल्द निर्माण पूरा कर उसे हैंडओवर कराने के दिए निर्देश दिए। साथ ही ड्रग वेयर हाउस में पौधरोपण कराने के लिए कहा। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की ओर से शोकसभा कर विजय सिंह अल्पना एडवोकेट के निधन पर शोक जताया गया। वक्ताओं ने उनके निधन को अधिवक्ता समाज की अपूरणीय क्षति बताया। शोकसभा के अंत में दो मिनट का मौन रखा गया। शोकसभा की अध्यक्षता पारुल अग्रवाल व संचालन सीता सैनी ने किया। शोकसभा में अभिषेक भटनागर, परमाल सिह, सुरेश चंद्र गुप्ता, हरिशंकर आर्य, खलील अहमद, रमा पांडे, सलीम अहमद, अशोक, विनीत भटनागर आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड बैठक में हुई गहमागहमी व नोकझोंक, मनमाने कर निर्धारण पर घेरा

## विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने भी कार्यशैली पर उठाया सवाल, नाला सफाई व जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में खामियां गिनाईं

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले नगर निगम बोर्ड की बैठक सोमवार को टाउन हॉल स्थित कार्यालय सभागार में हुई। महापौर विनोद अग्रवाल ने बैठक की अध्यक्षता की। नवागत नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व नगर निगम कार्यकारिणी के उप सभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

सदन की बैठक शुरू होने पर नवागत नगर आयुक्त का सभी ने स्वागत किया। विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में जनता की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान होगा। कार्यवाही शुरू करते हुए उप नेता सदन सुरेंद्र विश्नोई ने सबसे पहले अपनी बात रखी। 27 सितंबर को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के प्रस्ताव में उन्होंने अपनी बात रखनी शुरू की। आउटसोर्सिंग से तैनात सफाई कर्मचारियों को दिए जा रहे वेतन की जानकारी देने की मांग की। जवाब मिला कि 451 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता है। उन्होंने 22 जून 2023 को हुई बैठक में मांगे गए सवाल का जवाब अभी तक न देने पर नाराजगी जताई। बिना सदन में चर्चा किए प्रोसिडिंग में अतिरिक्त जोड़ पर आपत्ति जताई। महापौर ने इसे घोर आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कांठ रोड पर बने भवन पर मनमानी तरीके से टैक्स लगाने पर नाराजगी जताई। रामगंगा विहार में भी ऐसी अनियमितता थी। महापौर ने मिडटाउन क्लब के करारोपण का सवाल उठाया। नगर आयुक्त ने पत्रावली की जांच कर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

पार्षद गौरव श्रीवास्तव ने जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में मनमानी और ट्री गार्ड लगवाने के लिए कहा। उन्होंने इसके लिए 15वें वित्त से 40 लाख रुपये का प्रस्ताव करने के लिए कहा। पार्षद विवेक शर्मा ने कहा कि वह नालों की सफाई संबंधी कार्य से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समस्या जस की तस बनी है। एक करोड़ 78 लाख रुपये का ठेका हुआ है फिर भी समस्या बनी है। जानकारी दी गई कि 32 नालों की सफाई के लिए दोबारा टेंडर जारी किया गया है।

हाईवे का कूड़ा एक खाली भूखंड में डालने पर पार्षद ने सवाल उठाया। महापौर ने एई रईस अहमद से जवाब मांगा। कांग्रेस के पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने कहा कि उनके द्वारा एक जगह पत्थर लगाने की मांग एक साल पहले की गई थी, लेकिन अब तक नहीं किया गया। 2015 से 2020 तक बने जन्म प्रमाणपत्र निरस्त कर दिए गए, इससे लोगों को परेशानी हो रही है। इसका समाधान कराया जाए। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि कोई प्रमाणपत्र निरस्त नहीं किया गया है। इसका सत्यापन कर सीआरएस पोर्टल पर बनाया जा रहा है। किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

पार्षद रुचि चौधरी ने अपने वार्ड में घाट बनवाने के लिए कहा। नदी तक जाने की अस्थायी व्यवस्था सिंचाई विभाग से वार्ता कर घाट पर जाने के लिए रास्ता बनाने के लिए महापौर ने कहा। दमदमा कोठी के पास नलकूप लगाने के बारे में जानकारी मांगी। अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने बताया कि स्थान चयन करने में लगे हैं। रुचि चौधरी ने अपने वार्ड में कर्मचारियों की तैनाती में बात नहीं सुनने पर नाराजगी जताई। महापौर ने कहा कि पहले वाले चले गए, अब नये नगर आयुक्त आए हैं सबकी सुनी जाएगी।

महापौर ने कहा कि उप नगर आयुक्त राजकिशोर सफाई व्यवस्था के लिए पूरी तरह जिम्मेदार बनाए गए हैं। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी भी अब पूर्णकालिक आ गए हैं।

पार्षद राजेश गुप्ता ने लाइनपार में प्रकाश नगर चौराहा से सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से अतिक्रमण कर यूनीपोल लगाया गया है। उन्होंने लाइनपार में गंदा पानी आने की शिकायत कर समाधान कराने की मांग की। निगम के जलकर के अधिकारी ने बताया कि इसमें जल निगम बरेली की टीम लगी है। स्मार्ट सिटी की स्काडा परियोजना में काम चल रहा है। अपर नगर आयुक्त व एसीईओ स्मार्ट सिटी अतुल कुमार ने कहा कि अनुरक्षण जलकर को ही करना है। उन्होंने घरों में पानी का प्रेशर कम होने की समस्या उठाई।

पार्षद मनोरमा ने नाले की दीवार बनाने की बात रखी। जयंतीपुर वार्ड में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और महिला सफाई कर्मियों को हटाकर पुरुषों को लगाने के लिए कहा। वार्ड 55 की पार्षद रुबी ने नवरात्रि में कालिका मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने, शौचालय बनवाने की मांग रखी। दसवां घाट पर अवैध कब्जा हटाने की बात रखी। महापौर ने कहा कि इसकी जांच कर कार्रवाई हो। पार्षद तुषार ने वार्ड नंबर 14 में घर-घर कूड़ा उठान न होने का मुद्दा उठाया। महापौर ने बताया कि नयी एजेंसी लाजिक ग्रुप कंपनी अब काम करेगी। उन्होंने कहा कि लाइनपार का नाला कूड़ा से पटा है। सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने की बात कही।

पार्षदों ने लाइनपार व आसपास नाले की सफाई ठीक से न होने से जलभराव का मुद्दा उठाया। रामलीला मैदान के पास जलभराव खत्म कराने की मांग सदन में उठाई। कहा कि पिछली बैठक में उठाए सवाल का जवाब दिया गया है कि जलनिकासी के लिए आरसीसी नाली का निर्माण करा दिया गया है। इसकी जानकारी गलत है। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में अतिक्रमण है। हनुमान नगर में साइड पटरी पर झुग्गियां बसने की शिकायत की।



नगर निगम बोर्ड की बैठक में हंगामा करते पार्षद। ● अमृत विचार



बैठक को संबोधित करते महापौर विनोद अग्रवाल, साथ में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

### नगर निगम की सीमा के बाहर जाकर कर निर्धारण और वसूली पर एमएलसी ने ऐतराज जताया

विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि सदन में नगर निगम की जनता के लिए सभी आवाज उठा रहे हैं यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अब आचार संहिता लागू होने वाली है, इससे अगली बैठक जून में ही हो पाएगी। इसलिए रुटीन के कार्य बाधित न हो इसकी व्यवस्था अभी से कर ली जाए। उन्होंने अपने वार्ड में समस्या के अस्थाई समाधान होने की जानकारी दी। कहा कि इसका स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने बुद्धि विहार फेज टू में जहां नगर निगम का क्षेत्र भी नहीं है। निगम के कर्मचारियों द्वारा दादागिरी करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जहां निगम क्षेत्र है ही नहीं वहां जाकर टैक्स वसूलने का औचित्य क्या है। इसे सुनिश्चित करना होगा।

### अब निर्धारित दर से 15 प्रतिशत से कम रेट पर स्वीकृत नहीं होगा टेंडर

सदन की बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल ने पार्षदों के द्वारा कम रेट पर टेंडर लिए जाने की आपत्ति का समर्थन किया। महापौर ने 30 से 40 प्रतिशत कम दर पर टेंडर आने और इसमें गुणवत्तापूर्ण काम कैसे होगा, इस पर हैरानी व चिंता जताई। जिस पर अन्य सदस्यों ने भी अधिकारियों को घेरा। जिसके बाद अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार ने बताया कि नवागत नगर आयुक्त ने पहले ही व्यवस्था दी है कि 15 प्रतिशत से कम रेट पर टेंडर आने पर स्वीकृति नहीं दी जाएगी। जिसका सभी पार्षदों ने ध्वनिमत से समर्थन कर इसे सही कदम ठहराया।

### नगर निगम क्षेत्र में 42,000 कुत्ते, आधों की नसबंदी नहीं हुई

सदन में सड़क पर खुले में घूमने वाले कुत्तों के काटने से लोगों के जख्मी होने और उन पर अंकुश के लिए कोई कार्रवाई न होने पर पार्षद गौरव श्रीवास्तव, अनुभव मेहरोत्रा सहित अन्य पार्षदों ने आवाज उठाई। ऐसे कुत्तों को पकड़ कर रखने और नसबंदी न होने पर सदन में अधिकारियों को घेरा। जिस पर अपर नगर आयुक्त प्रथम ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सर्वे में 42,000 कुत्ते हैं और 22000 की नसबंदी हो चुकी है। शेष के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कुत्तों को पकड़ कर दूसरे क्षेत्रों में छोड़ना समस्या का स्थाई समाधान नहीं है।

### विपक्ष की बात अनसुनी करने पर पार्षदों का हंगामा

सदन में विपक्ष के पार्षदों ने अपनी बात न सुनी जाने पर हंगामा किया। कहा कि महापौर केवल भाजपा के पार्षदों के हां में हां मिला रहे हैं। विपक्ष के पार्षदों की आवाज दबाने का प्रयास सहन नहीं किया जाएगा। सपा पार्षद इकबाल अंसारी ने कहा कि जो मुद्दे एक साल पहले की बैठक में उठाये गये उस पर अब तक जवाब न मिलना आश्चर्यजनक है।

#### विरोध

- पार्षदों ने सदन में अधिकारियों द्वारा प्रस्तावों को गंभीरता से न लेने पर नाराजगी जताई
- सदन में बिना चर्चा प्रोसिडिंग में अतिरिक्त बिंदु जोड़ने को महापौर ने बताया घोर आपत्तिजनक

### पार्षदों का हो स्वास्थ्य बीमा

भाजपा पार्षद देशरत्न कत्याल ने कहा कि उन्होंने पहले बिंदु उठाया था कि पार्षदों का 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। इसका सभी पार्षदों ने ध्वनि मत से समर्थन किया। महापौर ने कहा कि उन्होंने नगर आयुक्त से सामूहिक बीमा कराने के लिए व्यवस्था बनाने के लिए कहा है। देशरत्न ने स्टेशन रोड पर चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्य में नाला बनाने में अनियमितता का मुद्दा उठाया। स्मार्ट सिटी के डीपीआर की जानकारी देने के लिए कहा। कुंवर सिनेमा के पास सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग की। कहा कि बुध बाजार में नाले पर दुकान बनी है जिससे सफाई में अड़चन होती है। समस्या का समाधान कराने की मांग की।

# अमर्यादित व्यवहार पर शिक्षकों में रोष

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को महानगर इकाई के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों में बिना सिम कार्ड दिए टैबलेट के उपयोग के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे दबाब और कार्रवाई की धमकी के विरोध में गेट मीटिंग की। शिक्षकों से किए जा रहे अमर्यादित व्यवहार के विरोध में महानगर इकाई की ओर से सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर के कार्यालय में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

शिक्षक और संघ के पदाधिकारी पहले नगर क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिविल लाइंस पर एकत्र हुए और गेट मीटिंग की। इसमें संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि विभाग बिना पूरे संसाधन दिए ही टैबलेट से कार्य करने के लिए दबाव बना रहा है। इसकी आड़ में अधिकारी शिक्षकों का शोषण कर रहे हैं। यह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ज्ञापन को पढ़कर मांगों के बारे में सुनाया। जिस पर शिक्षकों ने सहमति जताई। खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर की अनुपस्थिति में कार्यालय के वरिष्ठ सहायक शोभित मेहरोत्रा को ज्ञापन प्राप्त दिया। ज्ञापन देने वालों में राकेश कौशिक, उस्मान आरिफ, राहुल शर्मा, सुगन्ध गुप्ता, आशीष शुक्ला, शहनाज अख्तर, प्रतिमा कुमारी, सीमा सिंह, हुमा उस्मानी, रेनू सिंह, शहला जमील, पुष्पांजली श्रीवास्तव, सऊद आसिफ, सुचित्रा भारती, अरशद अली, प्रज्ञा गुप्ता, मीनाक्षी, नमिता गुप्ता, तनुश्री मित्तल, रतनेशल बाला, मोनिका पाल, रेखा चौहान सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



खंड शिक्षाधिकारी नगर के कार्यालय के वरिष्ठ सहायक को ज्ञापन सौंपते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महानगर इकाई के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी नगर के कार्यालय में सौंपा

## 7 मार्च को 25 महिलाओं को डीएम करेंगे सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से सरकारी विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। पंचायत भवन में सात मार्च को जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिलाओं को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह सम्मानित करेंगे।

पंचायत भवन सभागार में इस बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिला बाल विकास एवं महिला कल्याण अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि होने के कारण सार्वजनिक अवकाश है। जिस कारण बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से एक दिन पहले ही कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से सरकारी कार्यालयों में तैनात महिला कर्मचारियों के अपने-अपने क्षेत्र किए जाने उत्कृष्ट कार्यों का डेटा जुटाया जा रहा है।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में पुनरीक्षित बजट पर हुई चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के मूल बजट 517. 60 करोड़ को 569. 18 करोड़ किया गया
- कल होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में स्वीकृति के बाद अगली बैठक में मिलेगी सदन की मंजूरी

**अमृत विचार:** सोमवार को हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के मूल बजट 517 करोड़ 60 लाख के सापेक्ष उसे पुनरीक्षित कर 569 करोड़ 18 लाख 56 हजार के बजट को सदन में रखा गया। इस पर पार्षदों ने चर्चा की। 6 मार्च को होने वाली नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में इसके स्वीकृत होने के बाद अगली बैठक में इसे सदन की मंजूरी दी जाएगी।

नगर निगम के वित्त एवं लेखाधिकारी एके मिश्र ने बजट के प्रावधानों को प्रस्तुत किया। पुनरीक्षित बजट में जल संयोजन फीस पांच लाख को वैसे ही रखा गया है। वहीं जल मूल्य में बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस मद में कुल 1058 लाख को यथावत रखा गया है। व्यय पक्ष में वेतन अधिष्ठान व्यय के मद में कंप्यूटर आपरेटर आउटसोर्सिंग के वेतन के लिए मूल बजट में 50 लाख को पुनरीक्षित बजट में 60 लाख कर दिया गया है। वहीं कर भी बढ़ा है जिसे 6 करोड़ की जगह 7 करोड़ किया गया है। वेतन मद में मूल बजट में कुल 17874 लाख रुपये प्रस्तावित था जिसे बढ़ाकर 17984 लाख कर दिया गया है। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय में टेलीफोन, पुस्तकालय, स्टेशनरी, प्रिंटिंग, कार्यालय सामग्री, वाहन किराया, वाद व्यय, विज्ञापन व प्रचार पर खर्च में परिवर्तन नहीं किया गया है। केवल विविध व्यय को 5 करोड़ की जगह 6 करोड़ और चिकित्सा दावों की प्रतिपूर्ति के लिए मूल बजट में रखे गए 30 लाख को बढ़ाकर 40 लाख कर दिया गया है।

### भगवान चित्रगुप्त के नाम पर हो ह्वाइट हाउस चौक

नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने सदन में महापौर को संबोधित प्रस्ताव दिया। जिसमें ह्वाइट हाउस स्थित चौक का नामकरण भगवान चित्रगुप्त के नाम पर रखकर उसका सौंदर्यीकरण कराने की मांग की। कहा कि इससे उनके वंशजों को खुशी होगी और समाज का सम्मान बढ़ेगा। वहीं उन्होंने बुध बाजार में स्टेशन रोड पर स्थित पुराने जर्जर नाले का वर्तमान समय व परिस्थिति के अनुसार पुनर्निमाण कराने का प्रस्ताव दिया। कहा कि इस नाले के चलते जलनिकासी की समस्या बनी रहती है। नाली के गंदे पानी के बीच से गुजरने वालों को संक्रामक बीमारी की आशंका बनी रहती है।

## संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति ने सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सोमवार को संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के सदस्यों ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की 17 मांगों को लेकर समिति कई बार आवाज उठा चुकी है, लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ज्ञापन में मांग की गई कि 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को काल्पनिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए, 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत की पेंशनवृद्धि की जाए, विधवा पुत्रवधु को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिले, तदर्थ सेवाओं का पेंशन लाभ मिले आदि के अलावा अन्य मांगों को ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार शर्मा, पीएस गिल, राजेंद्र कुमार शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, सीपी सक्सेना, राम प्रसाद सिंह, राम गोपाल चौधरी व रमेश चंद्र शर्मा शामिल रहे।

# एफएफसी की स्थापना पर बांटीं निशुल्क गैस भट्ठियां

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- कार्यक्रम में प्रदूषण सुरक्षा के महत्व को समझाया

**अमृत विचार:** महानगर के दिल्ली रोड स्थित निजी होटल में रियल आर्टिजन वेलफेयर ट्रस्ट और हैंडीक्राफ्ट अकादमी के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का विषय मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट निर्माण इकाइयों से कार्बन उत्सर्जन करने वाली वस्तुओं के प्रयोग को कम करने तथा प्रदूषण सुरक्षा के महत्व को समझाना था।

सोमवार को हुए कार्यक्रम में मुरादाबाद ब्रास क्लस्टर के अंतर्गत कोयला भट्ठियों को गैस आधारित भट्ठियों में परिवर्तित करने के लाभ और आवश्यकता पर वार्ता हुई। बताया गया कि रियल आर्टिजन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एफएफसी की स्थापना की है। एफएफसी का तात्पर्य है, ऐसी कार्यशाला जहां एक साथ विभिन्न प्रकार की गैस आधारित भट्ठियां उपलब्ध हों। जहां हस्तशिल्पि के विभिन्न प्रकार का कार्य कर सकें। कुछ निर्माण इकाई के स्वामियों ने जनपद में व्यापार की अन्य दिक्कतों जैसे जीएसटी पर भी वार्ता की। रियल आर्टिजन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से मुरादाबाद ब्रास क्लस्टर के अंतर्गत पांच एमएसएमई हस्तशिल्पियों को निःशुल्क गैस आधारित भट्ठियों उपलब्ध कराईं गईं और इन भट्ठियों के संचालन की ट्रेनिंग उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वसीम जावेद ने की और संचालन समिति के महासचिव शाहनवाज अहमद खान ने किया। इस मौके पर मोहम्मद वसीम, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद आसिफ, अब्दुल कदीर शामिल रहे।

**कार्यक्रम** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत इंस्पायरिंग वूमेन 2024 कार्यक्रम हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सेवा करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी की पत्नी राजबाला भदौरिया रहीं।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बबीता गुप्ता व पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट की वाइस प्रेसिडेंट अंशु सिंह ने महिलाओं को शाल ओढ़ाकर और क्राउन पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संस्थान की संस्थापिका गरिमा सिंह ने संस्था के कार्यों के बारे में बताया। समाज सेवा के लिए अनामिका सिंह, डॉ. स्मिता गोयल, गीतांजलि पांडे, इशिका सिंह, सरिता लाल, नीतू चौधरी, पूजा अग्रवाल, प्रीति आनंद, संगीता रेविस, श्वेता अग्रवाल, अनु गुप्ता, मनुषी रस्तोगी, पारुल शर्मा, पारुल अग्रवाल को सम्मानित किया गया। प्रोफेशनल सर्विसेज के लिए ट्रस्ट द्वारा डॉ. अनामिका त्रिपाठी, नेहा अग्रवाल, रुपाली अग्रवाल, डॉ. पल्लवी अहलूवालिया, डॉ. उपमा अवस्थी, डॉ. पायल पुरी, डॉ. विमिता अग्रवाल, श्वेतांगना संतराम, रिचा अग्रवाल, शमिता जैन, रवनीत दुआ, वंदनी अग्रवाल, दामिनी गुप्ता, साक्षी नागपाल, पलक अग्रवाल, पंखुड़ी अग्रवाल और शाज अंसारी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अग्रिम सिंह ने राधा कृष्ण की रासलीला प्रस्तुत की। इशिका सिंह ने अपनी कविताओं से महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया।




सम्मानित प्रतिभागियों के साथ अतिथि व संस्था की पदाधिकारी। ● अमृत विचार



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा।

## सहायक आबकारी आयुक्त सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अमरोहा के जिला आबकारी अधिकारी के पद से गांगनौली आसवानी स्थानांतरित होकर आए सहायक आबकारी आयुक्त अनुराग मिश्र को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान लखनऊ द्वारा 2023-24 के लिए मिर्जा असदउल्ला खां गालिब पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान मिलने पर सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि तीन मार्च को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों से उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अनुराग मिश्र को हिंदी व उर्दू में प्रकाशित उनकी गजल संग्रह खेत के पांव के लिए यह पुरस्कार मिला है। वह कवि सम्मेलनों व मुशायरों में भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते हैं। मूल रूप से आंबेडकरनगर जिले के निवासी अनुराग बस्ती जिले में भी जिला आबकारी अधिकारी के पद पर तैनात रहे हैं।

## एक नजर

### मारपीट में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**डिडौली, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया चमन निवासी फहद की पड़ोसी से रंजिश चल रही है। रविवार की शाम फहद हाईवे किनारे सागर रत्ना होटल के सामने खड़ा था। तभी जुल्फेकार व अहंकार पुत्र अब्दुल रहमान व आजम पुत्र मुन्ने ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लूट की घटना को पुलिस ने चोरी में किया दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** बेटी की शादी का कार्ड बांट कर लौट रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे से बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक व हजारों रुपये लूट लिए थे। लेकिन पुलिस ने लूट की घटना को चोरी में दर्ज कर जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है। थाना बछरायूं के गांव रमपुरा खादर निवासी पप्पू की बेटी की नौ मार्च को शादी है। कार्ड बांटने के लिए पप्पू अपने चाचा कलुआ के साथ हसनपुर आया था। दो मार्च की रात कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे। दयावली-अलीपुर लिंक मार्ग पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट करके तमंचे के बल पर बाइक एवं हजारों रुपये लूट लिए थे। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पप्पू की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### किसानों के नलकूप से दो विद्युत मोटर चोरी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार की रात थाना क्षेत्र के गांव पालनपुर निवासी पीतम सिंह व सुभाष के नलकूप से चोरों ने दो विद्युत मोटर चुरा लीं। सुबह होने पर किसान खेत पर पहुंचे तो मोटर गायब देख होश उड़ गये। दोनों किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# 30.32 करोड़ के बजट पर लगी मोहर

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक : कान्हा गोशाला पर खर्च किए जाएंगे 50 लाख रुपये

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 30.32 करोड़ रुपये के बजट पर मोहर लगा दी गई। नए वर्ष में नगर पालिका विकास कार्यों पर 30.23 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सभासदों ने सर्वसहमति से मेज थपथपाकर बजट पास किया।

सोमवार को नगर पालिका परिषद स्थित सभागार में बोर्ड की बजट बैठक हुई। इसमें नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी की अनुमति से बाबू करन सिंह ने बजट पेश किया। बैठक में उपस्थित सभासदों ने करीब 9 लाख रुपये के मुनाफे वाले इस बजट को स्वीकृति दे दी। पालिकाध्यक्ष ने सभासदों से नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भी मांगा। प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन पर नगर पालिका इस वर्ष एक करोड रुपए खर्च करके नगर को स्वच्छ बनाएगी। कान्हा गोशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के तहत 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष ने बताया नगर पालिका 15.5 करोड़ रुपये राज्य वित्त और सात करोड़ 15वें वित्त से एकत्र करेगी। इसके अलावा गृह कर से 90 लाख, जलकर से 30 लाख, नगरीय सड़क सुधार अनुदान व नगरीय जल निकासी अनुदान से 1-1 लाख, आदर्श नगर योजना से 10 लाख की धनराशि प्राप्त करेगी। पालिका बोर्ड के इस बजट पर सभी 24 सभासदों ने सहमति की मोहर लगा दी। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने किया।



बोर्ड की बैठक में बोलते नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

# विधायक ने की शिव परिवार की स्थापना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने तहसील क्षेत्र के एक गांव स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के परिवार की स्थापना विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ की।

तहसील क्षेत्र के ग्राम कुदैनी के शिव मंदिर में ग्रामीणों ने शिव परिवार की स्थापना कराई है। सोमवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय व नंदी आदि की मूर्ति स्थापित की। इसके बाद मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेमचंद मास्टर, कमेटी के अध्यक्ष रूप चंद खड़गवंशी, विनय कुमार, भूकन सिंह, प्रमोद कुमार खड़गवंशी, राजकुमार ठेकेदार, हरिओम खड़गवंशी, डालचंद खड़गवंशी, दौलतराम, तेजपाल खड़गवंशी, रूप किशोर खड़गवंशी, रघुवीर सिंह खड़गवंशी, जगतपाल खड़गवंशी आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।


मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार


अमरोहा बस अड्डे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# बाईपास पर जाम में फंसे वाहन, लोग परेशान

संवाददाता, हसनपुर

**पुलिस को जाम खुलवाने के लिए घंटों करनी पड़ी मशक्कत**

**अमृत विचार :** नगर के बाईपास मार्ग पर जाम लगना आम बात हो गई है। अमरोहा बस स्टैंड पर सोमवार की दोपहर वाहनों के आमने-सामने आने के कारण घंटों जाम की स्थिति से वाहन चालकों को जूझना पड़ा। पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर यातायात सुचारू हो पाया।

सोमवार की दोपहर अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर उस समय वाहनों की लंबी लाइन लग गई, जब जल्दबाजी के चक्कर में कई वाहन चालकों में नोकझोक हो गई। इसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम लग गया। यहां तैनात पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद वह जाम खुलवाने में सफल हो पाए। जाम में स्कूली वाहन फंसने के कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## हरिद्वार के लिए परिवहन निगम ने चलाईं स्पेशल बसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए परिवहन निगम ने शिव भक्तों को कावड़ लेने के लिए हरिद्वार ले जाने हेतु स्पेशल बसें चलाई हैं। सोमवार को आठ बस शिवभक्तों को लेकर हरिद्वार रवाना हुईं।

स्टेशन प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि शिव भक्त कावड़ लेने के लिए भारी संख्या में हरिद्वार जा रहे हैं। उनकी सुविधा के लिए परिवहन निगम ने हरिद्वार के लिए स्पेशल बसों को चलाया है। रविवार को स्पेशल बस चलाई गई थी। सोमवार को आठ बस हरिद्वार के लिए चलाई गईं। स्टेशन प्रभारी ने बताया कि शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए स्पेशल बसों को चलाया जा रहा है। हरिद्वार के लिए चलाई जा रही स्पेशल बस के माध्यम से परिवहन निगम की आमदनी में भी वृद्धि हुई है।

# मतदान करने की शपथ दिलाई

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** सोमवार को नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरुकता दिवस मनाया। इस दौरान स्वयं सेवियों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

शपथ लेते हुए स्वयंसेवियों ने कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे। स्वंत्रत, निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल ने कहा कि सभी अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व को समझाएं तथा वोट अवश्य देने की अपील करें। इस मौके पर डॉ. सुधा चौहान, संजीव कुमार, काकुल, भूमिका, वंशिका, कल्पना, रीना आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में मतदान करने की शपथ लेते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों के आवागमन को लेकर पुलिस मुस्तैद

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** कांवड़ में हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। नगर के मुख्य बाजार से बोल बम के उद्घोष के साथ गजरौला की ओर बढ़ शिवभक्तों से पूरा नगर शिवमय हो गया। उधर हरिद्वार से कांवड़ियों के लौटने को लेकर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद है। हर 500 मीटर पर पुलिस पिकेट तैनाती की गई है।

नगर के ब्लॉक परिसर पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। यहां भारी संख्या में पुलिस तैनात की गई है। यहां से भारी वाहनों को बदले मार्ग से भेजा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह भी फोर्स के साथ नगर व क्षेत्र में लगातार गस्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है।


महिला को साइबर क्राइम के बारे में बतातीं स्वंयसेवी। ● अमृत विचार

# स्वयंसेवियों ने बताए साइबर क्राइम से बचने के तरीके

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सरदार बेगम मेमोरियल पीजी डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन सोमवार को स्वयंसेवियों ने साइबर क्राइम पर गांव कालाखेड़ा में रैली निकाल कर जागरूक किया।

बताया कि साइबर क्राइम करने वाले बहुत शातिर होते हैं। भोले-भाले लोगों को फोन करके अकाउंट बंद करने, आधार कार्ड लिंक करने एवं एटीएम कार्ड बंद होने आदि का झांसा देकर ओटीपी मांगते हैं। इसके बाद अकाउंट से पैसे निकाल लेते हैं। अगर ऐसा फोन आए तो काट दें या पुलिस को सूचना दें। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर लोगों को इस बारे में जागरूक किया। उन्होंने स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गली-मोहल्ले में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नसरे आलम, डॉ. शाह आलम आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल की समधन के घर में चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग की समधन जरीना खान के घर में चोरी करने वाले नौकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उससे 27,000 रुपये भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

मोहल्ला अल्लीपुरा निवासी जरीना खान पत्नी सियासत अली खान के घर में काम करने वाले नौकर ने सेफ में रखे एक लाख रुपये चुरा लिए थे। जरीना खान ने नौकर अजीत कामत निवासी वार्ड नंबर 12 पारौल मधुबनी बिहार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह पुलिस ने आरोपी को भानपुर फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने चुराए गए एक लाख रुपये में से काफी पैसे जुए व शराब में खर्च कर दिए। आरोपी के पास से पुलिस को 27,000 रुपये बरामद हुए हैं। बाकी पैसे उसने जुए में उड़ाने की बात स्वीकार की है।



रामपुर भूड़ गांव में महिला को पौधा देते स्वंयसेवी। ● अमृत विचार

# स्वयंसेवियों ने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** झम्मन लाल पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का ग्राम रामपुर भूड़ में सात दिवसीय शिविर चल रहा है। सोमवार को चौथे दिन बच्चों ने परिसर को साफ किया और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया।

राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष विवेक कुमार शर्मा और गणित के विभागाध्यक्ष डॉ. हृदेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यावरण के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. हृदेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण को दूषित करने में जनसंख्या वृद्धि मुख्य कारण है।

स्वयंसेवियों ने टोलियों में विभाजित होकर पर्यावरण सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया और पौधरोपण भी किया। स्वयंसेवी शाहजहां ने भाषण दिया एवं बृजेश ने कविता सुनाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# 50 बिजली चोरों के कनेक्शन काटे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नगर में विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर 50 घरों में बिजली चोरी पकड़ी और उनके कनेक्शन काटकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोमवार को विद्युत उपखंड तृतीय के अधिशासी अभियंता जीडी प्रजापति ने बताया कि बिजली चोरी में नगर का नाम खराब हो रहा है। पश्चिमांचल में सबसे ज्यादा बिजली चोरी अमरोहा में होना बताया गया है। उच्चाधिकारियों ने बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए हैं।

जीडी प्रजापति ने बताया कि अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार के नेतृत्व में नगर में बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान शुरू किया गया है। पहले दिन की गई छापेमारी में टीम ने 50 घरों में बिजली चोरी पकड़ कर कनेक्शन काट दिए। इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में खलबली मच गई। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मंगलवार से इस अभियान को और तेज किया जाएगा।

इसमें उच्चाधिकारी भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बिजली चोरी कर विभाग को चूना लगाने वाले उपभोक्ताओं से कहा कि वह चोरी का रास्ता छोड़कर कनेक्शन के आधार पर बिजली का प्रयोग करें। बिजली चोरी में पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




**आपदा** — सरकार ने दिए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए फसलों का सर्वे कराने के निर्देश

# बारिश से गिरी फसलें, किसानों ने की मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** तीन दिन से हो रही बारिश से एक ओर जहां ठंडक बढ़ी है, वहीं रबी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिले के कई गांवों में बारिश की मार से गेहूं, सरसों की फसल जमीन पर बिछ गई है। आलू की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इससे किसान चिंतित हैं। अब प्रदेश सरकार ने किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

बरसात एक बार फिर फसलों पर कहर बन कर बरसी है। मार्च के आरंभ में बारिश के साथ तेज हवा से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। इससे किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरता दिखाई देने लगा है। पिछले वर्ष भी मार्च में बारिश के साथ चली तेज हवा से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई थी। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ था। इस वर्ष भी मार्च के शुरुआत में ही बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है।

किसानों का कहना है कि मार्च से पहले मौसम गेहूं की फसल के लिए अनुकूल था। लेकिन बारिश ने सब चौपट कर दिया है। इस समय गेहूं की फसल में दाना बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। गिरने के कारण दाना कमजोर पड़ जाएगा। इसका असर गेहूं के उत्पादन पर पड़ेगा।

बेमौसम बारिश से सरसों, आलू के साथ अन्य फसलों व सब्जियों में भी भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने सरकार से नुकसान के हिसाब से मुआवजा देने की मांग की है। सोमवार को प्रदेश सरकार ने भी बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं।


बारिश से गिरी गेहूं की फसल।

> जिले में 97 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल की बुआई हुई थी। दो दिन से हो रही बारिश से नुकसान तो हुआ है लेकिन अन्य जिलों के मुकाबले हमारे जिले में नुकसान कम है। जिन किसानों का फसल बीमा है, उनके नुकसान की भरपाई के लिए सर्वेक्षण कराया जा रहा है। जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा।
>
> **-बब्लू कुमार**, जिला कृषि अधिकारी



> तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से रबी की फसलों में ज्यादा नुकसान है। गेहूं की फसल गिर गई है। खराब हुई फसलों का जल्द सर्वे करा कर मुआवजा दिलाया जाए।
>
> **-चौधरी दिवाकर सिंह**, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू शंकर



> लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी भर गया है। गेहूं व सरसों की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए।
>
> **-रामपाल सिंह**, जिलाध्यक्ष भाकियू टिकैत गुट



> बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। इसके अलावा सरसों, आलू की फसल को भी नुकसान है। कृषि विभाग नुकसान का आकलन कर मुआवज दे।
>
> **-विक्रम सिंह पंवार**, नगर अध्यक्ष भाकियू शंकर



> बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसान पहले से ही कमजोर है। अब उसे दोगुना नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा दिलाया जाए।
>
> **-सुरेंद्र सिंह**, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, भाकियू टिकैत

## एक नजर

### अश्लील हरकतों के विरोध पर मारपीट

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां निवासी युवती रविवार को रात घर की छत पर सो रही थी। आरोप है कि पड़ोसी युवक उसकी छत पर पहुंच गया और उसके साथ अश्लील हरकत शुरू कर दीं। युवती ने विरोध किया तो मारपीट करने लगा। युवती के शोर मचाने पर उसकी मां छत पर पहुंची तो युवक धमकी देकर भाग गया। इस मामले में सोमवार को पीड़ित युवती के पिता ने रजपुरा थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी जयपाल सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बाइक कुत्ते से टकराई मां-बेटा घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना में गवां–बबराला मार्ग पर डीएसएम शुगर मिल के पास हादसा हुआ। अनियंत्रित बाइक कुत्ते से टकरा गई। जिसमें गांव जैतोरा सागरपुर निवासी किशनवीर और उसकी मां सरोज देवी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### खेत में घुसी बाइक चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी गौरव रविवार की देर रात नौ बजे बाइक पर आलू का कट्टा लादकर घर जा रहा था। गौरव बाइक लेकर जैसे ही गांव के पास पहुंचा। रास्ते पर आए मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर खेत में घुसकर गिर गई। जिससे गौरव घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन में उपचार के लिए गौरव को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया।

### बिना अनुमति काट डाले आम के हरे पेड़

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव बुकनाला के जंगल में बिना अनुमति आम के बाग में शनिवार को रात करीब सात बीघा भूमि में 14 हरे पेड़ कटवा दिए गए। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन इससे पहले ही कटे हुए हरे पेड़ों की लकड़ियों को ठिकाने लगाया जा चुका था। मौके पर कुछ पेड़ सही सलामत मिले। वन विभाग की ओर से तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई।

# तारकशी में उलझकर बाइक सवार की कटी गर्दन, मौत

## रास्ते पर पड़े बिजली के खम्भे से टकराने पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में रास्ते पर पड़े बिजली के खम्भे से टकराकर बाइक फिसली तो युवक की खेत की तारकशी में गर्दन उलझने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव रामनगर उर्फ कनुआ नगला निवासी विशांत (20 वर्ष) पुत्र राकेश सोमवार को सुबह 8 बजे बाइक पर सवार होकर थाना जुनावई क्षेत्र के गांव लोहामई में रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। थाना धनारी के गांव दिनौरा और थाना जुनावई के लोहामई गांव के बीच में रास्ते में पड़े बिजली के खम्भे से टकराकर बाइक फिसल गई और बाइक सवार विशांत खेत की तारकशी में उलझकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने देखा तो हादसे की सूचना पुलिस को दी। दो थानों के बीच का मामला होने के कारण धनारी और जुनावई पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने विशांत के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बिलखने लगे। पुलिस को विशांत के भाई विशाल ने तहरीर दी है। क्राइम इंस्पेक्टर सत्यविजय सिंह ने बताया कि रास्ते में पड़े बिजली के खम्भे से बाइक टकराकर अनियंत्रित होकर खेत की तारकशी में जाकर फंस गई। जिस कारण उसकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सड़क हादसे में संभल के व्यक्ति की मौत


चंद्रभान।

**संभल, अमृत विचार :** गजरौला दिल्ली मार्ग पर पिलखुवा व डासना के बीच हुए सड़क हादसे में संभल के एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। व्यक्ति अपने साथियों के साथ दिल्ली में आर्टिफिशियल फूल बेचने का काम करता था। थाना क्षेत्र के गांव आढ़ौल निवासी चंद्रभान (41 वर्ष) सोमवार को सुबह 5 बजे गांव के ही मोहम्मद उमर व कामिल के साथ संभल से पिकअप में सवार होकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही पिकअप गजरौला दिल्ली मार्ग पर पिलखुवा व डासना के बीच पहुंची तो तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप में पीछे बैठे चंद्रभान की मौके पर ही मौत हो गई और मोहम्मद उमर व कामिल गंभीर घायल हो गए।

## शिक्षकों ने ऑनलाइन कार्य का किया विरोध

**गुन्नौर, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने बीआरसी केंद्र पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह को महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें ऑनलाइन कार्य न करने की बात कही। कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

शिक्षकों ने ज्ञापन में कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है बल्कि नए कानूनों व व्यवस्था को लागू करने के लिए लगातार आदेश जारी किए जा रहे हैं। जब तक मांगों का निस्तारण नहीं होता तब तक शिक्षक ऑनलाइन कार्य व डिजिटाइजेशन का विरोध करेंगे। कहा कि विभाग द्वारा टैबलेट उपलब्ध कराते हुए छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव डाला जा रहा है। जबकि टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने निजी पहचान के जरिये सिम कार्ड खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है।

# टैबलेट के लिए सिम दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा। जिसमें टैबलेट संचालन के लिए सिम कार्ड उपलब्ध कराने समेत कई मांगें उठाईं।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रईस के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीईओ बबीता सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि शिक्षकों पर टैबलेट के माध्यम से छात्रों की उपस्थिति तथा मिड डे मील सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारी शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार और वेतन रोकने जैसी कार्रवाई कर रहे हैं। जबकि विभाग ने केवल टैबलेट उपलब्ध कराया है लेकिन उसका संचालन करने के लिए सरकारी सिम कार्ड नहीं दिया गया है। कहा कि टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाए। शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किए जाने की मांग उठाई। कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो बीएसए व शिक्षा निदेशालय कार्यालय पर धरना देने को बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान मीना बेगम, महजबी, तबस्सुम बेगम, सतीश चंद्र शर्मा, सिराजुल हक, अनुज कुमार, मोहम्मद वसीम, दीक्षा सिंह, राधा, रिंकी कुमारी, अजीत कुमार, मुजम्मिल हुसैन, संजीव कुमार, मोनिका सिंह, ऋषिपाल सिंह, मोहम्मद हफीज, इकबाल अहमद समेत तमाम शिक्षक रहे।

**मांग**

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा
- उत्पीड़न बंद न हुआ तो बीएसए कार्यालय पर धरना देंगे

## हाईस्कूल के 1778 छात्रों ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

**बहजोई, अमृत विचार :** सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद के 77 केन्द्रों पर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। प्रथम पाली में हाई स्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 25853 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान मनोविज्ञान शिक्षा शास्त्र की परीक्षा में 13616 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। डीआईओएस ने नकल विहीन परीक्षा होने का दावा किया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा चल रही हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में 77 केन्द्रों पर आयोजित की गई। प्रथम पाली में हाई स्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 27631 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 25853 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1778 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं इंटरमीडिएट की कंप्यूटर एग्रोनॉमी विषय की परीक्षा में 368 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 348 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। वहीं 20 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

# तेंदुए के लिए अब तिमनपुर में लगाया कैमरा

संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** हयातनगर के रसूलपुर धतरा गांव में तेंदुए की लोकेशन नहीं नजर आने पर वन विभाग की टीम ने हजरतनगर गढ़ी के तिमनपुर गांव में तीन जगह रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए। टीम ने जल्द ही जंगली जानवर पकड़ने का ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर में पांच दिनों से जंगली जानवर देखने की वजह से ग्रामीणों में दहशत हैं। जिससे ग्रामीणों ने बच्चों के घर से बाहर खेलने व शाम के बाद घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी है। खुद समूह बनाकर ग्रामीण हाथों में लाठी डंडे लेकर खेतों पर जा रहे हैं। सोमवार को सदर विधायक के पुत्र सुहैल इकबाल गांव पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। दोपहर बाद डिप्टी रेंजर उस्मान अली व अन्य गांव पहुंचे। जहां जहां रास्तों पर जंगली जानवर देखने का दावा किया था।


तिमनपुर में कैमरा लगाते वन कर्मी व मौजूद सपा नेता सुहेल इकबाल। ● अमृत विचार

### रात भर हुई रिकॉर्डिंग में वन विभाग को कुछ नहीं मिला

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा में रविवार को तेंदुए को वीडियो में कैद करने के लिए वन विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। सोमवार को वन विभाग में गुन्नौर रेंजर विशेष कुमार, वन रक्षक राजकुमार सैनी, वन दरोगा असमोली मोहित कुमार और चंदौसी वन दरोगा रजीउल अब्बास गांव पहुंचे। वन विभाग की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, लेकिन रात भर रिकॉर्ड हुई वीडियो में वन विभाग की टीम को कुछ नहीं मिला। जिसके बाद वन विभाग की टीम सीसीटीवी कैमरा हटाकर वापस लौट आई।

## अनुबंधित बस परिचालक छुट्टी पर, यात्री हुए परेशान

**संभल, अमृत विचार :** संभल से मुरादाबाद के लिए रोडवेज की अनुबंधित बसों के परिचालकों के छुट्टी पर जाने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। आधा दर्जन बसें रोडवेज अड्डे पर खड़ी रहीं तो यात्रियों ने डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर मुरादाबाद का सफर तय किया।

संभल रोडवेज बस अड्डे से मुरादाबाद के लिए पांच से दस मिनट में अनुबंधित बस का संचालन होता है। जिससे यात्रियों को सहूलियत भी मिलती है। वहीं सोमवार को यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अनुबंधित बसों के परिचालक छुट्टी पर चले गए तो छह बसें रोडवेज बस अड्डे पर खड़ी रहीं। इन बसों के नहीं चलने के कारण दूसरी बसें आने में समय लगा। परेशान यात्रियों ने डग्गामार वाहनों का सहारा भी लिया। बताते चलें कि एक बस मुरादाबाद के आठ चक्कर लगाती है। छह बसों के रुकने के कारण 48 चक्कर कम हो गए। जिस कारण यात्रियों को परेशानी हुई।

## सार संक्षेप


गांव में बैठक में चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### लोस चुनाव में युवाओं से संपर्क में जुटे भाजपाई

**बबराला, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा का फोकस युवाओं पर है। युवाओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए भाजयुमो गांव–गांव युवा चौपाल लगा रही है। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद, नूरपुर और बाघऊ में युवा चौपाल लगाकर युवाओं से लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के नारे को साकार बनाने के लिए लोक चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता मोदी–योगी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही संविधान के अनुच्छेद 370 की समाप्ति और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे संकल्पों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को लेकर जनता के बीच पहुंचें। लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल मतों में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी दिलाकर केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए युवा कमर कस लें। इसके लिए पार्टी 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' के अपने स्वयं सिद्ध मंत्र को फिर पूरी गंभीरता से आजमाना है। फर्जी मतदान को रोकना है। इस दौरान अनूप राघव, ललतेश यादव, मनोज यादव, भुवनेश राघव, अंकित बंसल, गौतम पाल, हर्षित गोयल आदि रहे।


बबराला से हैदराबाद रवाना होते किसान। ● अमृत विचार

### श्री अन्न पर प्रशिक्षण को किसान हैदराबाद रवाना

**बबराला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत श्री अन्न एवं मिलेट्स पर प्रशिक्षण के लिए जनपद के 50 किसानों का दल तेलंगाना के हैदराबाद रवाना हो गया। इसमें गुन्नौर, जुनावई, बनियाखेडा, असमोली के किसान शामिल रहे। सोमवार को चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने इंटर कॉलेज के पास किसानों की बस को झंडी दिखा रवाना किया। कृषि विभाग के प्रतिनिधि भी किसानों के साथ हैं। श्री अन्न एवं मिलेट्स पर दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए किसान भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) हैदराबाद (तेलंगाना) रवाना हुए। चेयरमैन हर्ष वर्धन ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप देश के हर व्यक्ति की थाली में मोटे अनाज से बना भोजन होना चाहिए। मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मिलेट्स के उत्पादन से किसान विभिन्न उत्पाद तैयार कर आय प्राप्त करेंगे और लोग श्रीअन्न के उपयोग से कुपोषण एवं अनेक गंभीर बीमारियों से निजात पा सकेंगे। इस दौरान स्टेट बैंक प्रबंधक उमेश चंद्र, व्यापारी नेता रोहिताश वार्ष्णेय, कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि : सादातबाड़ी मंदिर में हो रही तैयारियां

**बहजोई, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर को जहां रंगीन रोशनी से सजाया गया। वहीं श्रद्धालुओं किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए भी करें इंतजाम किए जा रहे हैं। बहजोई के गांव सादातवाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि को लेकर हजारों से भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। वहीं कावड़िया भी जलाभिषेक करने के लिए पहुंचेंगे। इसके लिए ग्राम पंचायत व जिला प्रशासन की ओर से तैयारी को अमली जामा पहनाया जा रहा है। फूलों से भी मंदिर को सजाने का काम किया जाएगा। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न आए इसके लिए चारों ओर बैरिकेडिंग की जा रही है। महिलाओं तथा पुरुषों की अलग–अलग लाइन होगी। वहीं कावड़ियों के लिए अलग से सुरक्षित रास्ता बनाया गया है।

### महिला से मारपीट में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव सैमला भूड़ में सोमवार दोपहर को कुछ लोगों ने महिला रामवती के घर में छुट्टा पशु घुसा दिये। महिला ने विरोध किया तो महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। रामवती ने बताया कि गांव के ही मुरारी,रामवेटी,मोती,कलावती उसके घेर में जबरन आवारा पशुओं को घुसा रहे थे। उसका विरोध किया तो मारपीट गाली गलौज करने लगे। महिला ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

### ग्राम प्रधान के घर के पास मिला चोरी हुआ ट्रैक्टर

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में घर के अंदर खड़ा ट्रैक्टर तड़के किसी समय चोरी हो गया। 11 बजे ग्राम प्रधान के घर के पास रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा मिला। थाना क्षेत्र के गांव भड़वाड़ा निवासी खचेडू सैनी रविवार की देर रात तीन बजे पड़ोसी महावीर की बेटी की शादी का सामान हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव पोटा बराही पहुंचाकर घर आया और ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करने के बाद खचेडू घर के अंदर जाकर सो गया। सोमवार की सुबह सात बजे खचेडू सैनी ने नींद से जागकर देखा ट्रैक्टर गायब था। तहरीर मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। 11 बजे के आसपास ग्राम प्रधान ने बताया कि महावीर के रिश्तेदार ने ट्रैक्टर तड़के चार बजे लाकर घर के पास रास्ते पर खड़ा किया था।

# गुन्नौर के पातालेश्वर मंदिर का सैकड़ों वर्ष पुराना है इतिहास

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** गुन्नौर प्राचीन पातालेश्वर मंदिर पर महाशिवरात्रि पर बड़ी तादाद में भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिसे लेकर तैयारी चल रही है।

कस्बे के मोहल्ला तार के पास जंगल में स्थित शिव मंदिर की बड़ी अद्भुत कहानी है। मंदिर का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है। प्राचीन शिव मंदिर पूरे इलाके में पातालेश्वर के नाम से विख्यात है। प्राचीन कथा के अनुसार करीब तीन सौ साल पहले यह स्थान वीरान था। लोग दिन में भी यहां से निकलने पर डरते थे। उन दिनों चरवाहे गाय चराने के लिए जंगल जाते थे। एक गाय जंगल में गई और एक स्थान पर ही अपना सारा दूध निकाल कर वह वापस आ गई। शाम को घर लौटने पर गाय ने दूध नहीं दिया। अगले दिन चरवाहे अनोखा दृश्य देख दंग रह गए। एक स्थान पर गाय खड़ी हो गई और स्वतः ही गाय का दूध निकलकर उस स्थान पर गिरने लगा। जंगल में जिस स्थान पर जहां गाय दूध निकालती थी उसकी खुदाई कराई गई। गहरी खुदाई कराने के बाद शिवलिंग का ऊपरी हिस्सा दिखने पर खुदाई बंद कराई गई। शिवलिंग का आखिरी हिस्सा आज तक किसी को नहीं दिखा।


पातालेश्वर मंदिर में की गई सजावट।

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर जहां शिव भक्त गंगाजल लाने के लिए गंगा घाटों का रुख कर रहे हैं, वहीं जलाभिषेक के लिए शिव मंदिरों में तैयारी की जा रही हैं। जिलेभर के शिव मंदिरों में साफ सफाई, रंगाई पुताई आदि का काम जोरशोर से चल रहा है।

संभल में बहजोई मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर पर साफ सफाई और रंगाई पुताई का काम चल रहा है। मंदिर के महंत पंडित जुगलकिशोर मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सुबह चार बजे से जलाभिषेक शुरू कराया जाएगा। गंगाजल लेकर आने वाले भक्तों के लिए मंदिर के पास ही शिविर लगेगा। अगले दिन शाम करीब पांच बजे मंदिर से भी शिव बरात शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान शिव, राम दरबार, मां दुर्गा, खाटू श्याम, देश भक्ति समेत कई झांकियां रहेंगी। शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल द्वारा किया जाएगा। दूसरी तरफ लाडम सराय में स्थित शिव मंदिर पर साफ सफाई कराई जा रही है। नगर पालिका परिषद की ओर से मंदिर के आगे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण हो रहा है।

हसनपुर मार्ग पर गांव फत्तेहपुर भाऊ में स्थित प्रकटेश्वर महादेव मंदिर पर भी महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी चल रही है। संभल के अलावा हजरतनगर गढ़ी, सौंधन मोहम्मदपुर, पंवासा, बहजोई, धनारी, गुन्नौर, बबराला, जुनावई, रजपुरा क्षेत्र के मंदिरों को भी महाशिवरात्रि के लिए सजाया जा रहा है।


शिव मंदिर के निकट मेले में दुकानें लगाते दुकानदार। ● अमृत विचार

- साफ सफाई, रंगाई पुताई और इंटरलॉकिंग का काम हुआ शुरू

### झारखंडी शिव मंदिर पर लगेगा मेला, रास्ते में कीचड़

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी में स्थित झारखंडी शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि की तैयारी चल रही हैं। मंदिर की रंगाई पुताई कराई जा रही है। शिव मंदिर के पास 8 मार्च से 12 मार्च तक मेला लगेगा। मेला परिसर में सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती हो चुकी है। कर्मचारी काम में जुटे हैं। वहीं मेला परिसर में झूलों को लगाने का काम हो रहा है। जिसमें ट्रेन झूला, हवाई झूला, नाव झूला, ब्रेक डांस, जंपिंग और सर्कस आदि हैं। गांव गुमसानी–रतनपुर कला से शिव मंदिर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर बारिश के चलते कीचड़ के हालात हैं। श्रद्धालुओं ने अधिकारियों से रास्ता सही कराने की मांग उठाई है।

**नुकसान** शनिवार को देर रात झमाझम बरसात में ईंट भट्ठों पर बह गईं कच्ची ईंटें

# बारिश से टूटी ईंट भट्ठा संचालकों की कमर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बेमौसम बारिश से जहां गेहूं, सरसों की फसल को क्षति पहुंची, वहीं ईंट भट्ठों पर लाखों कच्ची ईंटों को नुकसान हुआ। झमाझम बरसात से ईंटें बह गईं। नुकसान को लेकर ईंट भट्ठा स्वामियों में चिंता का माहौल बन गया।

जनपद संभल की संभल, चंदौसी और गुन्नौर तहसील क्षेत्र में करीब साढ़े चार सौ ईंट भट्ठे हैं। इन ईंट भट्ठों पर कच्ची ईंटें बनाने का काम कई दिनों से चल रहा था। खुले में कच्ची ईंटों का स्टाक रखा था। शनिवार और रविवार को हुई रिमझिम बारिश से कच्ची ईंटों को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ लेकिन रविवार को देररात जब झमाझम बरसात हुई तो कच्ची ईंटों को भारी नुकसान हुआ। कच्ची ईंटें बह गईं।


ओबरी में बरसात से खराब हुईं कच्ची ईंट। ● अमृत विचार

सोमवार को सुबह जब ईंट भट्ठा स्वामी मौके पर पहुंचे तो नजारा देखकर चिंतित हो गए। ईंट भट्ठा परिसरों में जगह-जगह जलभराव दिखा तो कच्ची ईंटें बर्बाद हो चुकी थीं। ईंट भट्ठा संचालकों ने सुरक्षा के लिए ईंटों के स्टाक को पालीथिन से ढकवाने का भी काम किया। बहरहाल, बेमौसम बरसात से लाखों कच्ची ईंटों के बर्बाद होने पर ईंट भट्ठा संचालकों की कमर टूट गई है। ईंट भट्ठा स्वामियों का कहना है कि अब दोबारा से ईंटें तैयार कराने में ज्यादा लागत आएगी। मजदूरों को उनकी दिहाड़ी अलग से देनी पड़ेगी। वहीं सोमवार को कई ईंट भट्ठों पर काम भी बंद रहा। तमाम मजदूर खाली बैठे दिखाई दिए।

# जियाउर्रहमान बोले खुलकर करूंगा सीएए का विरोध

कार्यालय संवाददाता, संभल

**एलान**

- सपा विधायक बोले, वह कौम के खिलाफ होने वाले हर काम का विरोध करेंगे

**अमृत विचार :** मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने अपने दादा डा. शफीकुर्रहमान बर्क के चले नक्शे कदम पर चलने का एलान करते हुए कहा कि वह कौम के खिलाफ होने वाले हर काम का विरोध करेंगे। वह सीएए का भी विरोध करेंगे।



संभल के दीपा सराय स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में समाजवादी पार्टी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने कहा है कि अपने दादा शफीकुर्रहमान बर्क की तरह वह भी सीएए का खुलकर विरोध करेंगे। जियाउर्रहमान बर्क ने अपने दादा शफीकुर्रहमान बर्क की राजनीति संभालने के सवाल पर कहा कि वह शफीकुर्रहमान बर्क के पद तक नहीं पहुंच सकते लेकिन इतना जरूर है कि उनके नक्शेकदम पर चलकर अपनी कौम को बेसहारा नहीं होने देंगे। जियाउर्रहमान ने कहा कि मौजूदा समय में सीबीआई और ईडी का जैसा दुरुपयोग हो रहा है वैसा दुरुपयोग पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी से नहीं डरे। इसी के चलते राज्यसभा चुनाव में बीजेपी ने उनके विधायक तोड़ लिए उनके पास इसके सुबूत हैं।

## एक नजर

### छत से रास्ते में गिरकर बच्ची हुई घायल

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर के मुहल्ला सैनी वाला निवासी रामाशंकर की 8 वर्षीय पुत्री दीप्ति सोमवार की शाम चार बजे परिवार के ही बच्चों के साथ छत पर खेल रही थी। खेलने के बाद दीप्ति भी अन्य बच्चों के साथ छत से उतरकर नीचे आ रहे थी। अचानक से दीप्ति का पैर फिसल गया और दीप्ति छत से रास्ते पर गिरकर घायल हो गई। दीप्ति को नीचे की ओर गिरता देखकर बच्चों ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। दीप्ति को उठाकर आनन फानन में परिजन निजी वाहन से लेकर जिला अस्पताल आ गए और डॉक्टर से उपचार कराया।

### सिरसी चैंपियन टीम ने जीता फाइनल क्रिकेट मैच

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में स्थित जवाहर लाल मैमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज में सोमवार को सिरसी सुपर लीग की ओर से आयोजित कराए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच जैन क्लब व सिरसी चैंपियन के बीच खेला गया। जिसमें मुसाहिब हुसैन और कंबर अब्बास भी रहे। सिरसी चैंपियन ने 127 रन बनाकर 48 रनों से फाइनल मैच जीता। इस दौरान तमाम लोग मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन के प्रति किया जागरूक

## आपदा प्रबंधन का अर्थ ऐसे सभी उपायों से है जिससे खतरा आपदा का रूप न ले सके

संवाददाता, चन्दौसी



स्वयंसेविकाओं को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों का कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत व डॉ. प्रियंका के संयोजन में सात दिवसीय शिविर का आयोजन कैथल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में किया गया है। चतुर्थ दिवस सोमवार को शिविर का आरंभ स्वयंसेविकाओं प्रीति, नेहा, संजना राठौर, रिफा, श्रष्टि माथुर, स्वाती आदि द्वारा मां सरस्वती की वंदना, लक्ष्य गीत व आह्वान गीत प्रस्तुत करके किया। स्वयंसेविकाओं ने आपदा प्रबंधन पर घर-घर जाकर लोगों को इसके बारे में जागरूक किया।

द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल एवं प्रोफेसर संगीता गोयल उपस्थित रहीं। प्राचार्या ने स्वयं सेविकाओं को आपदा प्रबंधन के बारे मे बताया कि आपदाएं दो प्रकार की होती हैं। मानव जनित और प्राकृतिक। दितीय सत्र के मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्रशिक्षक कोमल जुगलान ने बताया कि आपदा प्रबंधन का अर्थ ऐसे सभी उपायों से है जिससे खतरा आपदा का रूप न ले सके। चूंकि, हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते हैं। लेकिन जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनके हानिकारक प्रभावों को कम कर सकते हैं। आपदाएं प्राकृतिक या मानवीय खतरों के परिणाम हैं। मंच संचालन डॉ. प्रियंका ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का चतुर्थ दिवस पर पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी शीर्षक के अंतर्गत मनाया गया। स्वयंसेवक-सेविकाओं ने नगर का भ्रमण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। द्वितीय सत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली की टीम द्वारा स्वयंसेवक-सेविकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दवाएं भी उपलब्ध कराईं। डॉ. शिखा दत्ता, डॉ. आस्था वार्ष्णेय अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। तृतीय सत्र में आयोजित गोष्ठी में प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। संचालन इश्त्याक अहमद ने किया।

## राजा पहलवान चन्दौसी ने कुरुक्षेत्र के गौरव को हराया

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नवादा में आयोजित राष्ट्रीय एकता कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के छठे दिन सोमवार को आकाश पहलवान दिल्ली ने परमजीत पहलवान पंजाब को पटखनी देकर हरा दिया।

नाजिम पहलवान कोकावास ने हसीन बोना कलियर को हराया। फकीर पहलवान कलियर ने हिटलर पहलवान दिल्ली को चित कर दिया। दिलशाद पहलवान चन्दौसी ने मुन्ना पहलवान गोरखपुर को हराया। रवि शंकर दास पहलवान अयोध्या व जल्लाद पहलवान राजस्थान की कुश्ती बराबर रही। अनमोल पहलवान चन्दौसी ने मुन्ना पहलवान हरियाणा को हराया। राजा पहलवान चन्दौसी ने गौरव पहलवान कुरुक्षेत्र को पटखनी देकर हराया। दंगल के दौरान बाबू खां, इरशाद खां, गौरव रावत, बली मोहम्मद, हनीफ खां आदि शामिल रहे।

## सार संक्षेप



भगवान श्री परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ब्राह्मण सभा के लोग।

### बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री ब्राह्मण सभा नगर इकाई की बैठक सोमवार की सुबह सात बजे हनुमान मंदिर परिसर में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद नगराध्यक्ष गुरुदत्त शर्मा ने संगठन के रजिस्ट्रेशन नियमित होने तथा संस्था के पैन कार्ड बनने एवं केनरा बैंक में खाता खोलने की जानकारी दी। संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए 10 मई को नगर में निकलने वाली भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा को धूमधाम से निकालने के लिए विचार विमर्श किया गया। शोभायात्रा में शामिल होने वाली श्री परशुराम की झांकी, बाल रूप, गणेश जी, वामन अवतार, सरस्वती माता, शिव परिवार आदि झाकियों के तैयार करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके लिए धन संग्रह समिति बनाई गई। कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर भूदेव शर्मा, वैद्य ब्रजनंदन शर्मा, अतुल शर्मा, श्याम शरण भारद्वाज, विनोद पाराशरी, शरद शर्मा, अमन शंखधार, शैलेंद्र कुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा दद्दा आदि उपस्थित रहे।



महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित करतीं सभा की पदाधिकारी व सदस्य।

### महिला पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा नगर इकाई के द्वारा सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के आरंभ में जिला न्यायालय में तैनात महिला पुलिस कर्मियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी उर्मिला शर्मा, संयोजिका संगीता भार्गव तथा महामंत्री रंजना शर्मा सहित सभा की सदस्यों द्वारा महिला हेड कांस्टेबल मोनिका चौधरी, कांस्टेबल मंजू यादव, निशा गंगवार, ज्योति रानी, प्रियंका चौहान, नीतू, सरिता, मोनिका, हिरेश आदि को पटका पहनाकर व उपहार भेंट कर स्वागत किया। सभा की महामंत्री रंजना शर्मा ने बताया कि आज की महिला किसी पर निर्भर नहीं है। वह हर मामले में आत्मनिर्भर एवं स्वतंत्र है। कार्यक्रम अध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए बताया कि आज की नारी शक्ति घर परिवार के साथ समाज के प्रति जागरूक है। इस अवसर पर रानी शर्मा, सुधा शर्मा, रेनू शर्मा, सुनीता शर्मा, अंजुला शर्मा, अंशु नागर, साधना पाठक, इंद्रेश शर्मा, शालिनी शर्मा, मधु मिश्रा आदि सदस्यों की भागीदारी रही।



स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन की जानकारी देते अग्निशमन विभाग के कर्मी।

### रासेयो के शिविर में आपदा प्रबंधन की जानकारी दी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर कौशल विकास हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत आपदा प्रबंधन दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने प्रांगण को स्वच्छ करने के उपरांत पेड़ पौधों को लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्राम वासियों को राष्ट्रीयता के प्रति सचेत करते हुए राष्ट्र विरोधी तत्वों के विरुद्ध सदैव जाग्रत रहने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अग्निशमन दल प्रमुख ओम सिंह ने स्वयंसेवकों को अग्नि के तत्व, प्रकार , उनसे बचाव के बारे में बताने के अलावा अग्निशमन वाहन के विषय में भी जानकारी दी। इस अवसर पर अनुराग सोनी समेत सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



जुनावई में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक।

### शिक्षकों ने बीईओ को ज्ञापन देकर उठाई मांगें

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई विकास खंड के शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मेहरा को सौंपा। जिसमें टैबलेट को सक्रिय किए जाने के लिए सिम कार्ड उपलब्ध कराने की मांग उठाई। कहा कि शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिसंबर का उपार्जित अवकाश प्रत्येक महीने के द्वितीय शनिवार को तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किए जाने की मांग उठाई। कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो बीएसए और शिक्षा निदेशालय कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, यादराम सिंह, रविजेश कुमार, राजेश कुमार, संदीप कुमार, वेद प्रकाश मिश्र, संतोष कुमार, नरेश पाल सिंह, चरण सिंह, श्रीकृष्ण गुप्ता, ऐवज अली, जयप्रकाश शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, उमेश सिंह, अनुज कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।

### पानी की टंकी के लिए आरक्षित भूमि कब्जा मुक्त कराई

**गुन्नौर/रजपुरा, अमृत विचार :** राजस्व विभाग और पुलिस टीम ने रजपुरा ब्लॉक के गांव रजावली में पानी की टंकी निर्माण के लिए आरक्षित जमीन को कब्जा मुक्त कराया। भूमि पर गांव रजावली के अतर सिंह ने अपनी दावेदारी करते हुए न्यायालय का स्थगन आदेश लगाकर पूर्व में निर्माण कार्य रुकवा दिया था। गांव की प्रधान रामकली ने एसडीएम से शिकायत की। सोमवार को राजस्व निरीक्षक निरीक्षक व लेखपाल ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जांच की तो अतर सिंह की भूमि की गाटा संख्या दूसरी जगह पाई गई। जिसके बाद टीम ने जेसीबी से भूमि से अवैध कब्जा हटवाया।



जमीन को कब्जा मुक्ति के दौरान मौजूद ग्रामीण।

# एसपी ने दिए साफ सफाई के निर्देश

संवाददाता, बहजोई



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने रिजर्व पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों का अवलोकन किया। वहीं दूसरी ओर रसोई का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को शुद्धता के साथ भोजन दिए जाने के बात कही। शस्त्रों के रखरखाव के बारे में भी जानकारी करते हुए निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक औचक निरीक्षण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने गार्द की सलामी लेकर गार्द का निरीक्षण किया गया। इसके बाद एसपी ने शस्त्रागार का निरीक्षण किया। जिसमें शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया। शस्त्रागार में रखे शस्त्रों के रखरखाव के निर्देश दिए। इसके बाद वह राजकीय संपत्ति स्टोर रुम का निरीक्षण करने पहुंच गए। राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया। स्टोर में रखे सामान के रखरखाव के सम्बन्ध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक निर्देश दिये। भोजनालय के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई रखने व भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ स्वच्छता के साथ भोजन दिए जाने की बात कही।

### एसपी ने कमियां दूर करने पर दिया जोर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने सोमवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। कमी को पूरा करने के लिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना परिसर की साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत दोपहर में कोतवाली पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, शस्त्रों आदि का निरीक्षण किया । बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की बात कही। गाडियों को डंपिंग यार्ड में लगाए जाने तथा कैमरों का संचालन सही प्रकार से करने के निर्देश दिए।

## बिजली खम्भे में उतरे करंट से भैंस की मौत

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रचैटा निवासी शिवालिक उर्फ रोबिन कुमार सोमवार की रात आठ बजे घेर से भैंस लेकर पशुशाला में बांधने के लिए घर जा रहा था। रास्ते में नाली में लगे बिजली के खम्भे पर करंट उतर रहा था। नाली के पास पहुंचते ही भैंस को करंट लग गया। जिससे भैंस की मौत हो गई।

### अराजक तत्वों ने तोड़ी विद्यालय की दीवार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर से सटे गांव कैथल स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में अराजक तत्वों को बोलबाला है। बीती रात अराजक तत्वों ने विद्यालय की चारदीवारी तोड़ दी। साथ ही विद्यालय परिसर में गंदगी फैला दी। प्रधानाध्यापिका रेनू बंसल ने दिव्यांग हैं। उन्होंने अपनी ओर से विद्यालय का कायाकल्प किया है। उन्होंने बताया कि आए दिन यहां लोग गंदगी फैला जाते हैं। अब चारदीवारी भी तोड़ दी है।

# संकल्प यात्रा पर लाठी चार्ज को लेकर प्रजापति समाज में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ प्रजापति समाज सेवा समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अमृत विचार :** प्रजापति समाज की संकल्प यात्रा को मेरठ, मुफ्फरनगर, गाजियाबाद में रोके जाने व गाजियाबाद में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के अध्यक्ष दारा सिंह समेत अन्य समाज के लोगों पर बर्बता पूर्वक लाठी जार्च किए जाने पर प्रजापति समाज सेवा समिति में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को तहसील पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीतू रानी को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति के नेतृत्व में यात्रा 27 फरवरी को हरिद्वार गंगाघाट से हवन पूजन के साथ आरंभ हुई थी। ये संकल्प यात्रा प्रजापति समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी, जाति जनगणना, अनुसूचित जाति आरक्षण की मांग और क्रीमी लेयर से बाहर करने तथा समाज के उत्पीड़न के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर निकाली जा रही थी। हरिद्वार व मुजफ्फरनगर में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को देकर 28 फरवरी को यात्रा मेरठ के लिए रवाना हुई। मेरठ के बाद गाजियाबाद पुलिस ने भी चार घंटे संकल्प यात्रा को रोका। इतना ही नहीं वैशाली मैट्रो के निकट पुलिस ने संकल्प यात्रा को एक मैरिज होम में बंधक बना लिया। इतना ही नहीं पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई लोग घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत 13 लोगों को हिरासत में लेकर फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया और संकल्प यात्रा को मेरठ लाकर छोड़ दिया। संकल्प यात्रा पर लाठी चार्ज अमानवीय है।

# मां के गुस्से में भी प्यार है, मां के पास शब्दों का भंडार है...

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ साहित्यिक संस्था कशिश की हुई काव्य गोष्ठी

**अमृत विचार :** दिल्ली की साहित्यिक संस्था कशिश के द्वारा पाटिया बाजार में ऊषा गुप्ता के आवास पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। एक के बाद एक कवियों ने अपने पंक्तियों को सुना कर समां बांध दिया।

सर्वप्रथम श्री नारायण सेवा समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट एवं भारत विकास परिषद की शाखा महासचिव डॉ. दुर्गा टंडन समेत सामाजिक संस्थाओं द्वारा संस्था की संस्थापिका कंचन वार्ष्णेय को फूल मालाओं व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत करते हुए काव्य गोष्ठी का आरंभ किया शिवानी दीक्षित 'महक' ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से कहा कि मां के गुस्से में भी प्यार है, मां के पास शब्दों का भंडार है..., डॉ. जयशंकर दुबे ने क्या शहीदों ने सोचा था क्या हो गया, मुझे आजाद करके विदा हो गए, हरीश कठेरिया ने जिसके भाग्य में होती है साली, वो होता है भाग्यशाली..., डॉ. दुर्गा टंडन ने सनातन की हुई जीत सबको बधाई है, रामराज की खुशबू हौले से आई है आदि पंक्तियों से वाह-वाही लूटी। संस्था की संस्थापिका कंचन वार्ष्णेय कशिश ने अपने अंदाज में कुछ यूं पढ़ा-ये तुम तेजाब जो मेरे चेहरे पर डाल गए हो न, शिवदत्त संदल ने अपनी गजल में दिए हैं फूल भी तो इस जहां ने दिए, गिला क्या अब तो पत्थर आ रहे हैं पंक्तियों से तालियां बटोरीं।

# माहौल बिगाड़ा तो सख्ती से निपटेगी पुलिस

संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर



नरौली चौकी में अमन कमेटी की बैठक करते थाना प्रभारी।



थाने में शांति समिति की बैठक करते एसडीएम व सीओ।

**अमृत विचार :** थाना बानियाठेर की नगर पंचायत नरौली की देहात पुलिस चौकी पर महा शिवरात्रि समेत आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें कस्बा नरौली के नागरिकों व ग्राम प्रधानों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। बनियाठेर थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला ने कहा कि सभी त्योहार मिलजुल कर मनाएं और शांति कायम रखें। ग्राम प्रधानों व नागरिकों से त्योहार के संबंध में जानकारी की। कहा कि कहीं कोई विवाद की बात सामने आती है तो तत्काल पुलिस को बताएं। जिससे बवाल होने से रोका जा सके। माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आएगी। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भी त्योहार के बारे में जानकारी दी और लोकसभा चुनाव को लेकर अफवाहों से बचने पर जोर दिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बिट्टन मलिक, राजेश गुप्ता, नितिन शर्मा, नाजिम हुसैन, दिनेश कुमार, शादाब, उस्मान, दीपक कश्यप, जगदीश प्रधान, जीशान, तरकीर खान प्रधान, मौ. हैदर, तौफीक, सोनू आदि उपस्थित रहे।

### त्योहारों और चुनाव में शांति बनाए रखें लोग

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** नखासा व हयातनगर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में मौजूद लोगों से एसडीएम और सीओ ने त्योहारों व लोकसभा चुनाव पर शांति बनाए रखने की अपील की। नखासा व हयातनगर थाना परिसर में सोमवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सरायतरीन व हयातनगर नखासा थाना क्षेत्र के व्यापारी व धर्मों के लोग मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, कांवड़, रमजान और लोकसभा चुनाव के दौरान सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखें।

**समस्या** — मानकपुर और नसीरपुर नरौली गांव के बीच उखड़ी है सड़क, महाशिवरात्रि पर कुआं खेड़ा शिव मंदिर लगता है मेला, शिव भक्तों को होगी दिक्कत

# कांवड़ यात्रा मार्ग में कीचड़ और जलभराव से ग्रामीणों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर



शिव मंदिर मार्ग पर पुलिया के नीचे जलभराव। ● अमृत विचार



गांव कुआंखेड़ा शिव मंदिर मार्ग पर पसरा कीचड़।

**अमृत विचार :** तहसील चन्दौसी और विकास खंड बनियाखेड़ा सीमा से सटे जनपद मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा में प्राचीन शिव मंदिर है। महाशिवरात्रि पर यहां मेला लगता है। बनियाखेड़ा के कई गांव के शिव भक्त व कांवड़िए शिव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

ब्लॉक बनियाखेड़ा के मानकपुर नरौली से गांव नसीरपुर नरौली तक की करीब डेढ़ किलोमीटर कच्ची सड़क पर कीचड़ है। इस बार भी कांवड़ियों और शिव भक्तों को कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना होगा। शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। करीब डेढ़ किलोमीटर के इस रास्ते पर पहले खडंजा बिछा हुआ था। जो कई वर्ष पहले टूट गया । अब सिर्फ कच्चा रास्ता ही रह गया है। बारिश होने से रास्ता कीचड़ से भरा है। इतना ही नहीं कुआं खेड़ा हाल्ट के नीचे अंडरपास के नीचे घुटनों से ऊपर तक पानी भरा है।

### ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव का किया था बहिष्कार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पिछले वर्षों में हुए विधानसभा चुनाव में नसीरपुर नरौली के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया था। दोपहर 12 बजे तक एक भी वोट नहीं डाला गया था। तब राज्यमंत्री गुलाब देवी ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर जीत के बाद समस्या समाधान का वादा किया था। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मतदान किया था। ग्रामीणों का कहना है कि उनके साथ वादाखिलाफी की गई। अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है।



"कुआंखेड़ा स्थित शिव मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक है। ये मंदिर काफी प्राचीन है। रास्ता खराब होने भक्तों को मंदिर आने जाने में परेशानी होगी।"
–रामदास, मंदिर के पुजारी



"कुआं खेड़ा स्थित शिव मंदिर से संभल जनपद के दर्जनों गांव के ग्रामीणों की आस्था जुड़ी हुई है। डेढ़ किलोमीटर का खराब रास्ते को दुरुस्त कराया जाना चाहिए।"
–वीरेंद्र सिंह, ग्रामीण, गांव नसीरपुर



"मैं प्रति वर्ष महा शिवरात्रि पर परिवार के साथ महादेव का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर जाता हूं। रास्ता खराब होने से दोपहिया वाहनों व पैदल चलने में भी हादसे का खतरा बना रहता है।"
–अनिल चौहान, ग्रामीण



"इस रास्ते को दुरुस्त कराने के लिए जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार कहा गया लेकिन हर बार आश्वासन तो मिला। परन्तु समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस बार भी भक्तों को परेशानी झेलनी होगी।"
–रामदेई, ग्रामीण

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

# किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

**बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।**

**बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।**

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

## प्रसंगवश

# न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

# हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

**हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।**

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

## सोशल फोरम

# अपनी मिट्टी का संगीतकार



**जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।**

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

# और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मड़ुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

# सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

## एक नजर

### एएसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** एएसपी ने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों के आने-जाने के रास्ते एवं आसपास की गतिविधियां देखीं। लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। इसको लेकर पुलिस ने भी कमर कस ली है। सोमवार को एएसपी अमरिंदर सिंह ने थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा के साथ अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रतनपुर कलां, ऊमरी, कस्बे के मंदिर आदि जगहों को देखा। उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि जो भी व्यवस्थाएं होनी हैं, उसे समय से पूरा करा लें।

### स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे मना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समर वैली स्कूल में सोमवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों को दादा-दादी व नाना-नानी के साथ आमंत्रित किया। इस दौरान नन्हे-मुन्नों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। बच्चों व उनके ग्रैंड पेरेंट्स को कुछ मनोरंजन गेम भी खिलाए गए। प्रधानाचार्य विशाल उपाध्याय ने दादा-दादी व नाना-नानी को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया।



नारी शक्ति वंदन एक दौड़ राष्ट्र के नाम में शामिल भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

## नारी शक्ति वंदन दौड़ में मीनू बाजवा प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 10 वर्ष होने पर महिलाओं के लिए सुशासन, नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया गया। इसके उपलक्ष्य में नारी शक्ति वंदन एक दौड़ राष्ट्र के नाम कांठ विधानसभा क्षेत्र के पाकबड़ा मंडल में आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान मीनू बाजवा को मिला।

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित इस दौड़ की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल रहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। महिलाओं को शिक्षा, नौकरी व अन्य क्षेत्रों में सशक्त बनाया। प्रधानमंत्री ने नारी सशक्तीकरण के कार्यक्रमों की खुद निगरानी कर उसका लाभ पारदर्शिता के साथ दिलाया। महिला मोर्चा द्वारा कराई महिला मैराथन दौड़ में बेटियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें मीनू बाजवा प्रथम, सैंकी सिंह द्वितीय और सिखा रानी को तीसरा स्थान मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी ने किया। प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाली बेटियों को पुरस्कृत किया गया।

## कार की टक्कर से ट्रॉली में बैठे 13 श्रमिक घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कार की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। इस हादसे में 13 श्रमिक घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने दो श्रमिकों की हालत गंभीर बताई है।

यह हादसा मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स के निकट राइस मिल के पास हुआ। मुंडिया मलूकपुर गांव निवासी 13 श्रमिक ट्रैक्टर से मुरादाबाद में एक लिंटर डालने जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली में बैठे नवाब ने बताया कि ट्रैक्टर जब राइस मिल के पास पहुंचा, तभी पीछे से आई कार ने उनकी ट्रॉली में टक्कर मार दी। इससे ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। सभी मजदूर उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। घायलों में राज बहादुर, नवाब, इस्लाम, इंतजार, गुलाम साबिर, शमशाद समेत 13 लोग शामिल हैं।

### भयमुक्त वातावरण देकर शांतिपूर्वक और निष्पक्ष कराएंगे लोक सभा का निर्वाचन

# चुनाव प्रभावित करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में माहौल शांतिपूर्ण रहे और चुनाव की शुचिता एवं पारदर्शिता प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। चुनाव में माहौल को बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। हर मतदाता को निर्भीक, निडरता एवं निष्पक्षता से मतदान करने का मौका मिलेगा। इसके लिए पुलिस माहौल भी तैयार कर रही है। दंगा नियंत्रण पर भी अभ्यास चल रहा है। अपराधियों की वर्तमान गतिविधि को जांचा जा रहा है। ये बातें सोमवार को एक मुलाकात में डीआईजी मुनिराज जी ने बताईं।

उन्होंने बताया कि जिले की पुलिस की तरफ से की जा रही तैयारियों की वह बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं, जहां जो कमी प्रतीत हो रही है उसे पूरा करने के निर्देश भी जारी कर रहे हैं। डीआईजी ने कहा कि चुनाव के लिए जिस दिन से आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी, उस दिन से वह सुरक्षा संबंधित गतिविधियों को और तेज करेंगे। चूंकि उनका मुख्य मकसद है जनता को सुरक्षा देना और सुरक्षित वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्षता के साथ मतदान संपन्न कराना। कोई भी मतदाता लालच या किसी दबाव में न आए। यदि कोई निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है तो जनता का कोई भी व्यक्ति उन्हें सीधे या फिर जिला पुलिस को बिना किसी संकोच के उस बात को साझा कर सकता है, पुलिस संबंधित व्यक्ति की गोपनीयता को बरकरार रखेगी।

### आचार संहिता का अनुपालन कराने में सहयोगी होंगे सीसीटीवी कैमरे

डीआईजी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन दृष्टि के तहत परिक्षेत्र के सभी जिलों में सीसीटीवी कैमरे काफी संख्या में स्थापित कराए गए हैं। इसमें मुरादाबाद जिले में ही 22,380 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। थानों में कुल 140 कैमरे लगे हैं, जिनका डिस्प्ले स्मार्ट कंट्रोल रूम की एलसीडी पर हो भी रहा है। लगभग सभी मतदान केंद्रों व मतदान स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था हो रही है। इन सभी कैमरों के डिस्प्ले पर पुलिस कड़ी निगरानी कर रही है। गांव, कस्बों के चौराहा-तिराहा पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। महानगर में भी अधिकांश चौराहा-तिराहा सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। डीआईजी ने बताया कि चुनाव में इन कैमरों की मदद से भी आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन कराने में आसानी होगी।

### अपराधियों की वर्तमान गतिविधि जांचने में जुटी पुलिस

डीआईजी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कराया है। इसमें जो लापता हैं, उनकी तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। जेल से छूटे अपराधियों का भी विवरण भी एकत्र कर उनकी भी वर्तमान गतिविधियों को पुलिस जांच रही है। इसके अलावा अवैध कच्ची शराब, स्मैक, गाजा जैसे एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाले मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। गोवध अधिनियम के तहत आरोपियों की तलाश की जा रही है, पुलिस उनके गांव-कस्बों में पहुंचकर उनकी गतिविधि समझ रही है। पीआरवी के मूवमेंट को और अधिक बढ़ाया जा रहा है। रात में गश्त पर काफी गंभीरता बरती जा रही है।

# निजी बसों के संचालन के लिए आए 35 आवेदन

### मुरादाबाद से संचालित सीएनजी आटो रिक्शा के परमिट हस्तान्तरण के लिए 53 आवेदन भी मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक हुई। इसमें अराष्ट्रीयकृत व अन्य मार्गों पर निजी बसों के संचालन के लिए 35 आवेदनों पर विचार किया गया। सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित पक्षकारों ने अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखी।

सोमवार को बैठक में लाइसेंस धारकों के स्थायी निजी बसों के परमिट हस्तान्तरण के लिए मिले दो आवेदन पत्रों पर विचार कर निर्णय लिया गया। वहीं मृत अनुज्ञाधारियों के स्थायी निजी बसों के परमिट हस्तान्तरण के लिए मिले दो आवेदन पत्रों पर विचार किया गया। साथ ही मुरादाबाद केन्द्र से संचालित सीएनजी चालित आटो रिक्शा के परमिट हस्तान्तरण के लिए 53 आवेदन पत्र परिवहन प्राधिकरण की बैठक में प्रस्तुत किया। जिस पर निर्णय लिया। यहां से संचालित सीएनजी आटो रिक्शा मृत अनुज्ञाधारियों के परमिट हस्तान्तरण के दो आवेदन पत्र मिले। तीन आवेदन पत्र पर यात्री वाहनों के परमिट का नवीनीकरण करने पर सहमति बनी। सीएनजी आटोरिक्शा के स्वीकृत हस्तान्तरण के परमिट नवीनीकरण के लिए छह आवेदन पत्रों पर विचार कर निर्णय लिया। ट्रांसपोर्ट नगर (आरटीओ कार्यालय) से बिलारी मार्ग पर नए परमिट के लिए चार आवेदन पत्र पर विचार कर निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि वाहनों के संचालन में किसी की मनमानी नहीं चलेगी। बैठक में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) बरेली संजय सिंह, सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण/सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राकेन्द्र कुमार सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रणव झा के अलावा वाहन संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**बैठक**

- आरटीओ कार्यालय से बिलारी मार्ग पर नए परमिट के लिए चार आवेदन पत्रों पर विचार
- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक

### एक लाख से अधिक संपत्ति के मालिक को जमा करना होगा बकाया बिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने बिजली बिल वसूली को लेकर बकायेदारों पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है। एक लाख से अधिक संपत्ति के स्वामी पर बिजली बिल बकाया होने पर विभाग की ओर से कानूनी कार्रवाई करने के साथ मौके पर ही बकाया भी वसूला जाएगा। जिले में भी विभाग के आलाधिकारी बकायेदारों की संपत्ति का डेटा जुटाने में लग गए हैं। इस बार गर्मी में बकायेदारों के लिए टेंशन रहेगी। बकायेदारों को बिना बिजली के रहना होगा या फिर बकाया बिल का भुगतान करना होगा। बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के विभाग गर्मी से पहले ही कनेक्शन काट देगा। अब एक लाख रुपये से अधिक की संपत्ति वाले बकायेदार बिजली का उपयोग बिना बिल जमा किए नहीं कर सकेंगे। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि कनेक्शन काटने के बाद भी बिजली का उपभोग करते पाए जाने पर उपभोक्ता को जेल जाना पड़ेगा। बकायेदारों से वसूली के लिए विभाग की विजिलेंस टीम जाएगी। उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज होगी। उपकेंद्र स्तर पर तैनात बिजली कर्मचारी ऐसे बकायेदारों की संपत्ति का डाटा जुटाएंगे।

## घर में घुस पिता का तोड़ा दांत, बेटी से छेड़छाड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक घर में घुसकर कुछ लोगों ने व्यक्ति से मारपीट कर उसका दांत तोड़ दिया और बचाव में आए बच्चों को मारापीटा और उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। घटना 24 फरवरी की है। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की है।

मझोला थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि इस घटना में थाना पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र, मनोज, रोहित, शेर सिंह और अजय के विरुद्ध एनसीआर दर्ज की थी। जबकि, गंभीर अपराध होने के बाद भी अभियुक्तों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही गिरफ्तारी हुई। पीड़ित ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कांशीराम पुलिस चौकी पर गया था तो उसे पुलिसकर्मियों ने यह कहकर भगा दिया कि आरोपी पक्ष के लोगों की जमानत हो गई है, अब अपने घर जाओ। पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि 24 फरवरी को हुई घटना में कड़ी कार्रवाई न होने से विपक्षियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं, वह हर समय फौजदारी पर अमादा रहते हैं। एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थानाध्यक्ष को पूर्व में दर्ज की गई एनसीआर में पीड़ितों की मेडिकल रिपोर्ट और घटना संबंधी तथ्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# फेक आइडी बना युवती की अश्लील वीडियो वायरल की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र की गणेशपुर पीपलसाना के निजी क्लीनिक में नर्सिंग का काम करने वाली युवती की अश्लील वीडियो-फोटो आरोपी ने फेक आइडी बनाकर फेसबुक पर वायरल कर दिए हैं। इसके बाद उसके विवाह का रिश्ता भी टूट गया है। आरोपी ने ऐसा तब किया जब उसे युवती के तय हुए रिश्ते के बारे में पता चला। इस मामले में युवती तीसरी बार सोमवार को एसएसपी के सामने आई थी।

युवती ने एसएसपी को बताया है कि उसके ही गांव का युवक ने शादी का झांसा देकर उससे कई बार दुष्कर्म किया और फिर शादी करने से भी इनकार कर उसने अपने को शादीशुदा होना बताया था। जिस पर उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी और आरोपी जेल भी गया था। जेल से आने पर उसे अपनी गलती स्वीकार की और अपने छोटे बच्चों का हवाला देकर माफ कर देने को कहा, जिस पर युवती ने न्यायालय में आरोपी के पक्ष में बयान दे दिया था। लेकिन, आरोपी फिर मुकर गया। युवती ने बताया कि उसके रिश्ते की बात चल रही थी जिसकी जानकारी आरोपी को हो गई। इस पर आरोपी ने फेसबुक पर फेक आइडी बनाई फिर युवती के अश्लील फोटो की डीपी लगा दी। इसके बाद उसके वीडियो व अन्य फोटो भी वायरल कर दिए हैं। युवती ने बताया कि उसे इस बात की जानकारी तब हुई जब गांव के कुछ लोगों ने उसे बताया। इसके बाद से उसका घर से निकलना दूभर हो गया है।

### एसएसपी ने सीओ ठाकुरद्वारा को दिए कार्रवाई के निर्देश

युवती ने एसएसपी को बताया है कि इस मामले में उसने 19 फरवरी को पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर भगतपुर थाना पुलिस ने कई बार उसे थाने पर बुलाया। विभिन्न तरह से उससे पूछताछ भी की लेकिन, एफआईआर नहीं दर्ज की। जिस पर वह एक मार्च को फिर एसएसपी कार्यालय आई थी, इस प्रार्थना पत्र भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह सोमवार को तीसरी बार एसएसपी के सामने पेश हुई थी। उधर, एसएसपी हेमराज मीना ने इस मामले में सीओ ठाकुरद्वारा को प्रकरण की गहनता से जांच कर पीड़िता द्वारा बताए गए फेसबुक आइडी के स्क्रीन शॉट फोटो संबंधी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# पिछले चुनावों के विवादों का अध्ययन कर रही पुलिस

**970** लोगों पर विस निर्वाचन 2022 में दर्ज हुए थे 92 मामले

**25** सर्वाधिक मामले 2019 के चुनाव में रामपुर में दर्ज हुए थे

**119** लोगों पर 2014 के चुनाव में दर्ज हुई थीं 27 एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस पिछले निर्वाचनों में हुई घटनाओं का भी अध्ययन कर रही है। इनसे जुड़े अभियुक्तों का भी सत्यापन कराया जा रहा है। पूर्व में विवाद करने वाले व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधि क्या है, आदि बिंदुओं पर पुलिस उनके गांवों में पहुंचकर जानकारी एकत्र कर रही है।

पिछले चुनाव में हुए विवादों को देखें तो लोकसभा चुनाव 2014 में परिक्षेत्र के सभी पांच जिलों में से सबसे अधिक नौ मामले बिजनौर जिले में दर्ज हुए थे। इसमें 59 व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में परिक्षेत्र के रामपुर जिले में सबसे अधिक 25 मामले दर्ज हुए थे। लेकिन, इसमें नामजद केवल 17 अभियुक्त बनाए गए थे जबकि, अन्य अभियुक्त अज्ञात में थे।

डीआईजी मुनिराज जी ने बताया कि पूर्व के चुनाव में जो मामले दर्ज हुए हैं, उन प्रत्येक मामले और उससे जुड़े एक-एक व्यक्ति की गतिविधि के बारे में समीक्षा की जा रही है। यदि वही व्यक्ति दोबारा चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे तो पुलिस उनसे सख्ती के साथ निपटेगी।

**पूर्व के चुनाव में दर्ज हुए मामले व अभियुक्त**

विधानसभा चुनाव 2022

| जिला | दर्ज मामले | अभियुक्त |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | 16 | 140 |
| बिजनौर | 32 | 372 |
| रामपुर | 09 | 69 |
| अमरोहा | 16 | 96 |
| संभल | 19 | 113 |
| कुल मामले | 92 | 790 |

लोक सभा चुनाव 2019

| जिला | दर्ज मामले | अभियुक्त |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | 02 | 09 |
| बिजनौर | 05 | 20 |
| रामपुर | 25 | 17 |
| अमरोहा | 06 | 12 |
| संभल | 07 | 13 |
| कुल मामले | 45 | 71 |

लोक सभा चुनाव 2014

| जिला | दर्ज मामले | अभियुक्त |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | 07 | 22 |
| बिजनौर | 09 | 59 |
| रामपुर | 04 | 05 |
| अमरोहा | 03 | 19 |
| संभल | 04 | 14 |
| कुल मामले | 27 | 119 |

**तैयारी**

- पहले के चुनाव में आरोपित एक-एक व्यक्ति की पुलिस जांच रही है वर्तमान गतिविधि
- पिछले लोकसभा चुनावों में सबसे अधिक रामपुर में दर्ज किए गए थे मामले

### तारों व पेड़ों को पहले हटाया जाएगा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सेतु निगम के पीडी शशिकांत ने बताया कि जल्द ही ओवरब्रिज बनने के स्थान के इर्द-गिर्द विद्युत तार हटाने और पेड़ों को काटने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। इस कार्य में समय लगेगा। इसके बाद कार्यदायी संस्था रोड डायवर्जन का रोड मैप तैयार करेगी। जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से रूट डायवर्जन कराया जाएगा। जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। पुल को तैयार करने के लिए शासन ने 18 माह की अवधि निर्धारित की है। निर्माण करते समय कार्यदायी संस्था को एक सर्विस रोड देना होगा। जिससे यातायात व्यवस्था बनी रहे।



**होली आई रे :** सोमवार को साहू रमेश गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं की अंतिम परीक्षा थी। उन्हें मालूम है कि अब होली के बाद ही स्कूल खुलेंगे। इसी के चलते सभी ने परीक्षा के बाद होली मनाई। छात्राओं के चेहरे पर परीक्षा खत्म होने व होली की खुशी अलग ही झलक रही थी। ● अमृत विचार

**तैयारी** रेलवे और सेतु निगम मिलकर तैयार कर रहे डिजाइन, जल्द शुरू होगा काम, मिलेगी सहूलियत

# 102 करोड़ से संभल-चंदौसी मार्ग पर बनेगा ओवरब्रिज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रामपुर रोड से पंडित नगला बाईपास होते हुए संभल-चंदौसी जाने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है कि जल्द ही इस मार्ग पर ओवरब्रिज का निर्माण होने जा रहा है। जिसके बाद पंडित नगला बाईपास में पड़ने वाले रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। इस ओवरब्रिज के निर्माण पर 102 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जल्द ही रेलवे और सेतु निगम ओवर ब्रिज बनाने का काम शुरू करेंगे।

महानगर के रामपुर रोड से संभल-चंदौसी मार्ग को जोड़ने वाला मार्ग पंडित नगला बाईपास के बीच में एक रेलवे फाटक पड़ता है। रेलवे फाटक बंद होने से कई बार यहां जाम भी लग जाता है। जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिए केंद्रीय सड़क एवं बुनियादी ढांचा कोष (सीआरआईएफ) ने सेतु निगम को 100 करोड़ रुपये दिए थे। इस पुल की लंबाई 854 मीटर और चौड़ाई 7.50 मीटर होगी। रेलवे को पुल के लिए अपने हिस्से की डिजाइन तैयार करनी है। जबकि सेतु निगम ने अपना डिजाइन रेलवे को उपलब्ध करा दिया है। ओवरब्रिज का ठेका गाजियाबाद और दिल्ली की फर्म केकेआर और जेएसबी को संयुक्त रूप से मिला है। इस पुल पर एक अरब दो करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा। सेतु निगम के पीडी शशिकांत ने बताया कि जल्द ही ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



रनिंग रूम में निरीक्षण करते अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन राकेश कुमार।

### एडीआरएम ने किया रनिंग रूम का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन राकेश कुमार ने रोजा में रनिंग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। मंडल के मुख्यालय मुरादाबाद व रोजा में बने रनिंग रूम का रेलवे के अधिकारियों द्वारा तीन महीने में निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन राकेश कुमार ने सोमवार को रेलवे के अन्य अधिकारियों के साथ रोजा के रनिंग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रनिंग रूम का गहन निरीक्षण करते हुए रनिंग रूम भवन और वहां साफ-सफाई, स्टाफ के लिए तैयार किये जाने वाले खान-पान को देखा तथा गाड़ी संचालन के लिए विश्राम कर रहे गार्ड एवं लोको पायलट्स से काउंसलिंग करते हुए ट्रेन संचालन से पहले पूर्ण विश्राम लेने की सलाह दी। जिससे पूर्ण विश्राम उपरांत ही गाड़ी का पूर्ण संरक्षा एवं सुरक्षा के साथ संचालन किया जा सके। उन्होंने रनिंग रूम के अतिरिक्त पावर केबिन का भी निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मचारियों को संरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता सामान्य सचिन कुमार, मंडल संरक्षा अधिकारी एमके सिंह व मंडल विद्युत अभियंता परिचालन दिनेश कुमार शामिल रहे।

# पति, ससुर समेत तीन को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपियों में पत्नी के दो भाई और दो अज्ञात शामिल
- पत्नी के भाई पर लगाया चाकू से हमला करने का आरोप

**अमृत विचार :** पत्नी ने अपने भाइयों व दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पति, ससुर समेत तीन लोगों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने नागफनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें उसकी पत्नी रुकसार और दो साले साबिर व नासिर नामजद हैं, जबकि दो अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध अज्ञात के तौर पर मामला दर्ज कराया है। ये सभी ठाकुरद्वारा के मीरपुर मोहनचक के रहने वाले हैं। मुजम्मिल ने बताया कि उनका मामला न्यायालय एसीजेएम-4 के आदेश पर थाना पुलिस ने दर्ज किया है।

उन्होंने बताया कि उनके साथ यह घटना सात फरवरी को दोपहर ढाई बजे के समय अकबर ब्रास फर्म के पास हुई थी। मुजम्मिल ठाकुरद्वारा में पीपलसाना के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने पिता व ताऊ के साथ बंगला गांव की तरफ जा रहे थे। जैसे ही अकबर ब्रास फार्म के पास पहुंचे कि उनकी पत्नी रुकसार व उसके दो भाई साबिर एवं नासिर और दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन लोगों को रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे, मना करने पर मारापीटा। आरोप है कि रुकसार के भाई साबिर ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें मुजम्मिल व इनके पिता बिंदु खां और ताऊ वजीर अहमद घायल हो गए थे। इन लोगों को जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया था। मुजम्मिल का कहना है कि घटना के दिन ही उन्होंने नागफनी थाने में पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन, पुलिस ने उनके मामले में कोई भी कार्रवाई ही नहीं की। जिस पर उन्होंने अगले दिन आठ फरवरी को घटना के तथ्यों को व्यक्त करते हुए प्रार्थना पत्र डाक से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजा था। लेकिन, पुलिस की तरफ से उनके मामले में कार्रवाई शून्य ही रही। जिस पर उन्होंने न्यायालय में अपनी गुहार लगाई थी। जिस पर अब उनके प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध नागफनी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उधर, नागफनी थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुजम्मिल के मामले में आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। अब इस मामले में आरोपी पक्ष को बुलाकर घटना की जानकारी कर कार्रवाई करेंगे।

# धर्म दर्शन

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है, जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है, जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।



## आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं, जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं, हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव, संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है, जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है, जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए, भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं, किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है, क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं, जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं, ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है, किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है, इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण, र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है, जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत, नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म, विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4) में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर, देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (तेऽसुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य, अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है, अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं, तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है, उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें, जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं, वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता, सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता, सर्वोत्पादक सविता, प्रजा के पालक-प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव, यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है, जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है, वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को, दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें, वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# आसपास-उत्तराखंड

## बनभूलपुरा थाना फूंकने वाला एक और गिरफ्तार

### हिंसा से जुड़े अब तक कुल 92 लोगों की हुई है गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थाना फूंकने में शामिल एक और शातिर सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। हिंसा से जुड़े कुल तीन लोगों की पुलिस ने गिरफ्तारी की है। इस मामले में अब तक 92 लोग सलाखों के पीछे पहुंचे हैं और आरोपियों की शिनाख्त अब भी जारी है।

बनभूलपुरा में भड़की हिंसा के बाद आरोपियों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। पहला मुकदमा बनभूलपुरा थाना, दूसरा मुखानी थाना और तीसरा नगर निगम की ओर से दर्ज कराया गया था। बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मुकदमे में अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद को भी आरोपी बनाया गया था। इन दोनों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। रविवार की देर रात हिंसा के मामले में पुलिस ने आजादनगर बनभूलपुरा निवासी जहीर, उत्तर उजाला बनभूलपुरा निवासी मो. शाकिर और लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा निवासी दानिश खान को गिरफ्तार किया है। सोमवार की सुबह तीनों आरोपियों का पुलिस ने बेस अस्पताल में मेडिकल कराया। सभी को सेशन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### मोईद की रिमांड नहीं, फिर कोशिश करेगी पुलिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक दोबारा जेल पहुंच चुका है। जिसके बाद पुलिस ने अब्दुल मोईद की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई, लेकिन न्यायालय ने रिमांड देने से इंकार कर दिया। पुलिस मोईद की रिमांड को जरूरी मान रही है और रिमांड के लिए पुलिस दोबारा कोशिश करेगी। बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हिंसा भड़की थी और इसकी शुरुआत मलिक का बगीचा में उस जमीन से हुई, जिस पर अब्दुल मलिक अपना दावा कर रहा था। पुलिस अब्दुल मलिक को हिंसा का मास्टर माइंड मान रही है। 23 फरवरी को मलिक की दिल्ली से गिरफ्तारी हुई, जिसके बाद उसे कोर्ट की संस्तुति के बाद रिमांड पर लिया गया। रिमांड खत्म होने के बाद मलिक दोबारा नैनीताल जेल पहुंच चुका है। रिमांड के दौरान मलिक से करीब दो सौ सवाल पूछे गए। इस बीच अब्दुल मोईद की भी गिरफ्तारी हो गई। सूत्रों का कहना है कि मलिक से पूछे गए सवालों को वेरीफाई करने के लिए पुलिस ने न्यायालय से मोईद के रिमांड की डिमांड की, लेकिन कोर्ट ने रिमांड देने से इंकार कर दिया।

## दहेज में गाड़ी और 20 लाख नहीं मिलने पर पहाड़ी से धक्का दिया

**काशीपुर, अमृत विचार :** दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी व 20 लाख नहीं लाने पर पत्नी को पति ने घर से निकाल दिया।

सरवर खेड़ा निवासी महिला ने थाना कुंडा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2022 को मोहल्ला बाड़वान कस्बा व थाना धामपुर, बिजनौर निवासी राहुल कुमार चौहान के साथ हुआ था। विवाह में उसके परिजनों से अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद उसका पति दहेज में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी व बीस लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि जिसको लेकर पति व ससुराली उसके साथ मारपीट करने लगे और उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि इस बीच उसका पति अपने नौकरी वाले स्थान किश्तवाड़ ले गया, जहां उसके एक पहाड़ी से उसको धक्का दे दिया, जिसमें वह घायल हो गई। जिसका उपचार भी आरोपी पति ने नहीं कराया।

## बीएड और एमएड की परीक्षा 5 अप्रैल से होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड और एमएड की वार्षिक परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 5 अप्रैल से द्वितीय पाली में सुबह 11 से 2 बजे के बीच होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 5 से 27 अप्रैल तक, बीएलएड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 8 से 22 अप्रैल, एमएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की 5 से 22 अप्रैल, बीपीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की 8 से 26 अप्रैल तक होंगी। अब लगभग सभी वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी हो गया है। स्नातक की 19 मार्च से 24 मई तक तीन पालियों में, परास्नातक की 10 से 27 अप्रैल तक सुबह की पाली में और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 से 18 अप्रैल तक तीनों पालियों में परीक्षा होगी।

### विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की आज अंतिम तिथि

स्नातक, परास्नातक, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च है। अभी भी कुछ छात्र फार्म भरने से रह गए हैं, जिसकी वजह से अभी एक बार और तिथि बढ़ाई जा सकती है।

### 15 से 20 मार्च के बीच हो सकती पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 15 से 20 मार्च तक हो सकती है। विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय की वेबसाइट पर परीक्षा के प्रस्तावित तिथि का लिंक दिया गया है। जल्द ही इस संबंध में निर्देश जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए पिछले साल 30 अक्टूबर तक फार्म भरवाए गए थे। करीब तीन हजार आवेदन आए थे लेकिन किन्हीं कारणों से परीक्षा नहीं हो सकी थी।

## डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपियों की तलाश में पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस

**काशीपुर, अमृत विचार :** डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के दो आरोपियों की तलाश में मध्य प्रदेश पुलिस काशीपुर पहुंची। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी फरार हो गया है। गिरफ्तार आरोपी को मध्य प्रदेश पुलिस अपने साथ ले गई है।

सोमवार को मध्यप्रदेश पुलिस ने काशीपुर कोतवाली में अपनी आमद दर्ज कराई और मध्यप्रदेश के इंदौर में हुई करीब 1.7 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के दो आरोपियों की लोकेशन काशीपुर में बताई, जिसके मध्य प्रदेश पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ दोनों का पता कर उनके घर पर छापा मारा, जहां पुलिस ने नई बस्ती विजयनगर निवासी यासीन खान को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक अन्य आरोपी सब्जी मंडी निवासी आदिल फरार हो गया। गिरफ्तार यासीन को पुलिस अपने साथ मध्यप्रदेश ले गई।


### नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम Ashish Kumar से बदलकर Ashish John S/o Shri Johnson Singh रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। निवासी मकान संख्या 71, गली No. 2, आजाद नगर, निकट रेलवे हरथला कालोनी मुरादाबाद, (उ.प्र.)

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम मनोज कुमार से बदलकर मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र रामसेवक सरन, नि. मौ. साहूकारा, तह. बिलासपुर (रामपुर) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं।

### सम्बन्ध-विच्छेद

हमारा भाई आसिफ बुरी संगत में पड़ गया है उसकी बुरी संगत और गलत व्यवहार के कारण हमने संबंध विच्छेद कर लिया है उसके किसी भी प्रकार के कुकृत्यों से हमारा कोई लेना देना नहीं है वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मोहम्मद राशिद, मोहम्मद तहसीन, मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद सलमान, पुत्रगण यासीन निवासी ग्राम आजमपुर थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।

### सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपने पुत्र विजयपाल व उसकी पत्नी पूजा मौर्य के द्वारा मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण संबंध विच्छेद कर लिया है एवं अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए समस्त कृत्यो के ये लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।
सूरजपाल पुत्र परमेश्वरी निवासी ग्राम ओसी तहसील व थाना शाहाबाद जिला रामपुर।


## तहेरे भाई-बहन पति-पत्नी बनने पर अड़े, चर्चाएं तेज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव के भाई बहन तीन दिन पूर्व घर से फरार हो गये। युवती की पिता की शिकायत पर दोनों को पुलिस व बरामद कर कोतवाली ले आई लेकिन, युवती ने अपने तहेरे भाई के साथ शादी करने के लिए अड़ी रही।

वहीं, भाई ने बहन को अपनी पत्नी बनाना स्वीकार कर लिया। परिजनों व रिश्तेदारों ने दोनों को समझने का प्रयास किया लेकिन, दोनों नहीं माने। इस मामले में पुलिस ने भी हाथ खड़े कर दिए। पुलिस ने दोनों को बालिग बताते हुए कार्रवाई से इनकार कर दिया। युवक पर युवती ने साफ कह दिया कि वह एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते। दोनों ने रिश्तों को शर्मशार करते हुए उनके रिश्ते को भी कलंकित कर दिया। दोनों के सिर पर इश्क का भूत सवार था। बाद में दोनों कहीं चले गए, जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाओं होती रहीं।

**लगा दाग** बहन के साथ फायर ब्रिगेड के जवान को फंसाकर लाखों ऐंठने का आरोप

## पुलिस की वर्दी में एक और ब्लैकमेलर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ नवाबगंज में तैनात जवान के पिता की शिकायत पर इंस्पेक्टर नवाबगंज को जांच

**अमृत विचार :** पुलिस की वर्दी पर एक के बाद एक दाग लग रहे हैं। अब शाहजहांपुर के तिलहर सर्किल में तैनात महिला सिपाही और उसकी बहन पर फायर ब्रिगेड के एक जवान को फंसाकर ब्लैकमेल करने और लाखों रुपये ऐंठ लेने का आरोप लगा है। जवान के पिता की शिकायत पर एसएसपी ने इंस्पेक्टर नवाबगंज को जांच का आदेश दिया है।

स्योहारा (बिजनौर) के गांव मुंडा खेड़ी में रहने वाले नृपेंद्र सिंह की ओर से दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक उनका बेटा विनीत कुमार फायर ब्रिगेड में सिपाही है और नवाबगंज में तैनात है। आरोपी महिला सिपाही ने विनीत से जान-पहचान के बाद उसे अपनी बहन से यह झूठ बोलकर मिलवाया था कि वह भी पुलिस में है। इस मुलाकात में महिला सिपाही की बहन ने भी वर्दी पहन रखी थी। नृपेंद्र सिंह के मुताबिक दोनों बहनों ने उनके बेटे को धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। अब तक वे चार लाख रुपये ऐंठ चुकी हैं और अब आठ लाख और मांग रही हैं।

नृपेंद्र सिंह ने एसएसपी को बताया कि विनीत के और रकम देने से इन्कार करने पर थाना नवाबगंज में उसके खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इससे उनका बेटा अवसाद में चला गया। दोनों बहनें मेरठ की रहने वाली हैं। नृपेंद्र की शिकायत पर एसएसपी ने इंस्पेक्टर नवाबगंज को जांच का निर्देश दिया है। बता दें कि महिला सिपाही की बहन की ओर से करीब सप्ताह भर पहले एसएसपी के आदेश पर थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप था कि विनीत ने शादी का वादा कर उससे दो साल तक दुष्कर्म किया और फिर वादे से मुकर गया।

### एसएसपी को कई साक्ष्य भी सौंपे

पुलिस में न होने के बावजूद वर्दी पहनकर विनीत को धोखा दिए जाने के साक्ष्य भी नृपेंद्र सिंह ने एसएसपी को सौंपे हैं। इनमें महिला सिपाही की बहन के वर्दी पहनकर वीडियो कॉल करने के स्क्रीन शॉट है, इसके अलावा महिला सिपाही और उसकी बहन को यूपीआई के जरिए भेजी गई रकम का भी ब्योरा है। उधर, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से विनीत अवकाश पर है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है।

## दूल्हे समेत साथियों से मारपीट, घराती-बरातियों ने आरोपियों को धुना

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** गांव में बरात लेकर पहुंचे दूल्हे व उसके साथियों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। सूचना पर गांव में हंगामा हो गया। मौके पर पहुंचे घराती एवं बरातियों ने आरोपियों को जमकर धुना। बाद में सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात में बरात आई थी। बरात पहले पहुंच चुकी थी। उसके बाद जैसे ही दूल्हे की कार अपने साथियों के साथ गांव में पहुंची तभी कुछ लोगों ने कार रोक ली व दूल्हे व उसके साथियों के साथ मारपीट कर दी। जैसे ही इसकी सूचना घरातियों व बरातियों को लगी उन्होंने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को जमकर धुन डाला। वहीं हंगामा बढ़ने पर घरातियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घरातियों ने बताया कि गांव के ही कुछ उपद्रवी लोग हैं। जिन्होंने मेहमानों से अभद्रता की है। पुलिसे के आने से पहले की आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि गांव में बरात आने पर हंगामा की सूचना मिली है। जिसके लिए पुलिस को भेजा गया है।

## मन्दिर के पुजारी का सामान चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बैजनाथपुर स्थित शिव मंदिर के पुजारी योगी परमानाथ ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह तीन मार्च को रेहटामाफी गये थे। शाम वापस मंदिर लौटे तो एक डेग, 20,000 रुपये नगद, एक चांदी का सिक्का चोरी मिला। उन्होंने तहरीर देकर पुलिस से प्राथमिकी कर्ज कर चोरी के खुलासा की मांग की है।


### कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुलशन अब्बास 2. अनीस रजा-उपाध्यक्ष 3. चमन रजा जैदी-सचिव 4. नदीम हुसैन -सचिव 5. सेयद साफी अकबर जैदी - कोषाध्यक्ष 6. रशीद हुसैन-सदस्य 7. सेयद इकलीम रजा- सदस्य 8. मौ अब्बास - सदस्य 9. मौ मेहंदी - सदस्य 10. सेयद अली 11. सेयद साइम रजा- सदस्य 12. खुर्शीद अनवर - सदस्य 13. सेयद शरीफ तनजीम - सदस्य 14. शोएब नबी- सदस्य 15. अलिकम्बर सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद को प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

## गेहूं खरीद नीति 24-25 को मंजूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान होगा। यह सरकारी खरीद 6500 खरीद केंद्रों के जरिए की जाएगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से सरकार ने गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी है। नीति के मुताबिक कुल आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। ये एजेंसियां हैं-खाद्य विभाग की विपणन शाखा, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीपीसीयू), उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड), भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय खाद्य निगम।

### पिछले लोस चुनाव में राहुल गांधी के चौकीदार चोर है के जवाब में इंटरनेट मीडिया पर शुरू हुआ था मैं भी चौकीदार

# मैदान-ए-जंग में चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मोदी का परिवार बनने की होड़ सी मच गई है।

पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से चौकीदार चोर है के हमले से ऐसा ही एक हथियार मैं भी चौकीदार से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए मोदी का परिवार बनने का अभियान चलाकर



बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया है। इसी माह कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रैलियों की शुरुआत हो चुकी है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह बस राम मंदिर पर डींगें ही हांकते रहते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया। मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए उनके परिवार को लेकर किए गए हमले को हथियार बनाते हुए भाजपा के चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। यह सब कुछ वैसा ही है जैसा 5 साल पहले 'मैं भी चौकीदार' का अभियान चलाया गया था। मोदी के इस बयान के बाद एक्स पर भाजपा ने नए अभियान का आगाज कर दिया। अभियान का नाम दिया गया मोदी का परिवार। फिर क्या था भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में होगी 10 रैली

**लखनऊ।** भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप दिया है। इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो भी करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 रैली कराने की योजना बनी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन सीटों पर उनकी सभाएं होंगीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

### नड्डा, शाह व योगी ने बदला बॉयो, जोड़ा मोदी का परिवार

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर आदि समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम नेताओं ने एक्स पर अपना बॉयो बदल कर नाम के आगे मोदी का परिवार लिख दिया।

## एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **छत्तीसगढ़ व असम की परीक्षाओं में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को बनाते थे फर्जी दस्तावेज**

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे।

पकड़े गए तरूण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो फर्जी कागजात बनाते है। छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवको को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रूपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रूपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

# तंबाकू कारोबारी के यहां 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

### 7 करोड़ नकद और 200 करोड़ संपत्ति के कागजात जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बंशीधर तंबाकू समूह के देश भर में ठिकानों पर पड़े छापे**
- **12 करोड़ की घड़ियां व 60 करोड़ की कारें भी टीम ने बरामद की**

**अमृत विचार :** बड़े तंबाकू कारोबारी के आर्य नगर स्थित पुराने बंगले व प्रतिष्ठानों में चल रही आयकर विभाग की छापेमारी सोमवार को पांचवें दिन खत्म हो गई। देशव्यापी छापेमारी में 100 करोड़ से अधिक टैक्स चोरी पकड़ी गई है। आयकर टीम ने अलग-अलग ठिकानों से 12 करोड़ की घड़ियां, सात करोड़ की ज्वेलरी, 60 करोड़ की कारें और सात करोड़ नकदी जब्त की है। इसके अलावा 200 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के कागजात भी जब्त किए गए हैं। हालांकि अभी दिल्ली के वसंत बिहार स्थित बंगले के अलावा अहमदाबाद स्थित फैक्ट्री पर जांच जारी है।

दिल्ली और गुजरात में कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना व उनके बेटे शिवम के देशभर के प्रतिष्ठानों (बंशीधर तंबाकू समूह) में आयकर विभाग ने छापा मारा था। आयकर अधिकारियों के मुताबिक कारोबारी ने अधिकांश कालाधन संपत्ति में खपाया है।

कानपुर, दिल्ली, गुजरात व मुंबई में 20 से अधिक संपत्तियों के कागजात मिले हैं। आयकर टीम को कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा के नाम पर भी कई संपत्तियां मिली हैं, जिनकी कीमत 200 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। इन संपत्तियों को खरीदने में पैसा कहां से आया, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही नयागंज स्थित प्रतिष्ठान और आवास से बड़ी संख्या में कारोबार से जुड़ी फाइलें जब्त की गई हैं।

आयकर टीम को करीब 50 करोड़ रुपये के लेन-देन के कच्चे पर्चे भी बरामद हुए हैं। आयकर अधिकारियों के मुताबिक छह ऐसी कंपनियों के साक्ष्य मिले हैं, जिनका इस्तेमाल टैक्स चोरी और काली कमाई को खपाने में किया गया। अब तक करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। कारोबारी केके मिश्रा से जुड़े कई गुटखा कारोबारी भी रडार पर आ सकते हैं। कारोबारी केके मिश्रा ने हार्ट का सर्जरी का हवाला दिया है, जिस कारण टीम ने उनसे फिलहाल पूछताछ नहीं की है। टीम ने उनके बेटे शिवम मिश्रा से पूछताछ कर जानकारी हासिल की।

## बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के सुधार के लिए 42,968 करोड़ 55 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। केंद्र की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत यह रकम मांगी गई है।

- **42,968 करोड़ 55 लाख रुपये की वृहद कार्ययोजना तैयार**

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत शहरों में बिजली तारों को भूमिगत करने, नए बिजली उपकेंद्र बनाने, उपकेंद्रों व ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने व अन्य सुधार कार्य कराए जाएंगे। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पहले से 13500 करोड़ रुपये से कार्य कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 5000 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं।

## ओपन जेल व्यवस्था की योजना पेश करने का आदेश

लखनऊ, विधि संवाददाता

- **उपायों पर सभी जेल अधीक्षकों से भी हाईकोर्ट ने मांगी राय**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजस्थान व महाराष्ट्र के तर्ज पर प्रदेश में 'ओपन जेल' की व्यवस्था तथा इस प्रकार के अन्य सुधारात्मक उपायों को लागू करने के संबंध में योजना अथवा प्रस्ताव पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के सभी जेलों के जेल अधीक्षक अपना प्रस्ताव दे सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। हालांकि न्यायालय ने अब इस मामले को यूपी बनाम स्टेट ऑफ यूपी स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर टाइटिल देने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों के कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। न्यायालय ने अपने पूर्वे के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफता कैदी बंद हैं और इनमें पुरूष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव, गृह व महानिदेशक, कारागार को देने का निर्देश दिया है।

## सार-संक्षेप

### नहर में वैन गिरी, भाई व दो बहनों सहित 4 की मौत

**बुलंदशहर, एजेंसी :** जिले के जहांगीरपुर थाना इलाके में एक वैन के नहर में गिर जाने से दो बहनों और एक भाई सहित 4 लोगों की मौत हो गई। दो लोग अभी लापता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात बरसात काफी तेज हो रही थी और तभी यह सूचना मिली कि थाना जहांगीरपुर क्षेत्र में कपना नहर में एक वैन गिर गई है। एसएसपी ने बताया कि नहर के ठीक बगल में एक मंदिर का प्रांगण है, जिसमें बाढ़ पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) के कर्मी रुके हुए थे। आवाज सुनते ही उन्होंने तत्काल पांच लोगों को वहां से निकाला जिसमें से दो पूरी तरह सुरक्षित हैं और 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव निवासी कांता (22), मनीष (21) और अंजलि (18) के रूप में हुई है। बादमें एक और व्यक्ति का शव मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

### 12 करोड़ से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 1,16,388 युवाओं को प्लंबिंग, 116388 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,388 मोटर मैकेनिक, 116388 फिटर, 174582 राजमिस्त्री, 1,16,388 पम्प ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मंत्रिमंडल विस्तार आज संभव पांच नये मंत्री ले सकते हैं शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, आकाश सक्सेना, रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाना संभव**

**अमृत विचार :** प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को किए जाने की तैयारी है। समझा जा रहा है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोपहर 3 बजे आगरा से लखनऊ लौटने के बाद शाम लगभग पांच बजे राजभवन में कैबिनेट में शामिल होने जा रहे मंत्री शपथ ले सकते हैं।

इसके लिए राजभवन स्टाफ तैयार है लेकिन आयोजन राज्यपाल के लखनऊ पहुंचने के बाद ही फाइनल किया जाएगा। पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार मंत्री बन सकते है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उप्र. की भाजपा सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा। दरअसल, दूसरे विस्तार के बाद योगी के मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में आठ मंत्रियों की जगह खाली है। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा सपा नेता आजम खान से कानूनी लड़ाई लड़ने वाले रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है।जयंत चौधरी की पार्टी रालोद से भी दो मंत्री बनाए जा रहे हैं। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्रीय और जातिगत गणित का भी ध्यान रखकर नये मंत्रियों को जोड़ा जा रहा है। राज भवन में इसकी तैयारियां चल रहीं हैं।

## संतरी व कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही



**लखनऊ, अमृत विचार :** थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। अपर पुलिस महनिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

## डेढ़ लाख परीक्षक जांचेंगे तीन करोड़ उत्तरपुस्तिकाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन प्रदेश के 260 केंद्रों पर होगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। इन सभी केंद्रों पर करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन करेंगे। परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के भीतर करेंगे।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है। बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं। बोर्ड ने इसी बीच मूल्यांकन का कार्यक्रम भी तय कर दिया है। जिलेवार मूल्यांकन



केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं।

बोर्ड ने कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

## वर्ग पहेली-362

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्षणता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | | |
| | | 5 | | | |
| 6 | | | | | |
| | | | | 7 | |

### वर्ग पहेली - 361 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | | | ता | | ग |
| दे | | 4 यु | व | ती | |
| 5 व | शी | | ला | | 6 का |
| वा | | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | | टि |
| | | ठा | | 9 रैं | क |

## सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 5 |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 5 | | 4 | | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

### सुडोकू - 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08.04 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृष** — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

**मिथुन** — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

**कर्क** — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

**सिंह** — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

**कन्या** — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

**तुला** — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

**धनु** — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मकर** — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

**मीन** — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
लोहा — सुबह : 11.34
परदेसी बाबू — रात : 08.00

Sony Max
पागलपंती — सुबह : 09.00
अफवाह — रात : 07.00

Sony Pix
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09.34
एक्वामैन — रात : 08.45

Zee Cinema
सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10.30
हैक्ड — शाम : 04.30

Colors Cineplex
परंपरा — सुबह : 10.58
बिल्लू — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो में सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे में तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टॉंगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### कर्ज की सुविधा के लिए डिजिटल मंच पेश

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को किसानों को पंजीकृत गोदामों में रखी उनकी उपज के बदले ऋण हासिल करने की सुविधा देने के लिए एक डिजिटल मंच पेश किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे किसान समुदाय की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी और खेती की ओर रुझान बढ़ेगा।

### अद्यतन आईटीआर 31 तक दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि जिन करदाताओं के मामले ई-सत्यापन योजना के तहत चिह्नित किए गए हैं, वे आकलन वर्ष 2021-22 के लिए अद्यतन आयकर रिटर्न 31 मार्च तक दाखिल कर सकते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2021-22 (वित्त वर्ष 2020-21) के लिए दाखिल कुछ आईटीआर में दर्ज वित्तीय लेनदेन की जानकारी और विभाग के पास उपलब्ध जानकारी के बीच अंतर है।

# मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

## रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी




वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'' मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

### चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीदः मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

# दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,600-48,800 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,350 |
| चांदी पक्की | 721 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,600 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

## अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

# बेहतर सेवाओं के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएं

- सीतारमण ने जीएसटी में खामियां दूर करने के लिए दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों से प्रणालीगत खामियां दूर करने और बेहतर करदाता सेवाएं देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां राज्य और केंद्रीय जीएसटी संरचनाओं के प्रवर्तन प्रमुखों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि व्यापक राष्ट्रीय हित में राज्यों के बीच निर्बाध समन्वय की जरूरत है। उन्होंने उभरती सर्वोत्तम गतिविधियों को साझा करने की भी वकालत की।

बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक-वित्त मंत्री ने सभी जीएसटी संरचनाओं से अपनी खामियों को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के साथ बेहतर करदाता सेवाएं प्रदान करने का भी आग्रह किया।" सीतारमण ने जीएसटी अधिकारियों से हितधारकों के साथ जुड़कर उनकी चिंताओं को समझने, कर अनुपालन बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं कुशल बनाने की दिशा में मिलकर काम करने के लिए भी कहा। उन्होंने केंद्र और राज्यों के जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों के बीच नियमित रूप से ऐसी बैठकें आयोजित करने और बाधाओं पर चर्चा करने, सफल रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिए इस मंच का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। इस बैठक में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने जीएसटी प्रणाली की सफलता सुनिश्चित करने में प्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

# मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर खत्म किए

## मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

### नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

## ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

# 50 लाख रुपये मुआवजे की याचिका पर अधिकारियों से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

**आवारा कुत्ते के हमले का मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले माह कुत्तों के एक झुंड का शिकार हुई डेढ़ वर्षीया बच्ची के पिता की 50 लाख रुपये के मुआवजे संबंधी याचिका पर सोमवार को अधिकारियों का रुख जानना चाहा। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि आवारा कुत्ते खतरा बनते जा रहे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के तुगलक लेन इलाके में धोबी घाट स्थित अपने घर के बाहर बैठी डेढ़ वर्षीय बच्ची पर चार-पांच कुत्तों ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के साथ-साथ दिल्ली सरकार तथा पुलिस को नोटिस जारी किए और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में उनसे स्थिति रिपोर्ट मांगी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अदालत ने कहा-समस्या यह है कि लोग वाहनों में आ रहे हैं और कुत्तों को खाना खिला रहे हैं। इसकी वजह से कुत्ते बहुत अधिक स्थानीय हो गए हैं और वे किसी पर भी हमला कर देते हैं। वे पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन रहे हैं।अदालत ने कहा-आवारा जानवरों को खाना खिलाना अच्छी बात हो सकती है, लेकिन खुद खाना ढूंढने की उनकी क्षमता आप छीन रहे हैं। उनके पास करने के लिए कुछ और नहीं है। याचिकाकर्ता राहुल कनौजिया के वकील ने कहा कि मौजूदा मामले में बच्चों के पार्क में कुत्तों को खाना खिलाया जा रहा है, जिससे बच्चों को खतरा है।

## जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

**एनएचएआई रिश्वत रैकेट**

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

## इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के दो आरोपी गोवा में गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया।

# टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

### गुजरातः कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

## कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

# कोर्ट ने की महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका खारिज

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। बाद में उन्होंने पक्षकारों की सूची से सभी मीडिया घरानों और सोशल मीडिया कंपनियों को हटा दिया था।

### ईडी पर हमलाः जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखालि में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी।

# सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट



पेरिस, एजेंसी

गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

# मंधाना-पैरी के पचासे के दम पर आरसीबी ने यूपी को रौंदा

## बेंगलुरु ने तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 193 रन, यूपी वारियर्स को 23 रन से दी मात



बेंगलुरू, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आरसीबी ने 3 विकेट पर 193 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरु चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे।

वारियर्स की शुरुआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मेडन डाला, लेकिन हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की। हीली ने तेज गेंदबाज सोफी डेवाइन को दूसरे ओवर में 2 छक्के जड़े और रेणुका के अगले ओवर में दोनों ने 24 रन निकाले। डेवाइन ने नवगिरे को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा और रनगति पर अंकुश लगाया। यूपी ने चामरी अटापट्टू (8), ग्रेस हैरिस (5) और श्वेता सहरावत (1) के विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने हीली को आउट करके यूपी की उम्मीदें खत्म कर दी। इससे पहले दो मैच हारने के बाद आरसीबी ने सोफी डेवाइन की जगह एस मेघना से पारी की शुहरुआत कराई। मेघना और मंधाना ने 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी। आरसीबी ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 57 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। मंधाना ने 28 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए आफ स्पिनर चामरी अटापट्टू और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी की धुनाई की।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

चिली ओपन

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

### कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवेन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 श्रृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

# मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

## रणजी ट्रॉफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत



मुंबई, एजेंसी

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजों ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस



हैदराबाद, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

### तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

# मैं कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी



नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुनने के बाद साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मांग बृजभूषण को हटाने और गिरफ्तार की थी। साक्षी ने 'मी टू' के प्रभाव पर पैनल चर्चा में कहा कि हम तरीके से इस प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

### कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ याचिका पर महासंघ से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को मामले में निर्देश के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

# अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट



बेंगलुरु, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे।



रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

### नई चीजें आजमाने से हिचकिचाते नहीं अश्विन



**नई दिल्ली।** अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। पुजारा ने लिखा कि अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को देखता रहता है, उसके लिए कोई जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। 500 टेस्ट विकेट लेने के बाद अब वह 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं।

## बॉलीवुड हलचल

# ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

### शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

# 'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

# चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है । फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

### अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

